ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 जून 2025
वर्ष 5, अंक 101, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु 14

ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता 12

## जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, एजेंसी




- मई माह में पिछले साल से 16.4 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी
- अप्रैल में पहुंचा था 2.37 लाख करोड़ के सर्वकालिक स्तर पर

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा। मई, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया। माह के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 20.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। डेलॉयट इंडिया के साझेदार एमएस मणि ने कहा कि राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है।

## सेना में वर्दी से बड़ा नहीं धर्म...बर्खास्त अफसर को राहत नहीं

### धार्मिक आधार पर परेड में भाग लेने से इन्कार करने वाले ईसाई सैन्य अधिकारी ने दायर की थी याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी




- कोर्ट ने खारिज की याचिका कहा- सेना में धर्म से पहले राष्ट्र
- सभी धर्मों का सम्मान सेना के समन्वित काम के लिए जरूरी

दिल्ली हाईकोर्ट ने साप्ताहिक रेजिमेंटल धार्मिक परेड में भाग लेने से लगातार इन्कार करने पर एक ईसाई सैन्य अधिकारी की सेवा समाप्त किए जाने के आदेश को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट ने यह कहते हुए सैन्य अधिकारी की याचिका खारिज कर दी कि सशस्त्र बल धार्मिक रूप से विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं लेकिन याचिकाकर्ता ने अपने धर्म को अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश से ऊपर रखा जबकि अवज्ञा करना सेना अधिनियम के तहत अपराध है।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने यह फैसला सुनाया। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट ने अपनी याचिका में तीन मार्च, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके तहत उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी के बिना भारतीय सेना से बर्खास्त कर दिया गया था। याचिका दायर करने वाले लेफ्टिनेंट ने एक स्क्वाड्रन के 'ट्रूप लीडर' के रूप में काम किया था। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का है। याचिकाकर्ता ने अपने वरिष्ठ के आदेश से ऊपर अपने धर्म को रखा है। यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता का कृत्य है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में प्रतिकूल परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करने वालों के समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि दिखने में एकरूपता तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सशस्त्र बल के सुसंगठित, अनुशासित तथा समन्वित कामकाज के लिए आवश्यक है। सशस्त्र बल धर्म से पहले राष्ट्र को रखते हैं।

### पादरी के समझाने पर भी नहीं माना

याचिकाकर्ता लेफ्टिनेंट ने दलील दी कि उनकी रेजिमेंट अपनी धार्मिक जरूरतों और परेड के लिए सिर्फ एक मंदिर और एक गुरुद्वारा रखे हुए है। उसने खुद को ईसाई धर्म का अनुयायी बताते हुए साप्ताहिक धार्मिक परेड और अन्य कार्यक्रमों के दौरान मंदिर के सबसे भीतरी भाग में जाने से छूट मांगी थी। सेना के अफसरों ने अदालत को बताया कि ईसाई अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट को समझाने के प्रयास किए, उसे एक स्थानीय चर्च के पादरी के पास भी ले जाया गया, जिन्होंने उसे समझाया कि अपने कर्तव्य के तौर पर सर्व धर्म स्थल में प्रवेश करना उसके ईसाई धर्म पर कोई असर नहीं डालेगा लेकिन इसके बावजूद वह अपने रुख पर अडिग रहा।

### एक नजर

**सरिस्का टाइगर रिजर्व में जन्मे चार बाघ शावक**

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे सरिस्का प्रशासन, वन्य जीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इनके साथ ही बाघों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। वहीं सरिस्का में शावकों की संख्या भी बढ़ गई है। एसटी 19, सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन बन गई है जिसने चार शावकों को जन्म दिया है।

**मान ने पश्चिमी वायु कमान में संभाला पदभार**

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। राष्ट्रपति के अति विशिष्ट सेवा पदक और वायु सेना पदक से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे।

**ऑनलाइन डेटिंग एप्स से लूट में तीन गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन डेटिंग एप्स के जरिए लोगों को फंसाकर कर लूटपाट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर में शनिवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# भारत पर जो हाथ डालेगा उसे कर देंगे पूरी तरह नष्ट : धनखड़

### उपराष्ट्रपति बोले-ऑपरेशन सिंदूर से सेना ने दुनिया को दिया यह संदेश

- आगरा में अहिल्याबाई स्मृति अभियान की संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी के साथ हुए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा



लोगों का अभिवादन करते उपराष्ट्रपति धनखड़ और सीएम योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत आतंकवाद को समाप्त करेगा, जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह नष्ट करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर से यह संदेश भारतीय सेना ने दुनिया को दे दिया है। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए आह्वान किया कि उनकी तरह हमलोग भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को आगरा के जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। कार्यक्रम में संयोजक केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. रामशंकरराव शिंदे आदि मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई की तरह योगी भी कर रहे कार्य

धनखड़ ने कहा कि जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। विधि की रचना की तरह अहिल्याबाई की सोच योगी आदित्यनाथ में भी आ गई है। आज यूपी का मतलब सुशासन व कानून का राज है।

### अहिल्याबाई ने कराया मंदिरों का पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब अहिल्याबाई ने इनके पुनरुद्धार का कार्य किया। कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बदलावों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे।

# यूसीसी की गंगोत्री से पूरे देश को मिलेगा लाभ: मुख्यमंत्री

### धामी ने किया हरिद्वार में वात्सल्य गंगा आश्रय का लोकार्पण

मुख्य संवाददाता, देहरादून



हरिद्वार में लोकार्पण समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिद्वार में वात्सल्य गंगा आश्रय का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से उत्तराखंड में अनेक प्रकार के विकास कार्य हो रहे हैं, जिसमें समान नागरिक संहिता (यूसीसी) प्रमुख है। देवभूमि उत्तराखंड से जैसे मां गंगा निकलकर पूरे देश को जल और जीवन देने का काम करती हैं, उसी प्रकार यूसीसी की यह गंगोत्री उत्तराखंड से निकली है और आने वाले समय में पूरे देश को इसका लाभ मिलने वाला है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में धार्मिक पुनरुत्थान का महापर्व चल रहा है। उत्तराखंड में भव्य-दिव्य केदार का निर्माण हुआ है। हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और शारदा कोरिडोर का कार्य किया जा रहा हैं। अभी चारधाम यात्रा चल रही है। इस वर्ष अभी तक करीब 18 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। दिल्ली-देहरादून एलीवेटेड रोड का निर्माण पूरा होते ही यह दूरी लगभग दो से ढाई घंटे में पूरी हो जाएगी।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए उत्तराखंड सरकार कृत संकल्पित है। प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी विकृत मानसिकताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। देवभूमि का मूल अस्तित्व बचा रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, साध्वी ऋतम्भरा के नेतृत्व में निराश्रित बेटियों को नवजीवन देने का दिव्य कार्य समाज में आशा, करुणा और पुनर्निर्माण का सशक्त प्रतीक है। उनके संकल्प से अनेक बेटियों का जीवन सकारात्मक दिशा में परिवर्तित हुआ है। यह वास्तव में समाजसेवा की प्रेरणादायी मिसाल है।

### दिल्ली के लिए भी प्रेरणादायक देवभूमि : रेखा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं, यह दिल्ली के लिए प्रेरणा है। उत्तराखंड देवभूमि है और मुख्यमंत्री धामी पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। जो भी अच्छी योजनाएं मुख्यमंत्री धामी लाएंगे, वह दिल्ली में भी जाएंगी। मां गंगा का आशीर्वाद मिले ताकि यमुनाजी को भी हम अविरल और स्वच्छ बना सकें। इस दौरान परमानन्द गिरी महाराज, आचार्य बालकृष्ण सहित संत महात्मा व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डांटना आत्महत्या को उकसाना नहीं

### उच्चतम न्यायालय ने स्कूल छात्रावास के प्रभारी को किया बरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली।

न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं। जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी बड़ी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं। आरोपी व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी।

## सड़क हादसे में लोनिवि के दो अधिकारियों समेत 3 की मौत

**हल्द्वानी।** अलग-अलग सड़क हादसों में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और अपर सहायक अभियंता समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हल्द्वानी निवासी श्रवण कुमार लोनिवि में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी थे। वह बाइक से रानीखेत से हल्द्वानी जा रहे थे।

बरेली रोड पर बाइक डिवाइडर से टकरा गई और उनकी मौत हो गई। वहीं, रानीखेत निवासी खजान रावत लोनिवि में अपर सहायक अभियंता थे। वह तीन कर्मियों व परिवार संग देहरादून से हल्द्वानी लौट रहे थे। बरहेनी में उनकी कार पेड़ से टकरा गई, जिसमें उनकी मौत हो गई। वहीं, किला छावनी बरेली उत्तर प्रदेश निवासी प्रभात कुमार शनिवार को दोस्त के साथ हल्द्वानी आया था। देर रात उत्तराखंड मुक्त विवि के पास नहर में उनकी बाइक गिर गई। हादसे में प्रभात की मौत हो गई।

(विस्तृत पेज-3)

## गुटखों के प्लास्टिक पैक पर एनजीटी का केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्लास्टिक पाउच में गुटखा बिक्री रोकने के निर्देश का पालन नहीं

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के सख्त अनुपालन के संबंध में केंद्र से जवाब मांगा है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील की दलीलों पर गौर किया कि अक्टूबर 2021 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 25 ऐसे निर्माताओं को निर्देश जारी किए थे, जिनमें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने तक तुरंत परिचालन बंद करना शामिल था, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

पीठ ने 30 मई के अपने आदेश में कहा कि वकील अनुज अग्रवाल के अनुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। इनमें यह भी शामिल है कि प्लास्टिक से बने पाउच का उपयोग गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के भंडारण, पैकिंग या बिक्री के लिए नहीं किया जाएगा।

## वाणिज्यिक सिलेंडर 24 रुपये सस्ता हुआ

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, दिल्ली में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 प्रतिशत घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है।




- विमान ईंधन के दाम भी तीन प्रतिशत घटे

## भुजियाघाट में महिला को घर से खींच ले गया गुलदार

संवाददाता, नैनीताल

- शोर मचने पर छोड़कर भागा महिला की हुई मौत

**अमृत विचार :** मानव-वन्यजीव संघर्ष के मामले थम नहीं रहे हैं। भुजियाघाट में शनिवार देर रात गुलदार महिला को घर से ही खींच ले गया। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों ने घेराबंदी की तो गुलदार महिला को छोड़कर भाग गया। गंभीर हालत में महिला को एसटीएच लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा रेंज में भुजियाघाट गांव पड़ता है। रेंजर मुकुल शर्मा के अनुसार शनिवार रात करीब 10:30 बजे मोरा गांव निवासी पुष्पा देवी घर से बाहर निकली थीं। इसी बीच पहले से घात लगाए गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। गुलदार महिला को जबड़े में दाबकर जंगल की ओर भागने लगा। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोगों ने शोर मचाते हुए पीछा किया तो गुलदार महिला को छोड़कर भाग गया। देर रात महिला को हल्द्वानी में सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल लाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। रेंजर ने बताया कि गांव में पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है।

## गुजरात के कृषि मंत्री का बेटा गिरफ्तार

**दाहोद।** गुजरात के पंचायत और कृषि राज्य मंत्री बच्चुभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को मनरेगा से संबंधित मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया। उसे मनरेगा कार्यों से जुड़े एक अन्य मामले में कुछ दिन पहले ही जमानत मिली थी।

बलवंत और उसके भाई किरण खाबड़ को अप्रैल में उनके खिलाफ दर्ज पहली प्राथमिकी के मामले में 29 मई को जमानत दी गई थी। पुलिस उपाधीक्षक जगदीशसिंह भंडारी ने बताया कि बलवंत को रविवार को गिरफ्तार किया गया जब दाहोद 'बी' संभाग पुलिस ने शनिवार को उसके खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की।

# पर्यटकों के लिए खुली फूलों की घाटी, खिली नैसर्गिक छटा

### चमोली में बद्रीनाथ धाम के पास स्थित यह विश्व प्रसिद्ध घाटी जन्नत से कम नहीं



फूलों की घाटी में खिले रंग-बिरंगे फूल।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- अक्टूबर तक यहां खिलेंगे सैकड़ों प्रजातियों के फूल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के चमोली जिले में भगवान बद्रीनाथ धाम के पास स्थित फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान रविवार से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया।

नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क की रेंज अधिकारी चेतना कांडपाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय उद्यान के लिए घांघरिया से 83 पर्यटकों के पहले दल को परमिट जारी कर विधिवत अनुमति दी गई जिनमें से चार पर्यटकों ने ऑनलाइन और 79 पर्यटकों ने सामान्य तरीके से अनुमति ली थी। फूलों की घाटी के लिए गोविंदघाट कस्बे से पुष्पावती नदी के किनारे भ्यूंडार के रास्ते घांघरिया से जाया जाता है। हर साल देश-विदेश से हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। घाटी में विभिन्न प्रजातियों की वनस्पतियां और रंग-बिरंगे फूल उगते हैं जिनकी निराली छटा देखते ही बनती है।

वानस्पतिक विविधता को देखते हुए यूनेस्को ने वर्ष 2005 में इसे विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया था। पर्यटकों के लिए यह घाटी हर साल जून में खुलती है जो अक्टूबर में हिमपात शुरू होने के बाद बंद कर दी जाती है। मानसून आगमन के करीब घाटी में फूलों की बहार आने लगती है जो सितंबर तक चरम पर होती है। इस दौरान यहां ब्रह्म कमल, ब्लू पॉपी, कोबरा लिली जैसे सैकड़ों प्रजातियों के फूल खिलते हैं, जिससे पूरी घाटी एक रंगीन कालीन के रूप में नजर आने लगती है।

### यहां पहुंचना एक रोमांचक अनुभव

प्रकृति प्रेमियों और ट्रैकर्स के लिए यह घाटी किसी जन्नत से कम नहीं है, जहां उन्हें हजारों प्रकार के रंग-बिरंगे फूल एक साथ देखने को मिलते हैं। फूलों की घाटी तक पहुंचना अपने आप में एक रोमांचक अनुभव है। गोविंदघाट से लगभग 13 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई करके बेस कैंप घांघरिया तक पहुंचते हैं और फिर घांघरिया से फूलों की घाटी का प्रवेश द्वार लगभग 3 किलोमीटर दूर है। घाटी के अंदर केवल दिन के समय ही रहने की अनुमति होती है और सूर्यास्त से पहले वापस आना होता है। इस घाटी के खुलने से स्थानीय पर्यटन व्यवसाय को भी नई ऊर्जा मिलती है।

## राजभवन में 20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का समापन, विजेताओं को राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया पुरस्कृत

# गोल्फर समर्थ ओवरऑल चैंपियन, नुसरत उपविजेता

संवाददाता, नैनीताल


20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के समापन अवसर पर विजयी प्रतिभागियों के साथ राज्यपाल गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजभवन गोल्फ क्लब में तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2025 रविवार को सम्पन्न हो गया। टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। राजभवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब गुरमीत सिंह ने टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया।

टूर्नामेंट के ओवरऑल विजेता/चैंपियन समर्थ जैन (आगरा, उत्तर प्रदेश) तो उपविजेता नुसरत अब्बासी (गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) घोषित हुए। बेस्ट नेट विजेता सुधीर सिंह और उपविजेता कर्नल संजीव पंत, सुपर वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में कर्नल एससी गुप्ता विजेता व एसके सूरी उपविजेता, महिला कैटेगरी में डॉ. सृष्टि धौन विजेता और शरण्या साह उपविजेता जबकि वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में जफर इकबाल विजेता और नरोत्तम दास उपविजेता रहे। मास्टर भव्य रतन को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में 15-17 आयु वर्ग में अमायरा बजाज विजेता और ऐमीर उस्मानी उपविजेता रहे। (12-14) आयु वर्ग में समृद्ध चंद ठाकुर विजेता और मेधांश बिष्ट उपविजेता रहे। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में रूशांक प्रताप सिंह सिजवाली विजेता और मो. माज मंसूर उपविजेता रहे। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स में खेलने का अनुभव सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और अतिथि परंपरा से जुड़ने का अवसर भी है। देश के विभिन्न भागों से आए गोल्फ खिलाड़ी और उनके परिजन देवभूमि की सुंदरता और मेहमाननवाजी को साथ लेकर जाएंगे। राज्यपाल ने महिला खिलाड़ियों और युवाओं की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, परिसहाय राज्यपाल अमित श्रीवास्तव, सुमित शादिजा, गोल्फ कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, सदस्य डॉ. सचिन चमोली, वेद प्रकाश मुहार, जीएम आईओसीएल एस.ए. निमकर मौजूद रहे।



# केदारनाथ यात्रा: नए कीर्तिमान बने, 200 करोड़ का कारोबार

- 7 लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके हैं अभी तक बाबा के दर्शन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** श्री केदारनाथ धाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जहां बाबा केदार के दर्शन को देश-विदेश से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा नए रिकॉर्ड कायम कर रहा है।

वहीं, स्थानीय लोगों के रोजगार को भी बढ़ती हुई यात्रा से लगातार लाभ मिल रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं से सरकार को भी भारी राजस्व प्राप्त हो रहा है।

बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है और इसी एक महीने में सरकारी सुविधाओं से लेकर स्थानीय व्यापारियों ने दो अरब से अधिक का कारोबार कर लिया है। वहीं, जून का महीना शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा भी होने लगा है, जिसका स्थानीय व्यापारियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को पूरा लाभ मिलेगा।

वर्ष 2025 की यात्रा के लिए 2 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल गए थे। बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है। रविवार 1 जून को बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 7 लाख पार हो चुकी है। पिछले एक महीने का औसत निकला जाए तो प्रतिदिन 24 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शनों को केदारपुरी पहुंचे हैं और यह संख्या और सिलसिला रोजाना बढ़ता ही जा रहा है।

### घोड़ा-खच्चर संचालन से 40.5 करोड़ रुपये की आय

श्री केदारनाथ धाम यात्रा देश की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक है। करीब 20 किलोमीटर का कठिन पैदल मार्ग पार करने के बाद हिमालय पर्वत की गोद में बसे 11 वें ज्योतिलिंग के दर्शन हो पाते हैं। इस कठिन पैदल धार्मिक यात्रा में घोड़ा-खच्चरों का बेहद अहम योगदान होता है। असमर्थ एवं बुजुर्ग भक्त अक्सर इन्हीं के माध्यम से यात्रा करते हैं। वहीं, खाद्य पदार्थ से लेकर अन्य अनिवार्य सामग्री इन्हीं घोड़े खच्चरों से यात्रा मार्ग एवं केदारपुरी में पहुंचाई जाती है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि 31 मई तक 1,39,444 तीर्थ यात्री घोड़े खच्चरों के माध्यम से दर्शनों को पहुंचे हैं जिसके माध्यम से 40 करोड़ 50 लाख से अधिक की आय प्राप्त हुई है। बताया कि इस वर्ष संक्रामक बीमारी इक्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस के चलते कुछ दिन घोड़ा खच्चर संचालन प्रभावित भी रहा।

### यहां इतना हुआ कारोबार

इसके अलावा, हेली सेवाओं ने 35 करोड़ रुपयों का कारोबार किया तो डंडी-कंडी से एक करोड़ से अधिक की आय हुई है। वहीं, टैक्सी संचालन से करीब 7 करोड़ रुपए अर्जित किए गए हैं। इसके अलावा, होटल प्रतिष्ठानों ने 100 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।



श्री केदारनाथ धाम यात्रा उत्तराखंड की आस्था और संस्कृति की धुरी बन चुकी है। सरकार का लक्ष्य केवल तीर्थयात्रियों को सुविधाएं देना नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। हम प्रयासरत हैं कि यात्रा सुरक्षित, सुगम और समृद्ध बनाने की दिशा में हर संभव कदम उठाएं। **-पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

# झीलों को हर साल मिलेगी नई सांस राज्य सरकार ने भी बढ़ा दिए हैं हाथ

## हर साल जिलों की झीलों को मिलेगा जीवनदान, स्थायी संजीवनी योजना लागू की गई

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** नैनीताल जिले में पर्यटन कारोबार के आधार नैनी झील समेत अन्य झीलों के संरक्षण को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई है। तीन वर्ष पूर्व शासन की ओर से बंद कर दिए गए नैनी झील व इससे जुड़े नालों के रखरखाव मद को अब दोबारा शुरू कर दिया गया है। शासन ने इस बार इस योजना में जिले की भीमताल, सात-ताल, नौकुचियाताल व नलदमयंती ताल को भी शामिल किया है। अब हर वर्ष इन झीलों के रखरखाव और संरक्षण को लेकर बजट दिया जाएगा। इस वर्ष सिंचाई विभाग ने करीब 11 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

बता दें कि शुरुआत से ही सरकार नैनी झील के संरक्षण को लेकर गंभीर रही है। यही कारण है कि शासन की ओर से नैनी झील और इससे जुड़े नालों के रखरखाव के लिए बजट उपलब्ध कराने के लिए अलग से मद बनाया गया था। इसके तहत हर वर्ष लोक निर्माण विभाग को एक से डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि को नालों की साफ सफाई, झील की दीवारों की मरम्मत समेत अन्य कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाता था। वर्ष 2017 में झील के रखरखाव की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग को मिली तो पूर्व की तरह ही बजट भी मिलने लगा। 2022 में इस मद को बंद कर दिया। इससे झील व नालों के रखरखाव का संकट खड़ा हो गया।

### इन झीलों को भी किया शामिल

2022 तक सरकार की ओर से सिर्फ नैनी झील के संरक्षण को लेकर ही बजट उपलब्ध कराया जाता था। भीमताल, नौकुचियाताल और सातताल झील के लिए सिंचाई विभाग किसी तरह बजट की व्यवस्था कर रखरखाव करता था। अन्य मदों से बजट कटौती करने पर इसका असर सिंचाई नहरों समेत अन्य निर्माण कार्यों पर पड़ता था। नौकुचियाताल में लगे एरियेशन प्लांट के रखरखाव की जिम्मेदारी भी सिंचाई विभाग को मिलने के कारण चुनौती खड़ी हो गई। शासन की ओर से नैनी झील के साथ ही अन्य झीलों को बजट उपलब्ध कराने के आदेश से विभाग को राहत मिली है।

नैनी झील समेत जिले को अन्य झीलों के रखरखाव व संरक्षण के लिय शासन स्तर से बंद मद को दोबारा शुरू कर दिया गया है। विभाग की ओर से रखरखाव कार्यों के लिए 11 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसमें जल्द बजट उपलब्ध होने की उम्मीद है। **-विजेंद्र कुमार**, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग

## ईद से पहले खोला जाए स्लॉटर हाउस

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल के एकमात्र स्लॉटर हाउस को कुछ दिन पूर्व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सील कर दिया था, तब से अब तक मीट कारोबार आदि से जुड़े लोग नगर पालिका से इसे खुलवाने की मांग कर रहे हैं।

लोगों का कहना है कि ईद का त्योहार भी नजदीक है, ऐसे में मीट कारोबारी निराश हैं। जानकारी के मुताबिक, तल्लीताल स्थित स्लॉटर हाउस काफी पुराना है। वर्ष 2020 में यहां प्लांट लगने के बाद इसे फिर से संचालित किया गया था, लेकिन कुछ दिन पूर्व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निरीक्षण में यहां अनियमितताएं मिलने पर इसे बंद किया गया जिसके चलते लोगों को बाहर से मीट मंगाना पड़ रहा है। मो. इकबाल और मो. तैय्यब ने रविवार को कहा कि, स्लॉटर हाउस बंद होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने पालिका से स्लॉटर हाउस खुलवाने की मांग की है। वहीं, नगरपालिका ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि इस संबंध में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशक से बातचीत की गई है। ईद से पहले स्लॉटर हाउस खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

### विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया

**भवाली :** राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो केंद्र निगलाट भवाली ने बेतालघाट के अमेल में विकसित कृषि संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। पशु चिकित्सालय, कृषि विभाग, उद्यान विभाग ने विभिन्न योजनाओं के बारे में कृषकों को जानकारी दी। अमेल, चापड़ सेठी, धारकोट आदि ग्रामसभा के ग्रामीणों ने जानकारी ली। एनबीपीजीआर वैज्ञानिक डॉ. ममता आर्य ने कहा कि कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी मिले, इसके लिए कार्यक्रम किया गया है। इस दौरान अंजली अग्रवाल, डॉ. केएम राम, डॉ. लिलेंद्र जोशी, प्रेम गिरी व शेखर मौजूद रहे।


कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक व किसान। ● अमृत विचार

## बिजली की कटौती से जनता रही हलकान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गर्मी में चढ़ते पारे के बीच बिजली खपत में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। जिसके चलते शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में कटौती का दौर शुरू हो गया है। बिजली कटौती का ये आलम है कि नियमित रूप से एक से दो घंटे बिजली गुल रहती है। सबसे अधिक समय तक बिजली कटौती हीरानगर, रामपुर रोड और दमुवाढूंगा में हो रही है।

अप्रैल महीने में ही बिजली की खपत बढ़ जाती है। हल्द्वानी में औसतन तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जाता है, उस वक्त लोगों के बीच में बिजली की खपत सबसे अधिक रहती है। लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर और एयर कंडिशन का सबसे अधिक उपयोग करते हैं। जिससे बिजली की खपत भी बढ़ जाती है। ग्रामीण इलाकों में औसतन 2 से 3 घंटों तक बिजली कटौती चालू है। जिसके चलते बड़ी आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बिजली गुल होने के साथ ही पेयजल और व्यावसायिक गतिविधियां भी प्रभावित होती है।

बिजली की आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रहेगी। मांग बढ़ने पर बिजली को खरीदने के लिए शासन के संज्ञान में बात लाई जा चुकी है। वहीं मांग के अनरूप ही आपूर्ति भी दुरुस्त की जाएगी। **-प्रदीप कुमार, ईई शहरी बिजली**

# जलसंकट पर कंट्रोल रूम से मिली राहत

- चिंता छोड़िए, अब एक कॉल में मिल रहा समाधान
- कंट्रोल रूम नंबर 05946-220776 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कराएं



संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ शहर में जल संकट की समस्या भी लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही है।

ऐसे समय में जल संस्थान की ओर से शुरू की गई कंट्रोल रूम सेवा आम नागरिकों के लिए बड़ी मददगार साबित हो रही है। अब पानी से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए लोगों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। नागरिक सीधे कंट्रोल रूम नंबर 05946-220776 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं और जल संस्थान की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर समाधान कर रही है। आपको बता दें कि यह कंट्रोल रूम 1 अप्रैल से सक्रिय है और इसकी शुरुआत का मकसद पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटाना है। जल संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि अब तक 270 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिन शिकायतों का त्वरित समाधान कर दिया गया है। कंट्रोल रूम सेवा से खासतौर पर उन लोगों को राहत मिलेगी जो पानी की कमी, पाइप लाइन में लीकेज या गंदा पानी आने जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। स्थानीय संजय बिष्ट ने बताया, हमारे इलाके में पानी की लाइन में लीकेज थी। एक कॉल करने के कुछ ही घंटों में टीम पहुंची और मरम्मत कर दी गई।

### जल संस्थान ने की अपील

जल संस्थान के ईई आरस लोशाली ने शहरवासियों से अपील की है कि वे पानी की किसी भी समस्या को लेकर घबराएं नहीं। सीधे कंट्रोल रूम से संपर्क करें, जहां प्रशिक्षित स्टाफ शिकायतों को रिकॉर्ड कर संबंधित विभाग को सूचित करता है। अधिकारियों का कहना है कि गर्मी में पानी की मांग सामान्य से कहीं अधिक बढ़ जाती है, ऐसे में विभाग पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पूरी तरह पारदर्शी है और शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत का फॉलोअप लेने की सुविधा भी मिलती है।

### शहर के इन क्षेत्रों को मिला फायदा

शहर में सबसे ज्यादा दिक्कत दमुवाढूंगा, चौफुला, नई बस्ती काठगोदाम, ढोकर बस्ती काठगोदाम, भरतपुर, भगवानपुर, बजूनियाहल्दू, नंदपुर, छडायल, इंद्रानगर, वनभूलपुरा, लालडांठ क्षेत्र, बमौरी, बिठौरिया क्षेत्र के लोगों को झेलनी पड़ती हैं। हर दिन 10 से ज्यादा शिकायतें जल संस्थान में हर दिन पचास से ज्यादा शिकायतें दर्ज होती हैं। कंट्रोल रूम बनने से शहरवासियों की पानी से जुड़ी समस्याओं का तत्काल संज्ञान लिया जा रहा है।

## बच्चों के लैंगिक उत्पीड़न का आरोपी दबोचा गया

संवाददाता, देहरादून

- देहरादून का मामला, मां ने कराई थी रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** हॉस्टल में दिव्यांग बच्चों की पिटाई करने के साथ ही उनका लैंगिक उत्पीड़न करने के नामजद आरोपी को थाना पटेलनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, इस केस की वादिनी द्वारा कोतवाली पटेलनगर देहरादून पर तहरीर दी गयी कि उनके 2 दिव्यांग बच्चे, जो बंजारावाला पटेलनगर स्थित एक स्कूल में शिक्षारत हैं, के साथ उक्त स्कूल/हॉस्टल के वार्डन द्वारा मारपीट कर उनका लैंगिक उत्पीडन किया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली पटेलनगर पर संबंधित धाराओं के साथ ही पॉक्सो अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। एसएसपी अजय सिंह ने अपराध की गम्भीरता के दृष्टिगत घटना के तत्काल अनावरण के निर्देश दिए, जिसके क्रम में वादिनी के दिव्यांग व नाबालिक बच्चों का तत्काल चिकित्सक परीक्षण कराते हुए बाल कल्याण समिति को भी मामले की जानकारी दी गई। घटना कारित करने वाले आरोपी मोनू पाल (31) पुत्र हरिनाथ पाल निवासी ग्राम इन्द्रपुर हेडी थाना सादियाबाद जनपद गाजीपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**उल्लास** — ग्राफिक एरा भीमताल कैंपस में बॉलीवुड गायक हार्डी संधू ने गीतों की दी शानदार प्रस्तुति

# हार्डी संधू ने मचाया धमाल, थिरके विद्यार्थी

संवाददाता, भीमताल


ग्राफ़िक एरा भीमताल कैंपस में प्रस्तुति देते गायक हार्डी संधू। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राफिर एरा भीमताल परिसर में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक हार्डी संधू ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति से धमाल मचा दिया। उनके सुरों पर छात्र-छात्राएं थिरकने पर मजबूर हो गए।

शुरुआत से ही हार्डी संधू ने मंच पर अपनी उपस्थिति का जादू बिखेर दिया। जैसे ही उन्होंने "बिजली बिजली"की धुन छेड़ी, पूरा परिसर एक सुर में थिरक उठा। इसके बाद "नाह", "तितलियाँ वरगा", "बैकबोन", "हॉर्न ब्लो", "जी करदा" और "सोच" जैसे सुपरहिट गीतों ने छात्रों को उत्साह और उमंग से भर दिया। इस दौरान जब उन्होंने "ना जाने क्यूँ तेरे बिना रहना पावे" जैसे भावनात्मक गीत की प्रस्तुति दी, तो पूरा परिसर एक पल को ठहर-सा गया। हजारों मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट्स एक साथ जल उठीं और एक भावनात्मक माहौल बन गया। "तेरे उत्ते मरदा ऐ दिल" की गूंज जब "बैकबोन" के माध्यम से दर्शकों तक पहुंची, तो उल्लास की लहर पूरे परिसर में दौड़ गई। इस दौरान ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. कमल घंसाला, उपाध्यक्ष डॉ. राखी घंसाला, भीमताल कैंपस के निदेशक, वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रो. घंसाला ने कहा कि कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम होते हैं, बल्कि यह छात्रों में नेतृत्व, समर्पण और एकजुटता के साथ स्मृतियां भी निर्मित करते हैं। कार्यक्रम केवल सुरों का उत्सव नहीं था, बल्कि हजारों युवाओं के दिलों की साझा भावना बन गया।

## नर्सिंग कॉलेजों में 26 ट्यूटर नियुक्त

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत, राजकीय नर्सिंग कॉलेजों को 26 नर्सिंग ट्यूटर्स मिल गये हैं। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित इन ट्यूटर्स को प्रदेश के विभिन्न नर्सिंग कालेजों में प्रथम तैनाती दे दी गई है। इससे नर्सिंग कालेजों में शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। साथ ही, नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण भी मिल सकेगा। राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धनसिंह रावत ने रविवार को बताया कि राज्य सरकार द्वारा मेडिकल कालेजों के साथ-साथ नर्सिंग कालेजों में सुविधाएं जुटा रही है। साथ ही, मेडिकल फैकल्टी की भी नियुक्ति कर रही है ताकि मेडिकल शिक्षण संस्थानों में छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व प्रशिक्षण मिल सके।

# मां गंगा से मांगा यमुना को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आशीर्वाद

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहुंची हरिद्वार, किया गंगा स्नान

**अमृत विचार :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर रविवार को यहां गंगा स्नान किया और कहा कि उन्होंने मां गंगा से यमुना नदी को भी उनकी तरह स्वच्छ और सुंदर बनाने का आशीर्वाद मांगा है।

उन्होंने सपरिवार मुख्य स्नान घाट हर की पैड़ी पर ब्रह्मकुंड में गंगा नदी में डुबकी लगाई और देश-प्रदेश की समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री के साथ उनके पति मनीष गुप्ता और पुत्र निकुंज ने भी गंगा स्नान किया। स्नान के बाद गुप्ता ने ब्रह्मकुंड पर गंगा पूजन किया। गंगा सभा के तीर्थ पुरोहितों ने विधि विधान से उनकी पूजा संपन्न कराई।

इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के 100 दिनों का कार्यकाल पूरा होने के बाद वह देवभूमि हरिद्वार आयी हैं और गंगा स्नान कर उन्होंने मां गंगा से देश में खुशहाली की कामना की है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि मां गंगा के चरणों में नमन करते हुए यही प्रार्थना करती हूं कि भारतवर्ष विकसित हो और उस विकसित भारत में विकसित दिल्ली भी अपना स्थान बनाए एवं देश में खुशहाली आए। कहा कि वह यमुना को भी गंगा की तरह अविरल और सुंदर बनाना चाहती हैं। हमें गंगाजी का आशीर्वाद मिले और यमुनाजी को भी हम गंगा जैसी अविरल, स्वच्छ और सुंदर बना सकें। सौ दिन के कार्यकाल के बाद भविष्य के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि विकसित दिल्ली की दिशा में आगे बढ़ें और बेहतर काम करें। साध्वी ऋतंभरा के हरिद्वार में नवनिर्मित आश्रम 'गंगा वात्सल्य' के लोकार्पण कार्यक्रम में भी वे शामिल हुईं जहां संत समाज और श्रद्धालुओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही, जूना अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि से भी भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

| 31.0° | 22.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.13 | सूर्यास्त 19.07 |

**एक नजर**

## युवक पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** एक व्यक्ति ने युवक पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में न्यू मंडी हाउस शुभम तेजवानी ने पुलिस को बताया कि उनका गौरव मेंहदी रत्ता से विवाद चल रहा है, जिस पर उन्होंने अप्रैल में मुकदमा दर्ज कराया था। अप्रैल में उन्होंने एक और शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। आरोप है कि 29 मई को गौरव ने उन्हें कई कॉल की। फोन नहीं उठाया तो अपने दोस्त के नंबर से फोन किया और मिलने की जिद्द करने लगा। फिर गाड़ी का पीछा करके घर तक पहुंच गया। देर रात घर के बाहर मौजूद मुकदमा वापस लेने के लिए धमकाने लगा। गाली-गालौज की और जब शुभम ने समझाने का प्रयास किया तो हमला कर दिया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# लोनिवि के दो अधिकारियों समेत तीन की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शनिवार को नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में तीन भीषण हादसे हुए। इन हादसों में लोक निर्माण विभाग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, अपर सहायक अभियंता और एक अन्य बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। पहले हादसे में रानीखेत में तैनात मुख्य प्रशासनिक अधिकारी बाइक पर सवार थे, जबकि दूसरे हादसे में सहायक अभियंता की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। तीन घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। वहीं रविवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने सभी शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। मौतों की खबर से तीनों परिवारों में कोहराम मचा है।



बाजपुर में हादसे के बाद घटना स्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

### रानीखेत से बाइक पर घर लौट रहे थे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

**1**

**हल्द्वानी :** लोक निर्माण विभाग रानीखेत में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्रवण कुमार (57 वर्ष) पुत्र खेमराज, नवाबी रोड कुल्यालपुरा में परिवार के साथ रहते थे। बताया जाता है कि शनिवार को वह बाइक से रानीखेत से वापस हल्द्वानी लौट रहे थे। देर रात उनकी बाइक पुरानी आईटीआई बरेली रोड में डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बुरी तरह घायल हुए। आनन-फानन में पुलिस ने उन्हें डॉ .सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि यह जांच का विषय है कि बाइक खुद डिवाइडर से टकराई थी या फिर किसी वाहन के टक्कर मारने के बाद बाइक डिवाइडर से टकराई।

### बाइक समेत नहर में गिरे युवक, सिर दीवार से टकराकर एक की मौत

**2**

**हल्द्वानी :** टीपीनगर चौकी क्षेत्र स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के बाहर से गुजरी नहर में शनिवार को हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, किला छावनी बरेली उत्तर प्रदेश निवासी प्रभात कुमार (32 वर्ष) पुत्र महेंद्र पाल बरेली में सीएससी सेंटर चलाता था। शनिवार को प्रभात एक दोस्त के साथ किसी काम से हल्द्वानी आया था। रात 11 बजे दोनों ने बरेली रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाया और फिर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के रास्ते होते हुए रामपुर रोड की ओर निकल पड़े। विश्वविद्यालय के गेट के पास बाइक नहर में जा गिरी। नहर की पटरी में पटकने से प्रभात का सिर फटा और एक पैर टूट गया। जिससे उसकी मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।



प्रभात कुमार। (फाइल फोटो)

## कार पेड़ से टकराई, जेई की मौत, तीन घायल

संवाददाता, बाजपुर

**3**

**अमृत विचार:** नैनीताल स्टेट हाइवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े सेमल के पेड़ से टकरा गई। हादसे में लोक निर्माण विभाग रुद्रपुर में तैनात जेई की मौत हो गई, जबकि उनके तीन साथी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए हल्द्वानी ले जाया गया है। हादसे की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

लोक निर्माण विभाग में अवर अभियंता के पद पर तैनात खजान सिंह रावत (रुद्रपुर), संजय सिंह कार्की (लोहाघाट), ईश्वर जोशी (खटीमा) व उमेश लाल शाह (रानीखेत) कार संख्या यूके04/एस3093 से देहरादून में आयोजित डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के दो दिवसीय अधिवेशन में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी बीच रविवार की तड़के करीब साढ़े तीन बजे नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम बरहैनी में सहकारी समिति के पेट्रोल पंप के नजदीक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े सेमल के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। एकाएक तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए और मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तुरंत हल्द्वानी ले जाया गया, जहां कृष्णा हास्पिटल में चिकित्सकों ने जांचोपरांत खजान सिंह रावत को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन घायलों का उपचार चल रहा है। वहीं सूचना पर पहुंची हल्द्वानी पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम है। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों में भी शोक की लहर है। वहीं सूचना पर कई अधिकारी-कर्मचारी हल्द्वानी रवाना हो गए हैं।



गोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

## हल्द्वानी के पार्क में खुलेगा अब हाईटेक आंचल कैफे

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं की ओर से विश्व दुग्ध दिवस उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान हुई उपभोक्ता गोष्ठी में हल्द्वानी के मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने हल्द्वानी के एक पार्क को आंचल कैफे के लिए देने की घोषणा की। दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने उक्त पार्क में 15 लाख रुपए की लागत से हाईटेक आंचल कैफे खोला जाएगा।

हल्द्वानी में हुई गोष्ठी में मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि आंचल डेरी ने श्वेत क्रांति के क्षेत्र में उत्तराखंड में ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। पूर्व विधायक लालकुआं नवीन दुम्का ने कहा कि कहा कि स्वर्गीय डॉ. वर्गीस कुरियन की ओर से भारत में पशुपालकों और ग्रामीणों को श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर किया। दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने दूध को एक संपूर्ण आहार बताते हुए मानव स्वास्थ्य के लिए इसकी अनिवार्यता पर बल दिया। उपनिदेशक डेरी संजय उपाध्याय और सामान्य प्रबंधक यूसीडीएफ आरएम तिवारी ने दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों और डेयरी संचालकों की कड़ी मेहनत की सराहना की। संचालन संघ के प्रबंधक प्रशासन संजय भाकुनी ने किया। इस मौके पर प्रभारी उपार्जन सुभाष बाबू, सहायक प्रबंधक वित्त उमेश पठालनी आदि मौजूद रहे।



पुलिस हिरासत में लूट और चोरी करने वाले आरोपी। ● अमृत विचार

## लूट और चोरी के पांच शातिर गिरफ्तार किए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- चेन, बाइक और लाखों के आभूषण भी बरामद हुए
- टीम को एसएसपी ने ढाई हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की

**अमृत विचार :** हल्द्वानी और मुखानी क्षेत्र में हुई चोरी, नकबजनी, चैन स्नेचिंग और लूट की घटनाओं में शामिल पांच शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटी गई चेन, मोबाइल, चोरी की गई मोटर साइकिल के साथ लाखों रुपए के आभूषण इन शातिरों से बरामद किए हैं। एसएसपी ने गुडवर्क करने वाली टीम को ढाई हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में रविवार को घटनाओं का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि हल्द्वानी क्षेत्र में 27 मई को रामलीला ग्राउंड के पास से मोटर साइकिल चोरी की गई थी, जबकि 28 मई को सीएमटी कॉलोनी टीपीनगर में एक महिला की चेन लूट ली गई थी। 30 मई मुखानी थानाक्षेत्र के रूपनगर चौराहे के पास से व्यक्ति का मोबाइल लूट लिया गया था। इससे पूर्व 28 मई को मुखानी थानाक्षेत्र में मोबाइल लूट की घटना हुई थी। मुखानी में ही एक और चेन स्नेचिंग की घटना हुई थी। इसी तरह 12 मई को बजवालपुर टीपीनगर में स्थित घर से चोरी, 20 अप्रैल को भरतपुर कमलुवागांजा में स्थित घर से चोरी, 8 मई को दिवान विहार कठधरिया में एक घर से चोरी और 2 मार्च को गीतांजली लेन, हिम्मतपुर मल्ला में स्थित एक घर में शातिरों ने चोरी की थी। इन मामलों में पुलिस ने मो. उमेर पुत्र मो. यामीन निवासी गौजाजाली उत्तर उजाला हिमालयन स्कूल के पास हाल पता ग्राम रिक्षा थाना देवरनिया जिला बरेली को भाखड़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य में अशरफ पुत्र लतीफ अहमद निवासी इस्लामनगर नई बस्ती खटीमा ऊधमसिंह नगर, अकील अहमद पुत्र मुन्ने निवासी इस्लामनगर थाना खटीमा ऊधमसिंह नगर, भानु प्रताप पुत्र लेखराज निवासी ग्राम रसूलपुर थाना शीशगढ़ बहेड़ी बरेली और धर्मेंद्र पुत्र रामलाल निवासी राईनाबाद पोस्ट बहेड़ी थाना बहेड़ी बरेली को गिरफ्तार किया गया है। मुखानी और कोतवाली क्षेत्र से चोरी हुई दो मोटर साइकिलों के मामलों में दो बाल अपचारियों को पकड़ा गया है। पुलिस टीम में कोतवाल राजेश यादव, मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी, एसआई वीरेंद्र बिष्ट, फिरोज आलम, मनोज कुमार, गगनदीप सिंह, मनोज अधिकारी, हरजीत सिंह आदि शामिल थे।

**महिला उत्पीड़न**

## महिला ने पति और ससुरालियों पर दर्ज कराया मुकदमा

**हल्द्वानी :** एक महिला ने अपने पति और ससुरालियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दक्षिण गौजाजाली निवासी रानी गुप्ता ने बताया कि उनके पति भीम गुप्ता पुत्र अच्छे लाल गुप्ता सिउरी अमहट उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पिछले वर्ष मार्च में भीम की उनसे शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के एक माह बाद ही उन्हें पति के प्रेम संबंध की जानकारी मिली।

पूछने पर पति ने पीटा और उनका गर्भपात हो गया। पति माफी मांग कर मायके से पत्नी को ले गया, लेकिन फिर उस पर अत्याचार किए जाने लगे। वह पुनः गर्भवती हुई और उसे फिर पीटा गया। आरोप है कि अब पति और ससुराली उसका बच्चा छीन लेने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# तरुण हत्याकांड में आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- रुपए ऐंठने को गीता ने तरुण को फंसाया था प्यार के जाल में
- तरुण से बोली, पति को तलाक देकर तुझसे करूंगी शादी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में शुक्रवार की रात हुए तरुण हत्याकांड में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए हत्यारोपी दंपती को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से बचने के लिए दोनों गौला के जंगल में दुबके थे। पुलिस पूछताछ में गीता ने सच उगला और बताया कि अपनी माली हालत को दुरुस्त करने के लिए उसने तरुण को अपने प्यार के जाल में फंसाया था, लेकिन उसका सच तरुण के सामने खुल गया। तरुण ने गीता पर खर्च किए रुपए वापस मांगने शुरू किए, तो गीता ने अपने पति के साथ मिलकर तरुण की हत्या का षड्यंत्र रच डाला।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि 31 मई को गली नंबर तीन राजपुरा राजेंद्रनगर वार्ड 12 निवासी राधेश्याम रावत पुत्र स्व. भोज राज सिंह रावत ने बनभूलपुरा पुलिस को तहरीर सौंपी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके बेटे तरुण सिंह रावत को गीता साहू पत्नी अनिल साहू निवासी गौजाजाली उत्तर पुरानी आईटीआई बरेली रोड ने धोखे से अपने घर बुलाकर हत्या कर दी थी। गीता के पति अनिल ने उस वक्त तरुण के सिर और चेहरे पर पत्थर से हमला किया, जब वो उसी के घर में सो रहा था। इस मामले में बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया और फरार दंपती की तलाश शुरू की।



हल्द्वानी पुलिस की गिरफ्त में दंपती। ● अमृत विचार

1 जून को दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने आंवला गेट चौकी से पहले इन्द्रानगर के बीच में गौला जंगल के अंदर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तरुण सिंह रावत का अभियुक्त अनिल साहू की पत्नी गीता साहू से प्रेम संबंध था। गीता साहू ने तरुण को यह झांसा दिया था कि वह अपने पति से तलाक लेकर उससे विवाह कर लेगी, लेकिन उसकी मंशा स्पष्ट थी कि वह तरुण से मात्र अपनी आवश्यकता पूर्ण करने के लिए रुपए ऐंठना चाहती थी। तरुण, गीता पर काफी रुपए खर्च कर चुका था और जब उसे यह पता चला कि गीता साहू और उसका पति अनिल दोनों मिलकर उसका फायदा उठा रहे हैं तो उसने गीता पर खर्च किए रुपए वापस हासिल करने के लिए दबाव बनाना शुरू किया।

पुलिस के मुताबिक, रुपए वापस न करने पड़े, इसलिए पति-पत्नी ने तरुण को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 30 मई की रात गीता ने बच्चों को उनकी नानी के घर भेज दिया। जिसके बाद गीता ने तरुण को फोन किया और घर आकर रुपए ले जाने की बात कही। घर पर गीता का पति अनिल पहले से मौजूद था। घर पहुंचे तरुण ने अपने रुपए मांगे तो गीता ने कहा कि रात अधिक हो गई है। आप अभी यहीं सो जाओ, आपके रुपए सुबह आपको दे दूंगी। तरुण ने गीता की बात पर भरोसा किया और उसके घर पर ही सो गया। तरुण गहरी नींद में सो गया तब रात करीब डेढ़ बजे गीता का पति अनिल घर के बाहर से एक बड़ा पत्थर उठा लाया और तरुण का सिर कुचल कर उसकी हत्या कर दी। एसएसपी ने पुलिस टीम को ढाई हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। पुलिस टीम में बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, एसआई सुशील जोशी, एसआई नीरज चौहान, एसआई मनोज यादव, कांस्टेबल भूपेन्द्र ज्येष्ठा, हरीश रावत व सोनिया रानी हैं।

# कंधों पर सजे सितारे, इंस्पेक्टर बने नैनीताल के पांच एसआई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उप निरीक्षक से पदोन्नत हुए नैनीताल के पांच एसआई के कंधों पर एसएसपी ने एक और सितारा लगा दिया। ये सभी अब इंस्पेक्टर (निरीक्षक) हैं।

बता दें कि नैनीताल जिले में तैनात विजय मेहता, नीरज भाकुनी, प्रकाश सिंह मेहरा, रजत सिंह कसाना और गणेश सिंह को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है। इस पर रविवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने रविवार को पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया। निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए उपनिरीक्षकों के कंधों में स्टार लगाकर एसएसपी ने उन्हें अलंकृत किया। इस दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी व अन्य साथियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।



नीरज भाकुनी के कंधे पर स्टार लगाते एसएसपी व एसपी सिटी।



विजय मेहता के कंधे पर स्टार लगाते एसएसपी व एसपी सिटी।

## गौजानी में भूमि की होगी उच्च स्तरीय जांचः दीवान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** गौजानी में कब्र खोदने के मामले में रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरे मामले की जांच का भरोसा दिया है। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने अपने कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि इस मामलों को लेकर देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करते हुए पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया है। भूमि की अब उच्च स्तरीय जांच होगी। विधायक ने कहा कि मामले को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिया है कि जांच में जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक युवक द्वारा कब्र में लेटकर मोबाइल के माध्यम से लाइव चलाकर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया, ऐसे में उसकी जांच भी होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने रामनगर के मोहल्ला पंपापुरी भरतपुरी क्षेत्र के विनियमितिकरण और अन्य समस्याओं को लेकर भी मुख्यमंत्री से वार्ता की है। इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा मदन जोशी आदि मौजूद रहे।

### एसी में खराबी के बावजूद दौड़ाई जा रहीं वॉल्वो बसें

**हल्द्वानी :** वॉल्वो बसों में एसी की खराबी आने के बावजूद बसों को सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। काठगोदाम डिपो की अनुबंधित वॉल्वो बस के एसी में तकनीकी दिक्कत आ रही है, जिस कारण यह पर्याप्त ठंडक नहीं दे पा रहा है। इसे लेकर यात्रियों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। काठगोदाम डिपो की बस संख्या यूके 04 पीए 1520 के परिचालक ने रविवार को रोडवेज स्टेशन में लिखित शिकायत दी कि एसी की कूलिंग नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि यात्री भी इसे लेकर शिकायत कर रहे हैं और कई बार बहस की नौबत आ रही है। रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि पुरानी गाड़ियां हो चुकी हैं। इधर, काठगोदाम डिपो के एआरएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि वाहन में खराबी होने पर इसे रोकने के लिए कहा गया है।

**समस्या** | वीकेंड पर पर्यटकों के वाहनों के बोझ तले दबी सड़कें, जगह-जगह लगी रही पुलिस और सीपीयू, जाम में एंबुलेंस भी फंसी, वाहन चालक रहे परेशान

# काठगोदाम से जमरानी द्वार और भुजियाघाट तक लगा लंबा जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जाम के झाम से निपटने के लिए पुलिस ने अपने स्तर पर तमाम किए, लेकिन सारे के सारे इंतजाम धरे के धरे गए। वीकेंड के आखिरी दिन सड़कें पर्यटकों के वाहनों के बोझ तले दब गईं। यातायात व्यवस्थित करने को जगह-जगह पुलिस और सीपीयू लगी रही, लेकिन वाहनों की कतार कम होने के बजाय बढ़ती रही। रविवार को आलम यह था कि काठगोदाम से लेकर जमरानी द्वार और भुजियाघाट तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है और संकरी सड़कों पर यातायात नियंत्रित करने के लिए हर चौराहे और तिराहे पर पुलिस व सीपीयू को तैनात किया गया। सुबह से दोपहर करीब डेढ़ बजे तक यातायात की रफ्तार कम थी। जाम नहीं था, लेकिन डेढ़ बजे के बाद जब पहाड़ से पर्यटकों का लौटना और चढ़ना शुरू हुआ तो सड़कों के साथ सिस्टम भी हांफ गया। देखते-देखते नरीमन तिराहे से भुजियाघाट और भीमताल रोड पर जमरानी द्वार (एचएमटी) तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके बाद भीमताल तिराहे से भीमताल की ओर जाने वाले वाहनों को नैनीताल रोड की ओर डायवर्ट कर दिया गया। करीब ढाई बजे इस सुस्त यातायात में भीमताल रोड पर एंबुलेंस भी फंस गई। जब पुलिस के कान तक एंबुलेंस के सायरन की आवाज पहुंची तो उसे निकालने की कोशिशें शुरू हुईं। करीब दो से तीन घंटे तक पर्यटकों को फजीहत झेलनी पड़ी। टीआई एसएस बिष्ट ने बताया कि पर्यटकों के वाहन लौटने और शहर से पहाड़ की ओर वाहनों के आवागमन के कारण एकाएक जाम के हालात पैदा हुए। इसे समय रहते दुरुस्त कर लियाथा।




नरीमन तिराहा काठगोदाम में लगा जाम। ● अमृत विचार

### जाम से परेशान रहे पर्यटक व स्थानीय जनता

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल में एक बार व्यवस्थाओं की कमी के चलते यातायात जाम लगने से स्थानीय जनता के साथ ही पर्यटक भी परेशान रहे। शहर में क्षमता से अधिक वाहनों के एक साथ प्रवेश होने से स्थिति और बिगड़ गई। भीमताल में लोक निर्माण विभाग ने कई स्थानों पर संबंधित साइन बोर्ड लगाए हैं, लेकिन कैंची धाम को जाने वाले मार्ग को दर्शाते हुए बोर्डों की कमी के चलते यातायात जाम लगा रहा। पर्यटकों के अनुसार, कई स्थानों में गूगल मैप उस मार्ग को दिखा रहा है जो मार्ग पूर्व में था और अब बाईपास बन जाने के कारण मार्ग सुधर गया है, लेकिन जानकारी नहीं होने के कारण वे अपने वाहन समेत कई अन्य मार्ग में भटक गए और यातायात जाम में फंसे रहे। हालांकि दोपहर बाद स्थिति सामान्य हो गई।



तिकोनिया के पास डिवाइडर पर चढ़ी थार और यातायात सामान्य करती पुलिस।

### डिवाइडर पर चढ़ गई थार

**हल्द्वानी :** चालक ने एक्सीलेटर पर पैर रख दिया और पल भर में थार हवा से बात करने लगी। चालक नियंत्रण खो बैठा और थार डिवाइडर पर चढ़ गई। गनीमत रही कि कोई थार की चपेट में नहीं आया। पुलिस के मुताबिक नैनीताल की ओर से आ रही काली थार यूके 06 बीएच 7999 रविवार को तिकोनिया के पास अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार कार सड़क के बीच बने डेढ़ फीट ऊंचे डिवाइडर पर चढ़ गई। थार की रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर पर चढ़ने के बाद भी वह भागती रही, जबकि थार का निचला हिस्सा डिवाइडर से रगड़ रहा था। इस हादसे से नैनीताल रोड पर हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे यातायात कर्मी व सीपीयू ने स्थिति को नियंत्रित किया और जाम खुलवाया। यातायात निरीक्षक एसएस बिष्ट ने बताया कि क्रेन बुलाकर थार को उतार लिया था। थार के डिवाइडर पर चढ़ने का कारण क्लच की जगह एक्सीलेकर पर चालक का पैर जाना था।

# बरसात से पहले पूरे हो जाएं बचाव से संबंधित कार्य: भट्ट

## सांसद अजय भट्ट ने रविवार को किया गौला पुल की एप्रोच रोड व स्टेडियम के सुरक्षात्मक कार्य का निरीक्षण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद अजय भट्ट ने रविवार को गौला पुल की एप्रोच रोड और गौला पुल सहित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के सुरक्षात्मक कार्य का अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि लगभग एक अरब रुपए से सरकार सुरक्षात्मक कार्य कर रही है। ऐसे में उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य और बरसात से पहले बचाव संबंधित सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सचिव मुख्यमंत्री व कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेशन बैठक करने के निर्देश दिए हैं। सांसद ने पिछले वर्ष बरसात में आई आपदा की वजह से हुए नुकसान के लिए किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। गौला पुल को जोड़ने वाली एप्रोच रोड का निरीक्षण करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा, सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात में नुकसान न हो इसलिए बड़े-बड़े बोल्डरों को प्रभावित इलाके के किनारे लगाया जाए ताकि बरसात में पानी के वेग को कमजोर किया जा सके। रेलवे की तरफ से हो रहे सुरक्षात्मक कार्य पर सांसद ने संतोष जताया।

**01**
**अरब रुपये से सरकार करा रही सुरक्षात्मक कार्य**


सुरक्षात्मक कार्य का अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### एनएचएआई को यह निर्देश

सांसद भट्ट ने एनएचएआई द्वारा गौला पुल के लिए किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्य के बाबत मानसून की बरसात शुरू होने से पहले विभागीय अधिकारियों को कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि पिछले वर्ष आपदा से हुए नुकसान की सुरक्षात्मक कार्य के अलावा पुल के पिलरों के सुरक्षात्मक कार्य के लिए भी इस वर्ष कार्य किया जा रहा है। जिन कार्यों को देखते हुए सांसद ने संतोष जताया और यथाशीघ्र उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए।

# बजट में कोई कमी नहीं सामंजस्य बनाकर रखें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सांसद ने मीडिया से वार्ता में कहा कि करीब एक अरब रुपये से सरकार सभी प्रकार के सुरक्षात्मक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री से उनकी वार्ता हो चुकी है और बजट में किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। ऐसे में उनके द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ सुरक्षात्मक कार्यों को करने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को सुरक्षात्मक कार्य से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेशन बैठक करने को कहा है। उन्होंने कहा कि विभागों का आपसी समन्वय होना बेहद आवश्यक है जिससे तेजी से सुरक्षात्मक कार्य पूरी किए जा सके। वर्तमान में जितने भी सुरक्षात्मक कार्य हो रहे हैं उनको और भी प्रभावी तरीके से मानसून के सीजन के बाद भी किया जाएगा। सांसद ने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग सहित जिला प्रशासन व अन्य विभागों को बेहद संवेदनशीलता से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

### अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में यह मिला

सांसद भट्ट अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के किनारे सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए पहुंचे, जहां उन्होंने सिंचाई विभाग को गुणवत्तापूर्ण सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि मानसून से पूर्व तेजी के साथ सुरक्षात्मक कार्य पूरे किए जाने बेहद आवश्यक हैं। अधिकारियों को कहा सरकार द्वारा बजट में कोई कमी नहीं की गई है, ऐसे में गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा कार्य किए जाने बेहद आवश्यक हैं।

# बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दें: हरीश

● **पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा, राजस्व गांव बनाने को सत्ता में काबिज लोग ही कर सकते हैं कार्य**

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि मैंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान बिंदुखत्ता नगरपालिका बनाई थी। अब मौजूदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए इसे राजस्व गांव का दर्जा दें।



उन्होंने मौजूदा विधायक व अन्य भाजपाइयों से भी कहा कि उन्होंने जितना जोर हरीश रावत को हराने में लगाया, अब बिंदुखत्ता राजस्व गांव को लेकर उतना जोर मुख्यमंत्री पर दबाव बनाने में लगाएं।

उन्होंने कहा कि बिंदुखत्ता पहाड़ के लोगों के अथक संघर्षों के बाद बना है। इसको यहां तक पहुंचाने में पुरानी पीढ़ी बहुत बड़ा योगदान है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि अब बिंदुखत्ता को हटाया नहीं जा सकता। इसे राजस्व गांव बनाने के लिए जो लोग सत्ता में काबिज है, वहीं कार्य कर सकते हैं।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कैप्टन कुंदन सिंह मेहता, सूबेदार नंदन सिंह तुलेड़ा, राजेंद्र खनवाल, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, युवा कांग्रेसी नेता आनंद रावत, विरेंद्र रावत, खजान गुड्डू, महेश डसीला, पुष्कर दानू, गिरधर बम, प्रदीप बथियाल, मन्नु तुलेडा, रमेश कुमार, लक्ष्मण धपोला, भगवान धामी, कैप्टन खिलाफ सिह दानू आदि मौजूद रहे।


पक्षियों की जानकारी देते विशेषज्ञ राजेश भट्ट। ● अमृत विचार

# बच्चों ने पक्षियों का संसार देखा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कालेज ढेला में स्कूली बच्चों की 5 दिवसीय कार्यशाला का बर्ड वाचिंग, धनगढ़ी म्यूजियम भ्रमण और दीप रजवार के रिंगोडा स्थित वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी सेंटर के भ्रमण के साथ समापन हुआ।

प्रतिभागी 70 बच्चों ने जाने माने पक्षीविद राजेश भट्ट के साथ जंगल वॉक करते हुए पक्षियों की दुनिया के बाबत जाना। राजेश भट्ट ने बच्चों को बताया कि कार्बेट क्षेत्र में पक्षियों की करीब 600 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें 350 के आसपास स्थानीय हैं और 250 पक्षी प्रवासी पक्षी हैं। विशेषज्ञों ने बच्चों को बताया कि पक्षी विशेष रूप से जाड़ों के मौसम में हजारों किलोमीटर की यात्रा कर यहां पहुंचते हैं। गर्मी की शुरुआत होते ही अपने गृह क्षेत्रों को चले जाते हैं। प्रवासी पक्षियों में साइबेरियन पक्षी, एशियन पैराडाइज, स्केरलेट मिनिवेट्ट, स्विफ्ट हैं। इसे लकी बर्ड स्थानीय भाषा में गोताई कहते हैं। अनिल चौधरी ने बताया कार्बेट की भौगोलिक सुधार के चलते समाप्त हो चुके गिद्ध फिर से दिखाई देने लगे हैं। वर्तमान में ढेला रेंज में ही डेढ़ सौ से अधिक गिद्ध पाए जाते हैं।उसके पश्चात बच्चे धनगढ़ी म्यूजियम गए। जहां फोरेस्टर धर्मपाल नेगी ने बच्चों को कॉर्बेट पार्क के इतिहास की जानकारी देते हुए म्यूजियम का भ्रमण करवाया। प्रतिभागी बच्चों ने रिंगोडा स्थित वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार की वाइल्ड लाइफ गैलरी का भी भ्रमण किया गया। इस मौके पर राशिद हुसैन, नवेंदु मठपाल, फॉरेस्टर नवीन पपने, डॉ. कमलेश अटवाल आदि मौजूद रहे।

# विनोद नौटियाल बने प्रांतीय अध्यक्ष

● **अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत प्रांत कार्यकारिणी की बैठक में हुई पदाधिकारियों की घोषणा**

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत प्रांत कार्यकारिणी की बैठक में विनोद नौटियाल को प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीश की मौजूदगी में प्रांत कार्यकारिणी के अध्यक्ष के रूप में विनोद नौटियाल, डॉ. मनोज रावत को प्रांत संगठन मंत्री व राजपाल नेगी पूर्व सैन्य अधिकारी को प्रदेश मंत्री के रूप में घोषणा की गई। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष विनोद नौटियाल ने कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र सिंह गंगवार, माधव प्रसाद जोशी, कैलाश बहुगुणा प्रदेश कोषाध्यक्ष, राजेश मंजखोला प्रदेश सह मंत्री, अमित भट्ट प्रांत विधि आयाम प्रमुख, सुभाषिनी द्विवेदी प्रदेश महिला आयाम प्रमुख, सुरेश चंद्र प्रदेश रोजगार सृजन प्रमुख, सह रोजगार सृजन प्रमुख प्रकाश पाटनी, डॉ. दिनेश कुमार सिंह प्रांत पर्यावरण प्रमुख, प्रांत प्रचार आयाम प्रमुख बने। इसके अलावा प्रो. सुनील कुमार सक्सेना, सुनील बहुखंडी, कांति बल्लव जोशी, पंकज शर्मा, चंचल पपोला, प्रीति धीर, हरि शंकर सैनी, चिरंजीवी लाल व दुर्गा देवी कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि सभी को कानून का पालन किसी भय से नहीं, बल्कि स्वेच्छा से राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए करना चाहिए। क्षेत्र संगठन मंत्री लखन सिंह ने बताया कि 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। हरेला दिवस भी धूमधाम से मनेगा। प्रदेश अध्यक्ष विनोद नौटियाल ने बताया कि आपसी सहयोग से निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा। प्रदेश में ग्राहकों को जागरूक करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। बाद में रिसोर्ट के मालिक इंद्र रावत, खंड सेवा प्रमुख शिवेंद्र रावत व विद्यार्थी कार्यकर्ता हिमांशु जोशी का अभिनंदन किया गया।


बैठक में मौजूद कार्यकारिणी के सदस्यों का अभिनंदन करते पदाधिकारी।

### हाईटेक शौचालय का हो निर्माण

**भीमताल:** भीमताल के सिडकुल में प्रशासन के की ओर से लगभग एक हजार से भी अधिक वाहनों के खड़े होने के लिए अस्थाई पार्किंग का निर्माण किया गया है। पूर्व में तत्कालीन चेयरमेन ने मिनी स्टेडियम के समीप शौचालय और चेंज रूम का निर्माण कराया था। अब पास में पार्किंग बन जाने के कारण यह बनाई गई व्यवस्था कम है। स्थानीय जनता ने पूर्व चेयरमेन देवेंद्र चनौतिया को ज्ञापन सौंपकर हाईटेक शौचालय निर्माण करवाने की कार्रवाई प्रारंभ कराए जाने की मांग की है।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने की भागीदारी

● **राजकीय इंटर कॉलेज पाटकोट में आयोजित संस्कृत भाषा समर कैंप में करीब 60 बच्चे उत्साहपूर्वक कर रहे हैं भागीदारी**

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज पाटकोट में भारतीय भाषा समर कैंप के अंतर्गत बच्चे संस्कृत भाषा में प्रार्थना, समूह गान, देशभक्ति गीत गायन में उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं। बच्चों ने संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, श्लोक गायन व संस्कृत वाक्य रचना प्रतियोगिताओं में भागीदारी की।

समर कैंप के प्रशिक्षक डॉ. हेम चंद जोशी ने बताया कि विभागीय आदेशानुसार संचालित इस संस्कृत भाषा समर कैंप में लगभग 60 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। सभी प्रतिभागियों को कपिल, कणाद ,पाणिनि व भारद्वाज नामक चार समूहों में बांटा गया है। मार्गदर्शक शिक्षक जगदीश सती ने भारतीय संस्कृति में संस्कृत भाषा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे वेदों, पुराणों और अनेक महाकाव्यों का आधार संस्कृत भाषा है।

एक समृद्ध भाषा के रूप में संस्कृत ने विश्व को अद्भुत जीवन दर्शन प्रदान किया है। भाषा शिक्षक वर्षा रानी ने संस्कृत वाक्य रचना व दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाले संस्कृत शब्दों में संबंधी गतिविधि का रोचक प्रस्तुतीकरण किया। समर कैंप के संचालन में प्रियंका, सौरभ मावड़ी, शैलेश कुमार और धारा वल्लभ बधानी आदि मौजूद रहे।


दिल्ली और रामनगर की टीमें। ● अमृत विचार

# बास्केटबॉल में रामनगर ने दिल्ली को दी मात

संवाददाता,रामनगर

**अमृत विचार:** महाविद्यालय के बास्केटबॉल परिसर में तीन दिवसीय बास्केटबॉल मैच श्रृंखला का आखिरी मैच रविवार सुबह खेला गया। इसमें रामनगर की टीम ने दिल्ली की टीम को शिकस्त दी।

मैच का शुभारंभ मैनेजिंग डायरेक्टर कार्बेट टाइगर ट्रंक्वील रिसोर्ट की रजनी गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कोच संजय रावत ने बताया कि श्रृंखला 2-1 से रामनगर ने जीती। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर खेल भावना का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि नवंबर माह में रामनगर महिला बास्केटबॉल टीम दिल्ली में होने वाली त्रिकोणीय मैचों की श्रृंखला में भाग लेगी। जिसमें रामनगर व दिल्ली के अतिरिक्त सोनीपत की टीम भी भागीदारी करेंगी। निर्णायक कुनाल आर्या व श्रेय वर्मा रहे। दिल्ली टीम के कोच खुशविंदर सिंह मलहान, रामनगर बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर के कोच संजय रावत, रिषभ टम्टा, विक्की व कमल आदि मौजूद रहे।

# समर कैंप में संस्कृत भाषा की महत्ता पर डाला प्रकाश

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** पीएमश्री राजकीय आदर्श इंटर कालेज कोटाबाग में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप में संस्कृत के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न जानकारियां दी जा रही हैं।

रविवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश चंद्र बिनवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कुलवंत कम्बोज (प्रवक्ता संस्कृत) ने पौराणिक शास्त्रों से लेकर आधुनिक चिकित्साशास्त्र तक संस्कृत की उपयोगिता बताई। मंच संचालन करते हुए ललित मोहन पांडे ने आधुनिक युग में संस्कृत भाषा को तकनीक के साथ जोड़ते हुए बताया कि ज्ञानार्जन कैसे होता है।

साथ ही यह भी बताया कि संस्कृत को केवल पंडितों की भाषा कहना भ्रांतिपूर्ण है, वरन यह तो ज्ञानियों की भाषा है। इस अवसर पर पंकज कुमार, आयशा परवीन, योगेश शाही, नंदा वल्लभ शर्मा आदि मौजूद थे।


समर कैंप में चित्र दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### भारतीय संस्कृति व धरोहर की जानकारी हासिल की

**कालाढूंगी:** पीएमश्री राबाइंका में आयोजित समर कैंप में छठे दिन छात्राओं ने भारतीय संस्कृति, भारतीय धरोहर व भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी हासिल की। रविवार को समर कैंप में नोडल अधिकारी हेमा रानी ने छात्राओं को विभिन्न विषयों पर बताया। छात्राओं ने भारतीय धरोहर ताजमहल, लाल किला, कुतुबमीनार, देश की प्रमुख नदियों व पारंपरिक आभूषणों के चित्र बनाए। इस दौरान नोडल अधिकारी हेमा रानी, सहायक नोडल अधिकारी आशा आर्या व रिया पांडे आदि मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

**मुसीबत** | कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई, पेयजल के लिए कई गांवों के ग्रामीण परेशान

# जेजेएम से घर-घर पानी पहुंचना बना सपना

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन हर घर नल हर घर जल योजना ग्रामीणों के लिए सरदर्द बनी है। कालाढूंगी व कोटाबाग आदि क्षेत्रों में घर-घर पानी पहुंचना अब भी सपना बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना से पहले पेयजल की आपूर्ति ठीक थी, लेकिन लगातार समस्या बनी हुई है।

डीएम वंदन सिंह व विधायक बंशीधर भगत ने बैलपडाव जनता दरबार में समस्याएं सुनीं, तो सबसे ज्यादा जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों व पेयजल किल्लत की समस्या थी। ग्रामीणों ने अधिकारियों व ठेकदारों पर मनमानी करने व शिकायते न सुनने का आरोप लगाया था। डीएम ने दस दिनों में जल निगम व जल संस्थान को समस्याएं हल करने के निर्देश दिए थे, मगर अब भी कई जगहों पर समस्या बनी हुई है। ठेकेदारों ने जगह-जगह सड़कों को बीच या किनारे से खोदकर लाइन बिछाकर बदहाल हाल में छोड़ दिया है। चकलुवा, कोटाबाग, कालाढूंगी व बैलपड़ाव क्षेत्र के कई गांवों को इस योजना से पानी आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। ग्रामीण राजेंद्र जलाल का कहना है कि पहले पेयजल की कोई किल्लत नहीं हुआ करती थी। अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।


जल जीवन मिशन के तहत चकलुवा में बदहाल अवस्था में सड़क। ● अमृत विचार

> दो साल से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का हाल बदहाल है। जिससे क्षेत्र में पेयजल की समस्या और बढ़ गई है। - **कुलदीप तडियाल**, निवर्तमान कनिष्ठ प्रमुख कोटाबाग

### बोले अधिकारी

> धरातल पर कार्य चल रहा है। कई जगहों पर लीकेज बंद किए जा रहे हैं। जल्द ही पेयजल समस्या से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। - **खगेन्द्र जोशी**, जेई जल संस्थान

> जल संस्थान की ओर से खोदी सड़कों की एनओसी नहीं दी गई है। कालाढूंगी बाईपास पर डामरीकरण किया जा रहा था, मगर जल संस्थान ने दो बार सड़क खोद दी। जिस कारण डामरीकरण नहीं किया जा रहा है। - **गणेश सिंह रौतेला**, जेई लोक निमार्ण विभाग हल्द्वानी



रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की जय हिंद सभा में नारे लगाते पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व विधायक। ● अमृत विचार


रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की जय हिंद सभा में उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# कांग्रेस का सेना को सलाम, सरकार पर निशाना

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने रविवार को हल्द्वानी के रामलीला मैदान में की जय हिंद सभा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को रामलीला मैदान में आयोजित जय हिंद सभा में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कार्रवाई को सलामी दी लेकिन साथ ही केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आरोप लगाया कि, सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया लेकिन सरकार ने सही मौका गंवा दिया और अमेरिकी राष्ट्रपति ने सीजफायर की घोषणा कर दी।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सेना के सम्मान के इस तरह की सभाओं का आयोजन कर रही है। जब भी देश का प्रश्न आया, कांग्रेस हमेशा देश के साथ रही। देश की सेना ने जो पराक्रम दिखाया, उसको नमन है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने आरोप लगाते कहा कि, लोगों में सेना के प्रति सम्मान है लेकिन जिस तरह से अमेरिका के कहने पर सीजफायर हुआ, इससे देश में सरकार के प्रति लोगों में गुस्सा है और यह हमारे देश का अपमान है। हम राफेल जैसे विमान का सही इस्तेमाल नहीं कर पाए।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि 'जय हिंद' हमारे गौरव, परंपरा और देश की अखंडता का प्रतीक है। आरोप लगाया कि हमने कभी सेना के नाम पर राजनीति नहीं की लेकिन भाजपा ने हमेशा सेना का राजनीतिकरण किया है। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि वर्ष 1971 में अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत और पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारत को धमकाने की कोशिश की थी लेकिन भारत धमकी में नहीं आया और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। साल1965 के युद्ध में भी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समय सेना ने लाहौर में घुसकर अपनी ताकत का लोहा पूरी दुनिया को दिखाया था।


उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने आरोप लगाया कि भाजपा का घर-घर सिंदूर भिजवाना राजनीति के गिरते स्तर की निशानी है। दिल्ली से आए कांग्रेस नेता रिटायर्ड कर्नल रोहित चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान को हमले की पहले जानकारी देने की जो बातें सामने आयी हैं, उससे हमको कुछ नुकसान उठाना पड़ा। इस दौरान विधायक फुरकान, काजी निजामुद्दीन, आदेश चौहान के अलावा पूर्व विधायक रणजीत रावत, संजीव आर्या ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक भी मौजूद रहे। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व विधानसभाध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, सतीश नैनवाल, ललित जोशी, मुकुल बल्यूटिया, महेशानंद, खजान गुड्डू, कौस्तुभानंद भट्ट आदि मौजूद रहे।


जय हिंद सभा में राष्ट्रपति ट्रंप के विरोध में पोस्टर लहराते कांग्रेस विधायक व पूर्व सीएम।

### लालकुआं से कांग्रेसियों ने किया प्रतिभाग

**लालकुआं:** बिंदुखत्ता लालकुआं से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने पूर्व सैनिकों के साथ हल्द्वानी में आयोजित जय हिंद सभा में शिरकत की। हल्द्वानी जाने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, महामंत्री प्रदीप बथ्याल, भगवान सिंह धामी, पूर्व सैनिक अध्यक्ष कैप्टन खिलाफ सिंह दानू, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, सूबेदार नंदन सिंह तुलेड़ा, सूबेदार मेजर कुंदन सिंह मेहता, पूर्व सैनिक गोपाल सिंह नेगी, राजेंद्र, मूलचंद्र कोरी, राजपाल, सीएम मेलकानी आदि शामिल रहे। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बिंदुखत्ता के खुरिया खत्ता में सूबेदार मेजर कुंदन सिंह मेहता, राजीवनगर प्रथम में सूबेदार नंदन तुलेड़ा एवं इंद्रानगर कार रोड में हवलदार दीवानी राम के आवास पर पूर्व सैनिकों के साथ चर्चा कर सभा में प्रतिभाग करने की अपील की।


नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।


हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश।


कांग्रेस नेता रोहित चौधरी।

# जय हिंद सभा राजनीतिक नौटंकी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कांग्रेस की जय हिंद सभा पर भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे भारतीय सेना के सम्मान और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के नाम पर सिर्फ राजनीतिक नौटंकी बताया है।

कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने रविवार को प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि, कांग्रेस वह पार्टी है, जिसने पहले 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद सेना से सबूत मांगकर देश की सुरक्षा नीति पर संदेह जताया था। अब एक बार फिर सेना के पराक्रम पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल लड़ाकू विमानों का मजाक उड़ाने वाले बयान को भारतीय वायुसेना का अपमान बताया।

विधायक ने कहा कि, कांग्रेस के शीर्ष नेता ऑपरेशन सिंदूर को छोटी जंग बताते हैं। भाजपा ने याद दिलाया है कि कांग्रेस शासन के दौरान राफेल सौदे में वर्षों तक देरी और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते भारतीय वायुसेना को एक भी विमान नहीं मिल पाया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल राफेल विमानों की सफल डिलीवरी हुई बल्कि 7 मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर में उनका उपयोग कर केवल 23 मिनट में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर 100 से अधिक आतंकियों का सफाया किया गया। कांग्रेस पर आरोप लगाया कि 26/11 जैसे जघन्य आतंकी हमलों के बाद भी उसने केवल कागजी डोजियर सौंपे, जबकि मोदी सरकार ने उरी, पुलवामा और अब पहलगाम जैसे हमलों का मुंहतोड़ जवाब निर्णायक सैन्य कार्रवाइयों से दिया। भाजपा के मंडलाध्यक्ष संदीप सनवाल ने भी कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए।


प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा विधायक बंशीधर भगत व जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट।

### यह कांग्रेस का फ्लॉप शोः डॉ. डब्बू


**हल्द्वानी:** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल डब्बू ने कांग्रेस की जय हिंद सभा को फ्लॉप शो और राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। कहा कि भारतीय सेना के शौर्य पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस नेता अब पश्चाताप में इस तरह के नाटक कर रहे हैं, लेकिन जनता असलियत जानती है। डॉ. डब्बू ने कहा कि सेना से सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक के सबूत मांगने वाली पार्टी अब उत्तराखंडियत का ढोंग कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरीश रावत सरकार सबसे भ्रष्ट सरकार रही। उनके शासनकाल की सीबीआई जांच आज भी चल रही है। मुस्लिम यूनिवर्सिटी खोलने और जुमे की छुट्टी जैसी घोषणाओं को कांग्रेस की विचारधारा का उदाहरण बताया। कहा कि, मुख्यमंत्री धामी के सशक्त नेतृत्व और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई से कांग्रेस हताश हो गई है और अब अनर्गल बयानबाजी कर रही है।

## सार-संक्षेप


नगर आयुक्त ऋचा सिंह नागरिकों और सफाई कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए।

### नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

**हल्द्वानी:** नगर निगम ने रविवार को स्वच्छ भारत, हरित भारत वृहद शपथ ग्रहण अभियान का शुभारंभ वार्ड नंबर 7 से किया। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने वार्ड 7 के नागरिकों और नगर निगम कर्मचारियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान उपस्थित लोगों को यह शपथ दिलाई गई कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे। ट्रिपल आर ( रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) के महत्व को समझते हुए दैनिक जीवन में उसका पालन करेंगे। अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे, पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखेंगे। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता, सतत विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति जागरूक बनाना है। 5 जून तक चलाए जाने वाले अभियान के अंतर्गत नगर निगम विभिन्न वार्डों में जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता रैलियां और पौधरोपण जैसे कार्यों का आयोजन करेगा। नगर निगम के इस पहल को स्थानीय नागरिकों ने सराहा और बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।


हल्द्वानी में साइकिल रैली निकालते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### हल्द्वानी में निकाली गई तिरंगा साइकिल रैली

**हल्द्वानी:** फिट इंडिया अभियान व साई खेलो इंडिया के अंतर्गत रविवार को सुबह 7 बजे से इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार में तिरंगा साइकिल रैली आयोजित की गई। शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसमें करीब 92 बालक और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में 8 वर्ष तक की आयु के प्रतिभागी बच्चों को मुख्य अतिथि ने नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, विनय जोशी, हॉकी कोच निलेश गुप्ता, तनुजा आर्य, त्रिलोक जीना, गोविंद लटवाल, अंकुश रौतेला, पुनम शिरोला, किशन सिंह बोरा, अनुज पांडेय व सुरेश आदि मौजूद रहे।

### देशभर से आए खिलाड़ियों का स्वागत किया

**हल्द्वानी:** भीमताल में आयोजित होने वाले 31वें ऑल इंडिया कराटे समर कैंप में प्रतिभाग करने के लिए देशभर से पहुंचे खिलाड़ियों का रविवार को हल्द्वानी आगमन पर स्वागत किया गया। इस कैंप का आयोजन कियूकुशिन कराटे फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष सियान बसंत सिंह और राष्ट्रीय सचिव हरीश पांडे के नेतृत्व में किया जा रहा है। कैंप में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, असम सहित देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 120 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कियूकुशिन कराटे फाउंडेशन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने जानकारी दी कि इस शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों को आत्मनिर्भर बनाना, विशेष रूप से महिलाओं को आत्मरक्षा व मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत करने की दिशा में प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष मुजाहिद इस्लाम, प्रदेश सचिव दीपक रावल, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट, लकी सिंह नेगी व हरीश कश्यप आदि मौजूद थे।

# धार्मिक समागम में शहादत को किया नमन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिख इतिहास के महान शहीद गुरु अर्जन देव जी महाराज के 419वें शहीदी पर्व पर धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में संगत ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अमृतसर, पंजाब से आए बलदेव सिंह के मधुर कीर्तन और भजन से हुई। जगपाल सिंह ने गुरु अर्जन देव जी के जीवन, बलिदान और आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी शहीदों के सरताज और शांतिपुंज हैं।

प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने बताया कि आध्यात्मिक जगत में गुरु अर्जन देव जी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। वे ब्रह्मज्ञानी माने जाते हैं और उनकी वाणी श्री गुरु ग्रंथ साहिब में 30 रागों में संकलित है। पंचम गुरु होने के बावजूद ग्रंथ साहिब में सर्वाधिक वाणी गुरु अर्जन देव की ही है। उन्होंने भाई गुरदास जी की सहायता से 1604 में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का संकलन और संपादन कार्य पूर्ण किया था, जो उनकी अद्वितीय विद्वत्ता का प्रतीक है। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार वीरेंद्र सिंह चड्ढा, अमरजीत सिंह आनंद, कंवलजीत सिंह उप्पल, मनलीन कोहली, सनी आनंद, बनी चंडोक आदि मौजूद थे।


हल्द्वानी के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित समागम में मौजूद संगत। ● अमृत विचार

### कांग्रेस की सभा राजनीति नाटक

**हल्द्वानीः** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल में प्रेस वार्ता में कहा कि हल्द्वानी में कांग्रेस की जय हिंद सभा एक राजनीतिक नाटक है जो सैनिकों और प्रधानमंत्री मोदी के शौर्य को पचा नहीं पा रही है। देश के सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर सबक सिखाया, उससे कांग्रेस में बौखलाहट है इसलिए कांग्रेस को जय हिंद शब्द याद आया। बोफोर्स कांड कांग्रेस की देन है और रक्षा सौदों में दलाली करने वाले लोगों ने कभी देश हित में नहीं सोचा।

# शैक्षणिक कार्यक्रमों की दी जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**● एमबीपीजी कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र में इंडक्शन मीटिंग का हुआ आयोजन**

**अमृत विचारः** एमबीपीजी कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र (स्टडी सेंटर 2711) में रविवार को इग्नू में नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को इग्नू की ओर से संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, ऑनलाइन सुविधाओं, असाइनमेंट सबमिशन, वीडियो लेक्चर, ई-कंटेंट अध्ययन और परीक्षा आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इग्नू क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र देहरादून के निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी और सह-निदेशक डॉ. जगदंबा प्रसाद ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। शुरुआत स्टडी सेंटर के समन्वयक प्रो. कमरुद्दीन के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद डॉ. नीलोफर अख्तर ने कला संकाय के विषयों की जानकारी दी। वहीं, डॉ. नवल किशोर लोहनी ने प्रयोगात्मक विषयों और मनोविज्ञान विषय से संबंधित काउंसलिंग सत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही उन्होंने बीसीए, एमसीए और पीजीडीसीए जैसे तकनीकी कोर्सों की जानकारी दी।

इस मौके पर सह-समन्वयक प्रो. उषा जोशी, डॉ. विजयलक्ष्मी, डॉ. रोहित कुमार कांडपाल, डॉ. कामिका चौधरी, टीएस जलाल, अर्चना अनुपम, नवीन शर्मा, खीमानंद कुइई और भगवती देवी भी उपस्थित रहे।

# जीएनजी ने वेंडी को 7 विकेट से किया परास्त

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग में रविवार को वेंडी क्रिकेट अकादमी और जीएनजी के बीच मुकाबला हुआ। वेंडी क्रिकेट अकादमी की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी, लेकिन पूरी टीम 44वें ओवर में 123 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। देवांश बिष्ट ने 42 व कृष क्वीरा ने 10 रन बनाए। जीएनजी के गेंदबाज वैभव नेगी और हर्षित पडियार ने तीन-तीन और देव सिंह बिष्ट ने दो विकेट लिए।

निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनजी की टीम ने 18वें ओवर में ही 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए निर्वान उपाध्याय ने 40, शाश्वत सिंह ने 25 व हर्षित पडियार ने 24 रनों का योगदान दिया। वेंडी के गेंदबाज पियूष, अभिनव और कृष ने एक-एक विकेट लिया। देव सिंह बिष्ट को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

विनय जोशी व हिमांशु चतुर्वेदी अंपायर और नीरज पनेरू स्कोरर रहे। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि सोमवार को पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरैना में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और एसआरएस के बीच, जबकि दूसरा मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड में वेंडी क्रिकेट अकादमी और काठगोदाम क्रिकेट अकादमी के बीच और तीसरा मैच एचसीसी और कुमाऊं क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा।


क्रिकेट मैच के दौरान मौजूद खिलाड़ी।। ● अमृत विचार

**समर कैंप** सिंथिया स्कूल के कैंप में कक्षा 2 से 8 तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने की उत्साहपूर्वक भागीदारी

# सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों में किया प्रतिभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने और उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से सात दिवसीय खेल समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कक्षा 2 से 8 तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी की। खेल, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान योगा, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन और वॉलीबॉल जैसे खेलों का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों को सांस्कृतिक मंच और रचनात्मक अभिव्यक्ति के भी अवसर प्रदान किए गए। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थियों को खेलों की बारीकियों के साथ-साथ जीवन कौशल, टीम भावना और आत्मविश्वास जैसे गुणों का भी प्रशिक्षण मिला।

प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों पर व्यक्तिगत ध्यान दिया, जिससे उनकी रचनात्मकता को नई दिशा मिली। समापन समारोह में प्रतिभागियों को मेडल, पुरस्कार और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवींद्र रौतेला ने समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग, खेल भावना और जीवन कौशल का विकास करते हैं। खेल प्रभारी सुंदर सिंह कपकोटी ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कात्यायन रौतेला, दीपक जोशी, पूनम बिष्ट, लीला रावत, तनूजा, मोहन जोशी, महेश चंद्र जोशी एवं पुष्कर सिंह सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं व अभिभावक भी उपस्थित रहे।


सिंथिया स्कूल में आयोजित समर कैंप के दौरान मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### मंत्री ने अभियान की शुरुआत की

**देहरादूनः** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को उत्तरकाशी जनपद के मोरी विकासखंड स्थित गैंचवांण गांव में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। मोरी विकासखंड के गैंचवांण गांव में पहली बार है कि जब कोई मंत्री इस गांव में पहुंचा है। ग्रामीणों ने कृषि मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया, जिनमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य और अन्य विभागों ने किसानों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की जानकारी दी।

## एक नजर

### 43 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सितारगंज** : कोतवाली सितारगंज क्षेत्र के अंतर्गत चौकी सरकड़ा पुलिस ने बीते शनिवार की देर रात नकटपुरा चौराहे के पास 43 पाउच कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान परमजीत सिंह (53) पुत्र वरियाम सिंह निवासी पंडरी, थाना सितारगंज, जनपद ऊधमसिंह नगर के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस टीम में कांस्टेबल संदीप व इमदाद शामिल थे।

### युवती लापता, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की

**सितारगंज** : ग्राम सरकड़ा थाना सितारगंज निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन का गांव के ही दिलशाद पुत्र छुटकन के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, और बीते शुक्रवार की रात लगभग 11:30 बजे दिलशाद उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गया है। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों की ओर से पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# साइकिल रेस में अक्षय और मान्या ने बाजी मारी

## 60 खिलाड़ियों ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुई प्रतियोगिता



बालकों की साइकिल रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की। ● अमृत विचार



काशीपुर में स्टेडियम में कोचों के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तर ओपन बालक व बालिका साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, सहायक अभियंता सिंचाई विशाल प्रसाद, जिला जीआईएस विशेषज्ञ डॉ. तनसीर आलम खान ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

रविवार को आयोजित ओपन बालक व बालिका साइकिल रेस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में अक्षय कन्याल ने पहला, योगराज दानू ने दूसरा, प्रियांशु भट्ट ने तीसरा, अभय कुमार ने चौथा, ध्रुव बोस ने पांचवां और प्रिंस मिश्रा ने छठा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग में मान्या शर्मा ने पहला, निकिता ने दूसरा, खुशी राय ने तीसरा, नीलम राठौर ने चौथा, रिशिका विश्वास ने पांचवा और नैना ने छठा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के अंत में पहले से छह स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी, सहायक अभियंता ने पुरस्कृत किया। इस दौरान खिलाड़ियों को आईईसी गतिविधि के तहत पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, स्प्रिंग सैड और रिवर रिजुवेनेशन एजेंसी (सारा) का भी प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर खेल विभाग के सभी कर्मचारी और खेल प्रशिक्षक उपस्थित मौजूद रहे।

### फिट इंडिया मूवमेंट के तहत निकाली साइकिल रैली

**काशीपुर** : फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से भव्य साइकिल रैली निकाली गई। साथ ही विश्व साइकिल दिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रैली में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर फिट रहने का संदेश दिया। रविवार को रैली का शुभारंभ कोच रमेश खर्कवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली स्पोर्ट्स स्टेडियम से शुरू होकर पॉलिटेक्निक रोड तक निकाली गई। पूरे मार्ग में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और 'स्वस्थ शरीर, सशक्त भारत' के नारे लगाए। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी व इंटरनेशनल बॉक्सिंग कोच मुकेश चंद्र बेलवाल ने सभी प्रतिभागियों को नियमित व्यायाम और साइकिलिंग के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही बेहतर भविष्य की नींव है। उन्होंने बच्चों को फिट इंडिया मिशन से जुड़ने और जीवन में खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। रैली के सफल आयोजन से प्रतिभागियों में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में एथलेटिक्स कोच ओमप्रकाश, संदीप सिंह, भारोत्तोलन कोच पवन शर्मा, बॉक्सिंग कोच वरुण शर्मा, और सिकंदर पटेल समेत कई खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को किया सलाम

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार:** जसपुर में भाजपाइयों ने भारतीय सेना के शौर्य बलिदान एवं राष्ट्रीय रक्षा को समर्पित तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर को सलाम कर सेना के शौर्य की सराहना की।

राज्य मंत्री कैलाश पंत एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल के नेतृत्व में रविवार को लोग गांधी पार्क पर एकत्र हुए। यहां से देशभक्ति गीतों की धुन पर हाथों में तिरंगा लिए लोग सुभाष चौक पहुंचे। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। लोगों ने जगह-जगह यात्रा का फूलों से जोरदार स्वागत किया। वक्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना का आभार जताया। कहा कि यदि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो भारतीय सैनिक उसे इसी तरह जवाब देते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. एमपी सिंह, खड़क सिंह चैहान, डॉ. सुदेश कुमार, राजकुमार, शीतल जोशी, महेश प्रजापति, सुधीर बिश्नोई समेत अन्य लोग मौजूद थे।



जसपुर में सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपाई। ● अमृत विचार

# शिव गुरु महोत्सव का आयोजन

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** रामलीला मैदान में वैश्विक शिव शिष्य परिवार की ओर से आयोजित विराट शिव गुरु महोत्सव में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने प्रतिभाग कर गुरुजनों का आशीर्वाद लिया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि पहली बार शहर में शिव गुरु महोत्सव आयोजित हो रहा है। ऐसे आयोजनों से समाज को नई दिशा मिलती है और लोगों का आत्मिक विकास होता है। इस दौरान आयोजकों ने पूर्व विधायक ठुकराल को मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शिव शिष्या दीदी सुनीता आनंद ने भगवान शिव को अपना गुरु बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति का मन प्रबल जागतिक आकर्षण के कारण स्वहित में लगा है, जिसके कारण समाज टूटने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति के मन को आत्मा के तल पर विकसित करने की आवश्यकता है। ताकि मानव मन संकीर्णताओं से निवृत्ति पा सके और व्यक्ति का मन परमात्म तत्व तक विकास पा सके। इस अवसर पर जेपी सिंह, अशोक सिंह, धर्मदेव प्रसाद, लव सिंह, पंकज राय, मदन, राम जियावन, सतीश, धर्मेंद्र, राजीव प्रसाद, अजय कुमार चौबे, राधिका, बेबी, इंदिरा, कंचन, सिंधू, मुन्नी, ललित बिष्ट, मनीषा, विपिन सिंह, आलोक राय, पवन, रामजी कुशवाहा, ज्ञानेश दुबे, रुचि, चंद्रा रावल, मारूति, फूलमती, अंजना, अरुण, राजकुमार, शिव नारायण, विनय भदौरिया समेत कई लोग मौजूद रहे।



पूर्व विधायक ठुकराल को सम्मानित करते वैश्विक शिव शिष्य परिवार के सदस्य।

# 30 लोगों ने रक्तदान कर दिया मानव सेवा का संदेश

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा रुद्रपुर की ओर से राजकीय ब्लड बैंक में थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों की सहायता के लिए एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शाखा के सदस्यों ने 30 रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

रविवार को शिविर का उद्घाटन भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों के सम्मुख दीप जलाकर किया। इस दौरान परिषद के प्रांतीय दायित्वधारी संजय राधू और संजय खेड़ा ने शाखा की ओर से किये जा रहे इस कार्य की सराहना की। शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, संस्कार, सहयोग और समर्पण के मूल मंत्र पर कार्य करती है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में सहभागिता हमारे सेवाभाव का प्रतीक है। रक्तदान संयोजक डॉ. पवन कक्कड़ ने कहा कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरुकता लाने के लिए इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी आयोजित करते रहेंगे। शाखा कोषाध्यक्ष अभि अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह न केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। इस अवसर पर विमल अरोरा, अंकुर अग्रवाल, ललित कौशिक, शीशपाल राणा, रामपाल सिंह, अक्षत जैन, राजेश छाबड़ा, अंकित गुप्ता, सूरज अग्रवाल, प्रणव गोयल, राहुल बंसल, संदीप शर्मा, सौरभ अग्रवाल, सर्वेश अरोरा, विकास गोयल, विक्रांत सक्सेना समेत कई लोग मौजूद थे।



रुद्रपुर ब्लड बैंक में रक्तदान करते भारत विकास परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार



शक्तिफार्म में आयोजित शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

### रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त का संग्रह

**शक्तिफार्म** : जय गुरुकुल एजुकेशनल सोसायटी द्वारा शक्तिफार्म में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। हल्द्वानी के स्व. बालकिशन देवकी जोशी चेरिटेबल ब्लड बैंक के प्रभारी प्रकाश मेहता के नेतृत्व में टीम ने 50 यूनिट रक्त संग्रह किया। रक्तदान समिति सितारगंज के लोगों ने भी शिविर में सहयोग किया। इस मौके पर दिनेश तिवारी, सुमंत विश्वास विश्वास, महेंद्र अग्रवाल, राजीव गुप्ता, मोहित बिष्ट, दीपांशु रावत, गौरव बिष्ट, राजा हलदार, सोनू सिंह आदि मौजूद थे। नगर पंचायत शक्तिगढ़ में रविवार को संजीवनी हॉस्पिटल हल्द्वानी के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 48 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, मुकुल पोद्दार, विक्रम सिंह भंडारी मौजूद थे।

# जवानों की ट्रेनिंग संबंधी गतिविधियों को देखा

● एनसीसी कैडेट्स ने किया केआरसी रानीखेत का भ्रमण

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के कमान अधिकारी कर्नल कुंदन शर्मा के सहयोग से सिटी कॉन्वेंट स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर रानीखेत का भ्रमण किया। जो देश की सबसे पुरानी और पहली परमवीर चक्र विजेता रेजिमेंट है। भ्रमण के दौरान कैडेट्स ने जवानों की ट्रेनिंग संबंधी गतिविधियों को देखा और समझा।

इस दौरान कैडेट्स ने सिम्युलेटर फायरिंग, डिजिटल मैप रीडिंग नर्सरी, ऑब्स्टिकल ट्रेनिंग एरिया, बंकर, मनकामेश्वर मंदिर, वूलन शॉल फैक्ट्री, डिजिटल तारा मंडल, गोल्फ ग्राउंड आदि का भ्रमण किया। भ्रमण में कुमाऊं रेजिमेंट कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय यादव, वीएस एम 9 कुमाऊं, डिप्टी कमांडेंट कर्नल विक्रमजीत सिंह, ट्रेनिंग बटालियन कमांडेंट कर्नल प्रभु आर. डब्लू का विद्यालय प्रबंधन ने स्मृति चिह्न देकर आभार व्यक्त किया। भ्रमण में विद्यालय के सीनियर डिवीजन एएनओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट, थर्ड ऑफिसर नीता उपाध्याय तथा पीआई महिमन सिंह शामिल रहे।




खटीमा से कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर रानीखेत के भ्रमण पर पहुंचे सिटी कॉन्वेंट स्कूल के एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

### समर कैंप में छात्राओं को कराया योगा का अभ्यास

**काशीपुर:** समर कैंप में छात्र-छात्राओं को योगा समेत विभिन्न जानकारियां दी जा रही है। पीएम श्री जीजीआईसी काशीपुर में समर कैंप के तहत योग का अभ्यास कराकर छात्राओं को आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के बनाए मॉडल विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए। इस बीच छात्राओं और शिक्षिकाओं ने लिट्टी चोखा का स्वाद चखा। इसके बाद रैंप वॉक पारम्परिक वेशभूषा में किया गया। प्रधानाचार्य गीता जायसवाल, प्रमिला भारती, भावना सक्सेना, श्वेता, सीमा मौजूद रहे। राउप्रावि सुदामालाल में नोडल सुरेश सिंह ने बताया कि संदर्भदाता जसविंदर कौर ने छात्र-छात्राओं को पंजाबी भाषा में पाठ, अरदास, पंजाबी गीत आदि सिखाया। भौतिकी मानचित्रों की भी जानकारी दी।

# दिव्यांगों को उपलब्ध कराएंगे कृत्रिम अंग

● भारत विकास परिषद देवभूमि महिला शाखा की ओर से 20 जुलाय को लगाया जाएगा शिविर

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद देवभूमि महिला शाखा द्वारा 20 जुलाई को विशेष नि3शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

रविवार को उदयराज प्रेक्षागृह में आयोजित प्रेस वार्ता में शाखा की अध्यक्ष डॉ. शिखा चौहान ने कहा कि 20 जुलाई को नवीन मंडी पुलिस चौकी के नजदीक एक निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जरूरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम अंग नाप लेकर निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। कहा कि कृत्रिम अंग ऐसे व्यक्तियों को दिए जाएंगे, जो पूर्ण रूप से चलने में असमर्थ हैं। बताया कि शिविर प्रातः 9 बजे से शुरू हो जाएगा। उपकरण देने के लिए ऑनलाइन मोबाइल नंबर पर पंजीकरण करना शुरू कर दिया गया है, जिस पर कोई भी दिव्यांग व्यक्ति अपना पंजीकरण करा सकता है। बताया कि शिविर में 100 से अधिक लोगों को कृत्रिम अंग देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति इस कार्य में सहायता करना चाहता है, तो वह व्यवस्था कर सकता है। वहां सचिव अनुजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीप्ति गुप्ता, उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल, सहसचिव अर्चना सिंह, सेवा संयोजिका दीपिका अग्रवाल एवं अन्य लोग मौजूद थे।




काशीपुर में प्रेस वार्ता करतीं शाखा की पदाधिकारी। ● अमृत विचार




### किसानों को दी नवीनतम तकनीकों की जानकारी

**काशीपुर:** कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित अनुसंधान कार्यक्रम में किसानों को नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी गई। रविवार को खड़कपुर देवीपुरा न्याय पंचायत के ग्राम महतावन, कनकपुर व मानपुर में कृषि संकल्प अभियान के तहत अनुसंधान किसानों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों के साथ-साथ पशुपालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन व रेशम उद्योग में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर से वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार ने गन्ने की नवीन प्रजातियों, कीट रोकथाम और बीमारियों से बचाव की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. कल्याण सिंह ने फसल बीमा, प्राकृतिक व परंपरागत खेती, कृषि यंत्रीकरण तथा मृदा स्वास्थ्य योजना के तहत सैंपलिंग व मृदा कार्ड से संबंधित जानकारियां साझा की। उन्होंने बताया कि कृषि में आय कैसे बढ़ाई जा सकती है, इस पर भी किसानों को मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर विकासखंड प्रभारी लियाकत अली, उद्यान अधिकारी केएल सागर, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक राकेश कुमार समेत न्याय पंचायत प्रभारी व कृषि विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्रक्रिया — नगर निगम में 15 दिन पूर्व हाउस टैक्स धारकों को भेजे थे कर संबंधी नोटिस के मैसेज

# 10 हजार से अधिक लोगों को भेजा रिमाइंडर

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** रुद्रपुर नगर निगम में क्यूआर कोड के माध्यम से 10 हजार से अधिक भवन कर स्वामियों को मोबाइल पर नोटिस मैसेज भेजने के बाद रिमाइंडर मैसेज भेजने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। नगर निगम को उम्मीद है कि रिमाइंडर मैसेज भेजने के बाद राजस्व में और अधिक वृद्धि होगी।

दरअसल, वर्ष 2018 में नगर निगम का परिसीमन हुआ। परिसीमन से पूर्व नगर निगम में 20 वार्ड शामिल थे, जबकि परिसीमन के बाद निगम में 40 वार्ड शामिल हो गये थे। हालांकि अभी तक निगम शासनादेश के अनुसार नये 20 वार्डों से कर की वसूली नहीं करता है, जबकि पूर्व के 20 वार्डों से ही निगम भवन कर वसूल करता है। इन वार्डों में भवन कर स्वामियों की संख्या 23000 के करीब थी। वर्ष 2022 से निगम के क्षेत्र का जीआईएस सर्वे हुआ। सर्वे पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में घरेलू, व्यावसायिक और घरेलू-व्यावसायिक भवनों की संख्या 64000 के करीब पहुंच गई है। नगर निगम के कर पटल के अधिकारियों के अनुसार शासनादेश के अनुसार नये वार्डों से घरेलू भवनों को छोड़कर व्यावसायिक भवनों से भवन कर लिया जाना था। लेकिन नये वार्डों में सर्वे नहीं होने के कारण उनसे भवन कर नहीं लिया जाता था। अब जीआईएस सर्वे में पूरे निगम क्षेत्र में भवनों का डाटा उपलब्ध हो गया है। डाटा कंप्यूटर में फीड होने के बाद निगम ने नये वार्डों में खुद का सर्वे भी शुरू कर दिया है।




### हाउस टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा पांच करोड़

**रुद्रपुर** : नगर निगम के कर पटल के अधिकारियों के अनुसार पिछले साल भवन कर वसूली का लक्ष्य साढ़े तीन करोड़ रुपया रखा गया था। इसमें 80 प्रतिशत टैक्स की वसूली हुई थी। जबकि कई जगह पर नजूल की भूमि होने और विवादित होने की वजह से 20 प्रतिशत टैक्स की वसूली नहीं हो पायी। वहीं इस बार निगम ने टैक्स वसूली का लक्ष्य 5 करोड़ रुपये रखने का लक्ष्य रखा है।

> जीआईएस सर्वे पूर्ण होने के बाद नगर निगम में भवन कर दाताओं की संख्या 64000 पहुंच गई है। पहले पुराने 20 वार्ड के 23000 लोगों से ही भवन कर लिया जाता था। सर्वे के बाद अब नये वार्डों में व्यावसायिक भवन स्वामियों से भी कर वसूला जाएगा। निगम ने अब तक 10 हजार से अधिक लोगों को हाउस टैक्स जमा करने का नोटिस मैसेज के बार रिमाइंडर नोटिस भेजने भी शुरू कर दिए हैं। **-लता आर्या,** कर अधीक्षक, नगर निगम रुद्रपुर

> क्यूआर कोड के माध्यम से भवन कर स्वामियों को ऑनलाइन टैक्स जमा करने के लिए मैसेज भेजा जा रहा है। इससे लोगों को भवन कर जमा करने में आसानी होगी और बार-बार ऑफिस के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। फिलहाल जिन वार्डों में सर्वे का काम पूरा हो गया है उन्हें मैसेज भेजने के साथ रिमाइंडर मैसेज भेजे जा रहे हैं। इससे नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी। **-नरेश चंद्र दुर्गापाल,** मुख्य नगर आयुक्त, रुद्रपुर

## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट, किशोर घायल

**बाजपुर** : ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी जोएब (15) पुत्र अनवर रविवार की दोपहर बाद करीब एक बजे कहीं जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच परिवार के ही कुछ लोगों ने उसे घेरकर रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए हमलावर हो गए जिसमें जोएब घायल हो गया। घायल को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं खबर लिखे जाने तक किसी की भी तरफ से प्राथमिकी पंजीकृत नहीं हुआ था। अलबत्ता कुछ लोग दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते के प्रयास में जुटे थे।

### गिरने से दो लोग चोटिल

**काशीपुर** : अलग-अलग हुई घटना में गिरने से दो लोग घायल हो गए। पहली घटना में खड़कपुर देवीपुरा निवासी कमल फर्श पर गिरने से चोटिल हो गया। वहीं दूसरी घटना में ग्राम प्रतापपुर निवासी परमजीत सिंह छत से गिरकर चोटिल हो गया।

बाल-बाल बचे कार सवार पांच लोग, बीमार मां को दिखाने नवाबगंज से रुद्रपुर आ रहा था परिवार

# काशीपुर में चलती कार बनी आग का गोला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर मार्ग पर फ्लाई ओवर के पास अचानक एक कार में आग लग गई। इसमें सवार एक बीमार महिला समेत पांच लोगों ने बमुश्किल जांच बचाई। सूचना पर दमकल कमियों के साथ ही पुलिस और सीपीयू कर्मी मौके पर पहुंचे। लेकिन उससे पहले ही कार पूरी तरीके से जलकर राख हो चुकी थी। वहीं आग लगने की घटना के दौरान फ्लाईओवर के दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह नवाबगंज निवासी योगेश सिंह पुत्र बरकत सिंह अपनी कार संख्या यूके-04 यू-7838 में भाई नरेंन्द्र सिंह, कृष्णा सिंह, अनिल कुमार के साथ अपनी बीमार मां प्रवेश देवी (52) का उपचार कराने के लिए रुद्रपुर को आ रहे थे। जब वह काशीपुर रोड पर फ्लाई ओवर के पास पहुंचे तो अचानक कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। इससे पहले कि कार चला रहे योगेश सिंह कार रोकते कार के इंजन में आग भड़क उठी। इस बीच वहां से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह कार के दरवाजे खोलकर सभी को बाहर निकाला। इसके बाद कार के इंजन में धमाका हुआ और कार पूरी तरह से धूं-धूं कर जलने लगी। गनीमत रही कि समय रहते सभी को बाहर निकाल लिया गया वर्ना एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस बीच वहां लोगों की भीड़ जमा होने लगी और यातायात पूरी तरह से थम गया। कुछ देर पर सूचना पर दमकल कर्मी भी पहुंच गये। लेकिन तब तक आग से कार पूरी तरह से जल चुकी थी।



काशीपुर फ्लाईओवर के पास जलती कार। ● अमृत विचार

# 32 लाख की ठगी की आरोपी महिला हरियाणा से गिरफ्तार

संवाददाता, सितारगंज

- ई-स्कूटी की एजेंसी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप
- बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** कोतवाली सितारगंज पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रही शातिर महिला ठग गीता ढूल को गिरफ्तार कर एक बड़े ठगी के मामले का खुलासा किया है।

गीता ढूल पत्नी संजीत चंद, मूल निवासी हरसौला कैथल, हाल निवासी जींद हरियाणा पर सितारगंज निवासी अवतार सिंह से ई-स्कूटी एजेंसी दिलवाने के नाम पर 32 लाख रुपये की ठगी करने का गंभीर आरोप हैं। वादी द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर में बताया गया कि गीता ढूल समेत अन्य आरोपी राजपाल, सतीश बेनीवाल, डॉ. सतीश कुमार रनावत व सुभाष चंद्र पाल ने मिलकर उसे स्कूटी एजेंसी दिलवाने का झांसा दिया। आरोपियों ने उससे 32 लाख रुपये वसूल लिए, लेकिन स्कूटी नहीं भेजी। आरोपियों ने बाद में उसका फोन भी उठाना बंद कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ऊधमसिंह नगर ने पुलिस टीम को दोषियों की गिरफ्तारी के विशेष प्रयास करने को कहा। पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में गठित टीम ने मैनुअल सर्विलांस व स्थानीय मुखबिर की मदद से बीते शनिवार को आरोपी महिला गीता ढूल को उसके जींद (हरियाणा) स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गीता ने स्वीकार किया कि वह सीधे-साधे लोगों को झांसे में लेकर उनसे ठगी करती थी। पुलिस अब गीता ढूल के आपराधिक इतिहास की जांच कर उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। अन्य आरोपियों की तलाश में प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक इन्दर सिंह ढैला (विवेचक), महिला कांस्टेबल साजमीन व कांस्टेबल किरन मेहता शामिल रहे।

# जसपुर में धारदार हथियार से पत्नी की हत्या

संबंधों के शक के साथ पारिवारिक विवाद, रात भर घर में पड़ा रहा रक्तरंजित शव, ससुर की तहरीर पर केस दर्ज

हत्याकांड

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** मंडवाखेड़ा में अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी की धारदार हथियार से निर्ममता से हत्या कर दी। वारदात के छह घंटे तक पत्नी का रक्तरंजित शव घर के कमरे में पड़ा रहा। सुबह पांच बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली। मृतका के पिता ने दामाद के खिलाफ बेटी की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एसएसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर अधीनस्थों को वारदात के जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।



नीमा देवी (फाइल फोटो)

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम इमरतपुर थाना रेहड़ (बिजनौर, यूपी) निवासी नीमा देवी (32) का विवाह दस वर्ष पूर्व ग्राम मंडुवाखेड़ा निवासी राहुल कुमार कश्यप से हुआ था। राहुल हलवाई का कारीगर था, वहीं नीमा एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करती थी। मोहल्ले वालों के मुताबिक पति-पत्नी में आए-दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। फैक्ट्री में कार्य करने के कारण राहुल पत्नी पर शक करता था।

वहीं पत्नी, पति के शराब पीने की आदत से नाराज रहती थी। इसी शक और शराब को लेकर दोनों में विवाद और बढ़ता चला गया। शनिवार की रात लगभग 11 बजे दोनों में फिर से झगड़ा हुआ। इस बार झगड़ा इतना जबरदस्त था कि आवेश में आए राहुल ने पत्नी के सिर पर कूकर से वार कर दिया। जिससे नीमा जमीन पर गिर गई। राहुल फिर भी नहीं रुका और उसने पत्नी के मुंह पर घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। हैवान बन चुके राहुल का गुस्सा यहां भी नहीं थमा और उसने धारदार हथियार से पत्नी के हाथ-पैर एवं गला रेत दिया। जिससे नीमा की मौत हो गई।

सीओ दीपक सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर सुबह छह बजे स्थानीय पुलिस ने नीमा के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।



जसपुर के मंडुवाखेड़ा गांव में नीमा के घर के बाहर लगी ग्रमीणों की भीड़। ● अमृत विचार



हत्यारोपी राहुल।

### पत्नी की हत्या के बाद बहनोई के घर जाकर सो गया राहुल

**जसपुर** : पत्नी की हत्या करने के बाद राहुल कुमार गांव से करीब चार किमी दूर ग्राम नारायणपुर स्थित अपने बहनोई छत्रपाल कश्यप के घर गया। वहां वह रात होने के कारण सो गया। सुबह बहनोई ने साले के कपड़ों पर खून लगा देखा तो उसने इसकी सूचना भगवती देवी (सास) को देकर पूछा कि घर में कुछ हुआ है किया, तो सास ने राहुल के घर जाकर देखा कि बहू नीमा खून से लथपथ कमरे के फर्श पर पड़ी है और उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद राहुल की मां ने ही पुलिस को सूचना दी।

### घटना के समय बच्चे नहीं थे घर

**जसपुर** : मृतका नीमा और राहुल के दो बच्चे हैं। 9 वर्षीय पुत्री नेहा व 7 वर्षीय पुत्र लव। गर्मियों की छुट्टी के चलते बीती शुक्रवार को नीमा बच्चों को अपने मायके इमरतपुर छोड़ कर आई थी। तब से वह वहीं पर थे। घटना के समय पति-पत्नी अकेले थे। दरअसल राहुल के माता-पिता एवं एक भाई अलग मकान में रहते हैं। नीमा के भाई राजू ने बताया कि यदि बच्चे घर होते तो यह घटना नहीं घटती।

### ससुर ने दामाद के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**जसपुर** : मृतका के पिता नन्हे सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह पांच बजे उन्हें सूचना मिली कि शनिवार की रात लगभग 12 बजे उनकी पुत्री नीमा देवी की दामाद राहुल कुमार ने गला रेत कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि विवाह के बाद से ही उनका दामाद बेटी को मारता पीटता था। कई बार समझाने के बाद वह नहीं माना।

प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया कि महिला के सिर पर कूकर से वार किया गया। हाथ-पैर एवं गले पर धारदार हथियार के निशान हैं। पति ने ही नीमा देवी की हत्या की है। हत्या का कारण पति का पत्नी पर शक और पारिवारिक विवाद सामने आया है। संबंधित थाना पुलिस ने हत्यारोपी को हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। **–मणिकांत मिश्रा**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

## महिला ने युवक पर लगाया बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप

**रुद्रपुर:** ट्रांजिट कैंप की रहने वाली महिला ने एक युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना ट्रांजिट क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंप कहा कि उसकी बेटी कक्षा 9वीं की छात्रा है। करीब एक माह पूर्व मूल रूप से ग्राम बसई थाना शाही बरेली हाल विवेक नगर वार्ड-9 निवासी नरेंद्र गंगवार पुत्र हरीश कुमार गंगवार ने किसी तरह उनकी बेटी से दोस्ती कर ली। 27 अप्रैल की दोपहर को नरेंद्र उनकी बेटी को बहला फुसलाकर घुमाने के बहाने से अपने वार्ड-9 निवासी दोस्त दिनेश कुमार के कमरे में लेकर गया। महिला का आरोप है कि यहां नरेंद्र ने उनकी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद से बेटी घर में गुमसुम रहने लगे। जब बेटी से इसका कारण पूछा तो उसने घटना की पूरी जानकारी दी। इसके बाद महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि पुलिस ने आरोपी नरेंद्र के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। साथ ही शनिवार की देर रात उसे विवेक नगर स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

# सड़क हादसों में दो मासूम बच्चों समेत 11 घायल



बाजपुर में हादसे के बाद सड़क पर गिरा दूधिया और मौके पर मौजूद लोग।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अलग-अलग सड़क हादसों में दो मासूम बच्चों समेत 11 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

रविवार की प्रातः करीब 7 बजे नगरीय क्षेत्र में मुख्यमार्ग पर इंटर कालेज मार्केट के सामने बाइक सवार दूधिया रोड क्रास कर रहा था। इसी बीच दोराहा से बरहैनी की ओर जा रहे बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में बुड़ानपुर अलीगंज मुरादाबाद उप्र निवासी मोहम्मद हारुन (35) पुत्र मोहम्मद उमर, पत्नी मेहनाज बी (30), बेटा अजलान (8) एवं बेटी सिदरा (8) तथा दूसरी बाइक पर सवार सुल्तानपुर पट्टी निवासी इस्लम नबी (55) घायल हो गया। इन सभी को राहगीरों की मदद से नगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा शनिवार की देर रात करीब साढ़े 10 बजे रामराज रोड पर एक निजी अस्पताल के निकट दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें मरियमपुर नंबर-तीन निवासी जॉन (38) पुत्र नार्बट, गर्भवती मंजू (28) पत्नी जॉन, भतीजी तानिया (20), दूसरी बाइक पर सवार मोहल्ला संजय कालोनी निवासी शिवा (18) पुत्र विपिन एवं इसके दो साथी घायल हो गए, जिनमें से चार घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।



अजलान।



घायल सिदरा।

# 7.29 लाख की प्रतिपूर्ति के आदेश

संवाददाता, काशीपुर

- एमएसीटी की अदालत ने बीमा कंपनी को दिये भुगतान के आदेश
- बीमा कंपनी को इस राशि पर छह फीसदी का ब्याज भी देना होगा

**अमृत विचार:** सड़क हादसे में एक महिला की मौत के मामले में द्वितीय एडीजे एमएसीटी की अदालत ने बीमा कंपनी को मृतका के पति व पुत्र को 7.29 लाख रुपये की प्रतिपूर्ति देने के आदेश दिये हैं।

रम्पुरा कृष्णा कॉलोनी निवासी मनोरथ लखचौरा ने आईटीआई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि 10 फरवरी 2023 को वह अपनी पत्नी लीला देवी के साथ स्कूटी से केंद्रीय विद्यालय बाजपुर रोड जा रहे थे। दोपहर लगभग सवा बारह बजे आईजीएल तिराहे से लगभग 100 मीटर पहले ग्राम हेमपुर इस्माइल पर पहुंचे। इसी दौरान पीछे से एक सीएनजी गैस केंटर के चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी पत्नी लीला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। तब घायल पत्नी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले में पीड़ित के अधिवक्ता समर्थ विक्रम ने वाहन स्वामी, चालक के अलावा बीमा कंपनी के खिलाफ प्रतिपूर्ति के लिए परिवाद प्रस्तुत किया। जांच में पाया गया कि वाहन 16 अगस्त 2023 तक बीमित था। परिवाद पर द्वितीय एडीजे एमएसीटी रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने सुनवाई करते हुए नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को परिवादी मनोरथ लखचौरा व उसके बेटे प्रकाश लखचौरा को 7 लाख 28 हजार 808 रुपये की प्रतिपूर्ति देने के आदेश दिए। बीमा कंपनी को इस राशि पर छह फीसदी का ब्याज भी देना होगा।

# महिला की मौत से नाराज परिजनों ने डॉक्टर को पीटा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना अंतर्गत कई महीने से बीमार चल रही 28 वर्षीय महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान परिजनों ने मृतका का इलाज कर रहे चिकित्सक से गाली गलौज एवं मारपीट की। चिकित्सक ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

डायल 112 पर महिला की मौत की सूचना दिए जाने के बाद पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना अंतर्गत केजीएन कॉलोनी निवासी विनीश बेगम पत्नी गुलाम अली रजा का स्वास्थ्य पिछले कई महीनों से खराब चल रहा था। परिजनों के अनुसार कई चिकित्सकों के पास इलाज कराने के बावजूद विनीश के स्वास्थ्य में कोई सुधार न होने के बाद सिरौली कला क्षेत्र में एक चिकित्सक स्वास्थ्य ठीक करने का भरोसा देकर करीब एक माह से महिला का इलाज कर रहा था।




प्रयास

उत्तराखंड में बनाये गये थे 19 परीक्षा केंद्र, जीबी पंत विवि के कुलपति ने कहा-परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई संपन्न

# पीजी में 7942 व एमसीए में 111 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर की ओर से विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों कृषि, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान, सामुदायिक विज्ञान एवं मत्स्य पालन विज्ञान के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की। इसके लिए उत्तराखंड में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। वहीं कृषि व्यवसाय प्रबंधन में एमसीए कार्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा मुख्य परिसर पर आयोजित हुई।

रविवार को परीक्षा संपन्न होने के बाद जीबी पंत विश्वविद्यालय के परीक्षा समन्वयक डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों के लिए कुल 9291 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसमें 7942 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1349 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर पंतनगर में पंजीकृत 3342 अभ्यर्थियों में 2902 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। अल्मोड़ा जिले में दो परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत 662 अभ्यर्थियों में 592, देहरादून जिले में चार परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत 2002 में से 1637 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसी तरह नैनीताल जिले में तीन परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत 1820 में से 1580, पिथौरागढ़ जिले में दो परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत 611 अभ्यर्थियों में 528, ऋषिकेश में एक परीक्षा केंद्र में पंजीकृत 541 अभ्यर्थियों में 313, पौड़ी के एक परीक्षा केंद्र में 541 अभ्यर्थियों में 313 और गढ़वाल जिले में एक परीक्षा केंद्र में 417 अभ्यर्थियों में 286 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसके अलावा ऊधमसिंह नगर जिले में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ। यहां पंजीकृत 3342 में 2902 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कृषि व्यवसाय प्रबंधन में एमसीए कार्यक्रम में पंजीकृत 135 अभ्यर्थियों में 111 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा संपन्न होने के बाद जीबी पंत विश्वविद्यालय के आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई है।




परीक्षा केंद्र में रविवार को प्रवेश परीक्षा देते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

## संपादकीय

# शुद्ध एफडीआई में गिरावट

भारत जहां तेजी से विकास कर रहा है, वहीं चिंता की बात है विदेशी कंपनियां भारत में निवेश किए गए धन को वापस अपने देश ले जा रही हैं। यह प्रवृत्ति भारत में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के स्तर को कम कर रही है। इसका मतलब है कि भारत में विदेशी निवेश की शुद्ध मात्रा कम हो रही है। एफडीआई को लेकर हाल के सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में शुद्ध एफडीआई सिर्फ 0.4 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 10.1 अरब डॉलर था। यानी इसमें करीब-करीब 96 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर, सकल एफडीआई यानी कुल विदेशी निवेश में 13.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अब 81 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। नेट एफडीआई में गिरावट से साफ है कि भारत में भले ही निवेश आया हो, लेकिन उसी समय बड़ी मात्रा में पैसा बाहर भी गया है। सवाल उठता है कि क्या विदेशी कंपनियों में धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं। हालांकि एफडीआई में कमी सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक ट्रेंड है, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत के लिए एक चिंता का विषय है क्योंकि यह भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। शुद्ध एफडीआई की कमी से भारत में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

वास्तव में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी देश की अर्थव्यवस्था का एक आवश्यक चालक है क्योंकि वे नौकरी बाजार, तकनीकी ज्ञान के आधार को बढ़ावा देते हैं और गैर-लोन वित्तीय संसाधन प्रदान करते हैं। 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत में आर्थिक उदारीकरण शुरू हुआ और तब से भारत में एफडीआई में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके बाद एक करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हुईं। सरकार ने एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और प्रोत्साहन भी दिए हैं, जैसे ' मेक इन इंडिया' पहल। साथ ही देश में एफडीआई को आकर्षित करने के लिए कई कारकों पर ध्यान दिया जाता है जैसे कि गतिशील कारोबारी माहौल और उदार क्षेत्रीय नीतियां। निवेश में गणितीय अवधारणाओं को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निवेश निर्णयों में मदद करता है और जोखिमों को कम करता है। निवेश नीतियों में सुधार करने से निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने और जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। जब तक विदेशी कंपनियों के अनुकूल देश में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं करेंगे, तब तक बहुत अधिक निवेश की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# बदलते भारत को चाहिए तेज, तकनीकी रक्षा रणनीति



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

भारत की वायुशक्ति और रक्षा तैयारियों को लेकर हाल के दिनों में कुछ गंभीर सवाल उठाए गए हैं और ये सवाल किसी और नहीं, बल्कि स्वयं देश के सर्वोच्च वायुसेना अधिकारी ने उठाए हैं। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह का यह बयान कि 'एक भी रक्षा परियोजना समय पर पूरी नहीं होती' केवल एक क्षोभ नहीं, बल्कि उस हताशा और यथार्थ का प्रतिबिंब है, जिसे भारतीय सशस्त्र बल दशकों से झेल रहे हैं। घरेलू रक्षा उत्पादन को लेकर किए गए वादों, घोषणाओं और नीतियों की पोल अब खुलकर सामने आ रही है, खासकर तब, जब देश को अपने पड़ोसी देशों के साथ लगातार बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में सात मई को भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर किए गए हवाई हमले के बाद उपजे हालात ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि भारत को तत्काल और निर्णायक सैन्य क्षमताओं की आवश्यकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन दिनों तक चले ड्रोन हमले, मिसाइल वार और सीमाओं पर भारी गोलाबारी के बाद दोनों देशों ने भले ही 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा कर दी, लेकिन इस टकराव ने देश की सामरिक तैयारी को लेकर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

इस पूरे परिदृश्य में वायुसेना प्रमुख का यह कथन कि 'हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा ही नहीं हो सकता?' बहुत कुछ कहता है। भारत वर्षों से 'मेक इन इंडिया' के जरिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविकता यही है कि आज भी भारत को अपने हथियारों, लड़ाकू विमानों, टैंकों और यहां तक कि इंजन तक के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का बयान ऐसे समय आया है, जब भारत में 83 तेजस एमके-1 ए विमानों की डिलीवरी पहले ही देरी का शिकार हो चुकी है। 2021 में हुए समझौते के अनुसार हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इन्हें डिलीवर करना था, लेकिन अभी तक एक भी विमान वायुसेना को नहीं मिला है। इसी तरह 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की डिलीवरी भी सितंबर 2025 तक पूरी होनी थी, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इसमें भी देरी तय है। वायुसेना प्रमुख का कहना है कि केवल निर्माण नहीं, बल्कि 'डिजाइन इन इंडिया' की आवश्यकता है यानी भारत को सिर्फ असेंबलिंग नहीं, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के जरिए रक्षा क्षेत्र को खड़ा करना होगा। रक्षा विशेषज्ञ राहुल बेदी का आकलन और अधिक चिंता बढ़ाने वाला है। उनके अनुसार, रक्षा मंत्रालय की व्यवस्था इतनी धीमी और जटिल है कि किसी भी रक्षा परियोजना को पूरा होने में औसतन 7-10 साल लग जाते हैं।

> एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती।

मिसाल के तौर पर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) की मंजूरी अभी हाल में ही दी गई है, जो भारत का पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट है, अभी भी प्रोटोटाइप चरण में है। पहला प्रोटोटाइप 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है और उत्पादन 2035 से शुरू होने की संभावना है। उसके बाद इसे वायुसेना में शामिल होने में कम से कम तीन साल और लगेंगे। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो भी इस परियोजना को पूरा होने में 13 वर्ष लगेंगे। भारत और रूस के बीच 2007-08 में शुरू हुआ एफजीएफए परियोजना का करार भी नाकाम रहा। भारत ने इस परियोजना पर 11 साल तक समय और धन खर्च किया, लेकिन 2018 में इससे बाहर हो गया। वहीं रूस ने इस परियोजना को आगे बढ़ाया और आज 'सुखोई-57' के रूप में उसका स्टेल्थ फाइटर सामने है। यदि भारत इससे जुड़ा रहता तो आज उसके पास भी एक उन्नत स्टेल्थ लड़ाकू विमान होता। जब हम भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन की संख्या को देखते हैं, तो यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृति के बावजूद वर्तमान में वायुसेना के पास केवल 30 स्क्वाड्रन ही हैं, जिनमें से दो से तीन स्क्वाड्रन अगले एक-दो वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाली है यानी निकट भविष्य में वायुसेना की ताकत केवल 28 स्क्वाड्रन तक सीमित रह सकती है। यह संख्या चीन और पाकिस्तान के संयुक्त खतरे को देखते हुए बेहद अपर्याप्त है।

वायुसेना ने 2018-19 में 114 लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन छह वर्ष बाद भी उस प्रस्ताव पर कोई निर्णायक प्रगति नहीं हुई है। इसका मतलब है कि हमारी सुरक्षा जरूरतें नीति-निर्धारकों की प्राथमिकता में नहीं हैं। राफेल लड़ाकू विमान की खरीद की कहानी भी देरी और जटिलताओं का उदाहरण है। 2007-08 में इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर 2016 में हुए और डिलीवरी 2018 से शुरू हुई। इसी तरह तेजस लड़ाकू विमान पर बातचीत 1981 में शुरू हुई थी, लेकिन इसके पहले वर्जन को आने में 40 साल लग गए और वह भी तब, जब उसका 45 प्रतिशत हार्डवेयर आज भी इंपोर्टेड है। इसका इंजन अमेरिका से आता है और सबसे अहम बात यह है कि अब तक भारत अपने किसी भी प्रमुख लड़ाकू विमान, टैंक या हेलीकॉप्टर के लिए स्वदेशी इंजन विकसित नहीं कर पाया है।

एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती। ग्लोबल फायर पावर की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है, जबकि पाकिस्तान 12 वें स्थान पर है। भारत के पास 22 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक, 4,201 टैंक, लगभग डेढ़ लाख बख्तरबंद वाहन और 3,975 तोपें हैं। वायुसेना के पास 2,229 विमान हैं, जिनमें 513 लड़ाकू विमान शामिल हैं, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन की संख्या जरूरत से कम है। यही वह अंतर है, जो तकनीकी और रणनीतिक तैयारियों की कमी को दर्शाता है। भारत का रक्षा बजट 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये हैं, जिसमें से केवल 1.80 लाख करोड़ रुपये आधुनिकीकरण और नए हथियारों की खरीद के लिए निर्धारित हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राशि चीन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए अपर्याप्त है।

बहरहाल एयरचीफ मार्शल की यह टिप्पणी कि 'अब समय है डिजाइन इन इंडिया का' अपने आप में एक नई सोच को जन्म देती है, जब तक हम केवल 'असेंबलिंग' करते रहेंगे, आत्मनिर्भरता दूर का सपना ही बनी रहेगी। 'मेक इन इंडिया' का सपना तभी साकार होगा, जब भारत स्वदेशी रक्षा उत्पादन की संपूर्ण प्रणाली (डिजाइन, विकास, उत्पादन और परीक्षण) को सक्षम बनाएगा, लेकिन जिस तरह की देरी, नीति-निर्धारण में अनिर्णय और तकनीकी निर्भरता अब तक देखी गई है, उससे स्पष्ट है कि भारत को एक 'बोल्ड डिफेंस रिफॉर्म' की जरूरत है। स्वदेशी तकनीक और स्वदेशी रणनीतिक औद्योगिक क्षमताएं विकसित करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और सेना, सभी को मिलकर एक ठोस रोडमैप बनाना होगा।

इस पूरे विमर्श में एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को केवल बयान भर न समझा जाए, यह देश की सुरक्षा नीति के लिए एक निर्णायक क्षण है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## प्रसंगवश

# जेठ



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जेठ शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव है, जो 'बड़े' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। हिंदू कलेंडर में इस नाम का एक महीना होता है। साथ ही यह एक रिश्ते का भी नाम है। किसी स्त्री के पति के बड़े भाई को जेठ कहते हैं। जेठ महीना हिंदू वत्सर का तीसरा मास है और यह नामकरण इसलिए हुआ, क्योंकि इसकी पूर्णिमा को चंद्र देव ज्येष्ठा नक्षत्र पर होते हैं।

इस समय गर्मी चरम पर होती है। जायसी कवि 'पद्मावत'में कहते हैं," जेठ जरै जग चलै लुवारा। उठहिं बवंडर परहिं अंगारा"।। और उनकी वियोगिनी रानी नागमती की स्थिति यह है: "चारिउ पवन झकोरै आगी। लंका दाहि पलंका लागी।।" इस मास में यदि खूब तपन हो, तभी सही रहता है। बारिश अच्छी होती है।

घाघ कहते हैं,"जेठ मास जब तपै निरंता। तब जानौ वरषा बलवंता", किंतु यदि इसमें पुरवाई हवा चलें, तो वर्षा क्षीण होती है,'जब जेठ चलै पुरवाई। तब सावन धूरि उड़ाई"। जेठ में जब थोड़ा पानी बरस जाता है, तो उसे 'दवंगरा' कहते हैं। पहले यातायात के साधन न के बराबर थे। पैदल या बैलगाड़ी ही थी, अतः इस महीने में यात्राएं वर्जित थीं। जहां तक जेठ के रिश्ते की बात है, तो इसकी बड़ी मर्यादा स्थापित है। छोटे भाई की पत्नी न केवल उन्हें घूंघट काढ़ती है, बल्कि वह उस पाटा पर भी नहीं बैठ सकती, जिस पर ज्येष्ठ भोजन आदि के लिए बैठे हो। इतना ही नहीं, उनका नाम लेना तो दूर, जेठ शब्द कहने पर भी दोष लग जाता है।

एक कथा के अनुसार एक महिला के जेठ का नाम 'कपूर' था। वह पंसारी की दूकान पर कपूर खरीदने गई। अब न तो वह कपूर शब्द कह सकती थी और न ही जेठ। अतः वह कुछ यों बोली,"बैसाखै ऊपर उइ लगैं, जिनकी हमैं है लाज। ऐ बनिया! हमैं वो देव, जामें आवै षास सुवास"।। दुकानदार समझ नहीं पा रहा था। संयोग से वहां एक कवि खड़े थे,तो वे समझ गए और दुकानदार से कहा,"गुप्ता जी! ये शायद कपूर मांग रही हैं, इनके जेठ का यही नाम है"। महिला बोली, हां! ऐसा ही है, तब उसे सौदा मिल पाया। अब बड़ों में भगवान विष्णु इंद्र के छोटे भाई मान्य हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी जी ज्येष्ठ जी से कितनी दूरी बनाकर रखतो हैं, इसकी कोई स्पष्ट कथा उपलब्ध नहीं है।

# देश में जासूसी का मायाजाल



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए एक के बाद एक भारतीय जासूसी करते पकड़े जा रहे हैं। यह शुरुआत पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ हुई थी। हरियाणा की रहने वाली ज्योति के साथ उसके पांच साथियों को भी हिरासत में लिया है। जासूसी करने वाले ये लोग हरियाणा और पंजाब के हैं।

ज्योति का इंस्टाग्राम खाते को खंगालने पर पता चला है कि ज्योति पहलगाम में आतंकी हमला होने के एक महीने पहले श्रीनगर और पहलगाम की यात्रा पर थी। उसके तार पाकिस्तान उच्चायुक्त में काम करने वाले दानिश नाम के एक अधिकारी से भी जुड़े पाए गए हैं। इसी ने ज्योति को पाकिस्तान भेजा था। ज्योति कई महीने से भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। उसकी संदिग्ध विदेशी यात्राएं और संदिग्ध विदेशी लोगों से संपर्कों ने उसे जासूसी करने के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया। वह लगातार अपने यूट्यूब चैनल पर संवेदनशील सैन्य स्थलों के वीडियो डाल रही थी। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक उपनिरीक्षक मोतीराम जाट को भी हिरासत में लिया है। वह 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को पहुंचा रहा था। इसी तरह की जासूसी करते हुए एक निजी कंपनी में इंजीनियर रवि वर्मा को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी रक्षा विभाग में ठेके पर काम करती थी। रवि पर मुंबई में नौसेना के प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान को महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप लगे हैं। उसने 14 युद्धपोतों और रक्षा जहाजों की जानकारी दी है। रवि को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ) की जिस महिला एजेंट ने अपने जाल में फंसाया था, उसका नाम पायल शर्मा और इस्प्रित बताया गया है। इन महिलाओं के साथ रवि हनीट्रैप में था।

कुछ साल पहले एटीएस ने मध्य प्रदेश में 15 लोगों को जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया था। इस जासूसी का तंत्र ओडिशा और आंध्र प्रदेश तक फैला पाया गया था। जासूसी नेटवर्क में भोपाल के तीन लोग पकड़े गए थे। इनमें ध्रुव सक्सेना और मोहित अग्रवाल एक राजनैतिक दल से जुड़े थे। इस पूरे नेटवर्क का सरगना सतना का बलराम था, जो इन लोगों के साथ मिलकर समानांतर टेलीफोन ऐक्सचेंजों के मार्फत इंटरनेट कॉल को मोबाइल नेटवर्क में बदलकर चाहे गए नंबरों पर बात करवाने का अवैधानिक काम करते थे। पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेजने वाले इन लोगों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित और सूचना तकनीक से बीई थे। हैरानी देश की गुप्तचर संस्थाओं पर इसलिए है, क्योंकि जासूसी का यह नेटवर्क तीन साल से चल रहा था और उन्हें भनक तक नहीं लग पाई थी। यदि जम्मू के थाना आरएस पुरा में सतविंदर और दादू नहीं पकड़े गए होते तो मध्य-प्रदेश में फैल चुके आईएसआई के इस जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ ही नहीं होता?

हालांकि प्रदेश एटीएस ने अपनी पड़ताल को महज तीन माह के भीतर जिस कामयाबी के साथ अंजाम तक पहुंचाकर रैकेट का पर्दाफाश जिस तत्परता से किया है, वह सराहनीय पहल थी, लेकिन बड़ा सवाल है कि खुफिया तंत्र इस जासूसी नेटवर्क के तार पकड़ने में क्यों नाकाम रहा? जबकि अब हमारे पास ध्वनि तरंगों और व्यक्ति की आवाज को बीच में ही पकड़ने के आधुनिकतम उपकरण हैं। सिम कार्डों और बैंक खातों को आधार पहचान-पत्र से जोड़ने पर नरेंद्र मोदी सरकार लगातार दबाव बनाए हुए है। बावजूद बलराम के पास से 100 सिम पाईं गईं और बैंकों में उसके 100 से भी ज्यादा खाते पाए गए। इससे पता चलता है कि डिजिटल इंडिया देशद्रोही गतिविधियों पर शिकंजा कसने के बजाय, उन्हें आसान बना रहा है।

एक तरफ देश की नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि नागरिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करने के लिए बाध्य हो या फिर स्वेच्छा से करे। दूसरी तरफ सोशल साइट ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें व्यक्ति निजी जिज्ञासा पूर्ति के लिए उपयोग करता है। केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में धन पहुंचाती हैं। नोटबंदी और जीएसटी इस मकसद से अमल में लाए गए थे कि सरकारी, व्यावसायिक और निजी लेनदेन में अधिकतम पारदर्शिता आए और देश भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्त हो? इन लक्ष्यों को हम कितना हासिल कर पाए हैं, यह तो फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन इन प्लेटफार्मों के जरिए खाताधारकों का धन उड़ाने और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ने वाले कार्यकताओं की जासूसी करने का कुचक्र जरूर सामने आता रहा है। अतएव डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# मानव संस्कृति का विकास



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मानव संस्कृति की विकास धारा दो किनारों के बीच में बहती रही है और बह रही है। एक किनारा मनुष्य जैसा है अर्थात् यथार्थ और दूसरा किनारा है- मनुष्य जैसा होना चाहिए अर्थात् आदर्श। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं कि इस द्वंद्व के बीच ही मानव संस्कृति का विकास हुआ है और हो रहा है। जैसा होना चाहिए वाला पक्ष अर्थात् आदर्शवाद एक तो है नहीं, उसमें बहुत मतभेद और संघर्ष हैं।

इस संघर्ष का कारण सत्ता है, वह सत्ता धर्म के तंत्र की हो अथवा धन के तंत्र की हो या राज्य के तंत्र की। कितने धर्म हैं? धर्म नहीं, वे वास्तव में धर्म के तंत्र की सत्ताएं हैं। सभी धर्मसत्ताएं यह कहती हैं कि यदि दुनिया के सभी लोग हमारे धर्मतंत्र में आ जाएं, तो बस मानव-कल्याण हो जाए, स्वर्ग धरती पर उतर आवे। धर्मतंत्र की सत्ता वाले इतने खूंखार हो जाते हैं कि वे अभी भी कल्पना कर रहे हैं कि दुनिया हम जैसी हो जाएगी। इन लोगों ने ईश्वर की परिकल्पना को भी उससे जोड़ लिया है, उस परिकल्पना को हम गॉड कहें या खुदा कहें अथवा अन्य कोई नाम दे लें। आतंकवादी भी उसी लाइन के लोग हैं। "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में तथाकथित राष्ट्रवादी भी हैं, जो बचपन से ही बालक को मन में कुछ अवधारणाओं की प्रतिष्ठा करते हैं और साम्यवादी भी हैं, जिन्होंने सोवियत-संघ के जमाने में ब्रेनवाश करने के बहुत से प्रयोग किए थे। "जैसा होना चाहिए।" आइडियोलॉजी वाला यह पक्ष सत्तावादी होता है। यह समझता है कि सत्ता हमारे हाथ में रहेगी तो हम जैसा चाहते हैं, मनुष्य वैसा ही बन जाएगा। इस पक्ष के लोग अंततः व्यष्टि स्वार्थ के संगठन को जन्म देते हैं। स्वार्थों की गांठें लगती चली जाती हैं और संगठन विकसित होता चला जाता है।

धन की सत्ता वाला समूह भी इसकी ही छत्ती के नीचे अपना स्वार्थ साधन करता है, इसलिए राजसत्ताएं और धनसत्ताएं इस पक्ष को साधन प्रदान करती हैं। आतंकवाद को प्रश्रय कौन दे रहा है? ये ही शक्तियां हैं। ध्यान देने की बात यह है कि "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में एक समष्टि पक्ष भी होता है। सच तो यह है कि व्यष्टिस्वार्थों के संगठन वाला पक्ष भी समष्टि पक्ष को ही सिद्धांत आइडियोलॉजी के रूप में प्रचारित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# पूर्वोत्तर भारत: देश की राजस्व वृद्धि का नया इंजन



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं।

पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी देश के विकास मानचित्र पर हाशिए पर रखा गया क्षेत्र माना जाता था। आज राष्ट्रीय आर्थिक विकास की एक नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। आठ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम का यह क्षेत्र न केवल अपनी जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अब कृषि, पर्यटन, सीमा व्यापार, हैंडलूम और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर भारत की राजस्व संरचना को मजबूत कर रहा है। यह परिवर्तन आकंड़ों और तथ्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

नीति आयोग की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि पूर्वोत्तर के आठों राज्यों की कुल सम्मिलित जीएसडीपी 6.8 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसमें असम सबसे आगे है, जिसकी अकेले की जीएसडीपी 2.7 लाख करोड़ है। वहीं, सिक्किम और मिजोरम जैसे छोटे पहाड़ी राज्य भी 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन राज्यों में पारंपरिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा और केंद्र सरकार की विशेष योजनाएं अब प्रत्यक्ष राजस्व में बदल रही हैं। पूर्वोत्तर भारत को जैविक खेती के लिए आदर्श क्षेत्र माना जाता है। सिक्किम पहले ही 100 प्रतिशत जैविक राज्य घोषित किया जा चुका है। इसके अलावा मेघालय, मणिपुर और नागालैंड जैसे राज्य भी तेजी से जैविक उत्पादों की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इन राज्यों ने लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन जैविक उत्पादों का उत्पादन किया, जिसमें जैविक चाय, हल्दी, अदरक और बांस जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। इन उत्पादों की देश और विदेशों में जबरदस्त मांग है। अकेले जैविक उत्पादों से क्षेत्र को 1,350 करोड़ की निर्यात आय हुआ, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि क्षेत्र के राजस्व में भी इजाफा हुआ। पर्यटन भी अब पूर्वोत्तर की आर्थिकी का अहम स्तंभ बनता जा रहा है। साल 2022-23 में पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 1.15 करोड़ घरेलू और 1.2 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे। इसमें 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'देखो अपना देश' और 'होमस्टे पर्यटन' जैसी योजनाओं का योगदान रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, पर्यटन से संबंधित सेवाओं से पूर्वोत्तर ने 4800 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की। यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि होटल, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी आर्थिक गति लाता है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक स्थिति इसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाती है। भारत-म्यांमार, भारत-बांग्लादेश और अब प्रस्तावित त्रिकोणीय मार्ग (भारत-चीन-भूटान) से सीमा व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। असम और मणिपुर जैसे राज्य सीमा व्यापार के जरिए 1,100 करोड़ से अधिक का वार्षिक राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत 1.76 लाख करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पूर्वोत्तर में चल रही हैं, जिनमें सड़क, रेलवे, जलमार्ग और हवाई संपर्क शामिल हैं। इससे लॉजिस्टिक लागत में गिरावट आई है और क्षेत्रीय उत्पादों की देश व विदेशों तक आसान पहुंच संभव हुई है। पूर्वोत्तर के हैंडलूम और हथकरघा उद्योग की बात करें तो यह न केवल सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि अब एक सशक्त आर्थिक गतिविधि भी बन चुका है। त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड जैसे राज्यों के हथकरघा उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच रहे हैं। 2023-24 में इन उत्पादों का कुल निर्यात 620 करोड़ के पार पहुंचा। इससे जुड़े लाखों कारीगरों को न केवल रोजगार मिला, बल्कि यह क्षेत्र के लिए आय का एक स्थायी स्रोत बन गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की " पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना" (एनईआईडीएस) के तहत अब तक 3,800 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिल चुकी है। शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में वृद्धि ने पूर्वोत्तर के युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया है।

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं। इन स्टार्टअप्स ने अब तक 500 करोड़ से अधिक का निजी निवेश आकर्षित किया है, जो यह दिखाता है कि पूर्वोत्तर अब सिर्फ संसाधनों पर आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि नवाचार आधारित विकास की दिशा में भी अग्रसर है। अंततः, यह स्पष्ट है कि पूर्वोत्तर भारत अब देश की आर्थिक धारा में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर चुका है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही, तो पूर्वोत्तर भारत न केवल देश की जीडीपी में 8 प्रतिशत से अधिक योगदान देगा, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को भी दूर करेगा। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# खत्म होता दिख रहा लाल आतंक



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूमि और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। ध्यान इस बात का रखना होगा क़ि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन ने की सम्मान पेंशन बढ़ाने की मांग

## मांगों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित करने का लिया निर्णय

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन की बैठक

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में सेनानी संगठन के बैनर तले आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन की बैठक में तमाम मुद्दों को लेकर चर्चा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए गए।

वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के बाईपास स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में वक्ताओं ने सम्मान पेंशन को बढ़ाकर 10 हजार रुपए करने की मांग की। उन्होंने कहा जिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पहली पीढ़ी दिवंगत हो चुकी है, उनकी दूसरी पीढ़ी को भी सुविधा प्रदान करने एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गांव को विशेष गांव का दर्जा दिया जाए। बैठक में किच्छा के आदित्य चौक के निकट वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एडवोकेट स्व. राम नारायण सिंह के नाम से स्मृति द्वार बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में जो सेनानी परिवार वर्ष 1950 से निवास कर रहे हैं, उनको भूमि का मालिकाना हक दिया जाना चाहिए। बैठक में तमाम बिंदुओं पर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि जल्द ही संगठन के बैनर तले ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र प्रेषित कर निम्न बिंदुओं पर जल्द कार्रवाई का आग्रह किया जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष मनोहर चंद लोहनी ने कहा कि सेनानी परिवारों के हितों की रक्षा के लिए संगठन के माध्यम से हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में सुभाष मिश्रा, गणेश चंद पांडे, नरेंद्र राजभर, मदन मोहन पांडे, महेंद्र सिंह बिष्ट, आनंद प्रकाश सिंह, हरिश्चंद्र जोशी, गोपाल सिंह रावत, इंद्रासन यादव, शिवाजी प्रसाद, धनंजय सिंह, विजय शाही, रवींद्रनाथ तिवारी, मुन्ना लाल, मानवेंद्र बहादुर शाही, ठाकुर भगवान सिंह आदि मौजूद रहे।

## दुग्ध व्यवसाय को रोजगारपरक बनाएं

**दिनेशपुर :** दुग्ध उत्पादक दुग्ध व्यवसाय को रोजगारपरक बनाएं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। यह विचार पूर्व सूबेदार भगवत सिंह पांगती ने कहे। इस दौरान सभी सदस्यों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। रविवार को विश्व दूग्ध दिवस पर दूग्ध उत्पादन समिति दलीपनगर में क्षेत्र पर्यवेक्षक डीएस बोरा ने सदस्यों को सरकार द्वारा दूग्ध उत्पादकों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पूर्व सूबेदार भगवत सिंह पांगती ने कहा कि क्षेत्र में अधिकांश किसान छोटी जोत के हैं। उन्हें रोजगार बढ़ाने के लिए खेती के साथ पशुपालन करना चाहिए। जिससे उन किसानों को आय बढ़ाने में मदद मिल सके। संचालन समिति सचिव कमला देवराड़ी ने किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष सीता देवी, कुंदन सिंह धर्मशक्तू, मुकेश खोलिया, उदय सिंह धर्मशक्तू, खेमानंद खोलिया, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, प्रकाश बहुगुणा, रमेश देवराड़ी, दीवान सिंह बिष्ट, लक्ष्मण रावत, सुरेंद्र सिंह मर्तोलिया, देव सिंह धर्मशक्तू, मनोज सुयाल, पाला सिंह आदि मौजूद थे।


रुद्रपुर के वार्ड 12 में लोगों को जानकारी देते दुग्ध संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# लोगों को दी दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता संबंधी जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

- श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन को किया गया याद
- विश्व दुग्ध दिवस पर वार्ड 12 में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की स्मृति में वार्ड नंबर 12 में विश्व दुग्ध दिवस पर उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान श्वेत क्रांति के जनक को याद किया गया। साथ ही लोगों को आंचल दूध और उससे बने दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता की जानकारी दी गयी। रविवार को कार्यक्रम के दौरान दुग्ध संघ के प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता ने बताया कि डॉ. वर्गीस कुरियन एक प्रसिद्ध भारतीय डेयरी वैज्ञानिक थे। उन्हें श्वेत क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है। जो भारत में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने और डेयरी किसानों की आजीविका को सुधारने का प्रयास किया। उन्होंने दुग्ध उत्पादन में क्रांति लाने के लिए सहकारी मॉडल की स्थापना की। जिससे किसानों को दूध का उत्पादन करने और बेचने में मदद मिली। दुग्ध संघ की अध्यक्ष प्रभा रावत ने लोगों को आंचल दूध के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वार्ड मेंबर महेंद्री शर्मा, प्रभारी विपणन अधिकारी मदन मोहन शर्मा, रोशन चंद लोहनी, गोविंद सिंह खोलिया, आदेश कुमार समेत दुग्ध संघ के कई कर्मचारी और वार्ड के लोग मौजूद रहे।

# आतंकियों के खिलाफ सेना की कार्रवाई से सिर ऊंचा

- उक्रांद की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा
- कार्यकर्ताओं को दिए सदस्यता अभियान तेज करने के निर्देश

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक में संगठन के सदस्यता अभियान को तेज करने सहित तमाम मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। उत्तराखंड क्रांति दल के जिला कार्यकारी अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई की जमकर सराहना की गई।

वक्ताओं ने कहा कि इससे प्रत्येक भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा उठा है। कार्यकारी अध्यक्ष नेगी ने विधानसभा संयोजकों से सदस्यता अभियान को तेज करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल को लेकर युवाओं का खास लगाव देखने को मिल रहा है और सक्रिय एवं कर्मठ युवाओं को संगठन से जोड़कर अहम जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर न्यायालय द्वारा लिए गए फैसले का हम सम्मान करते हैं, लेकिन भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए दोषियों को फांसी की सजा दिया जाना जरूरी था। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी भानु प्रताप सिंह, युवा जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह मेहरा एवं अरविंद बिष्ट सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भूमिधरी की मांग, किया सांकेतिक उपवास

- भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक बाजवा के नेतृत्व में कार्यक्रम
- सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में सांकेतिक उपवास करते भूमि बचाओ मुहिम के कार्यकर्ता व प्रभावित परिवार।

**अमृत विचार :** बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के छीने गए भूमिधरी अधिकारों को लेकर भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा के नेतृत्व में भूमि पीड़ित परिवारों ने रविवार को तहसील परिसर में दो घंटे का सांकेतिक उपवास किया। कार्यक्रम में सरकार को वादा याद दिलाते हुए विपक्ष को भी आड़े हाथों लिया।

भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि सरकार ने 50 वर्ष से प्राप्त भूमिधरी अधिकारों को छीन लिया है। जिससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अपने अधिकारों की मांग करते हुए भूमि बचाओ मुहिम को संघर्ष करते हुए पांच वर्ष पूरे हो गए।

वहीं 18 माह के तहसील परिसर में चले धरने के दौरान सरकार द्वारा 3 माह में समाधान का मौखिक आश्वासन दिया गया था, लेकिन सरकार ने वादा पूरा नहीं किया। सरकार को वादा याद दिलाने के लिए साथ ही विपक्ष को भी अपनी जिम्मेदार पूर्ण भूमिका निभाते हुए संघर्ष करने की अपील की गई। बाजवा ने कहा कि सरकार बाजपुर के लोगों के सब्र का इम्तिहान ले रही है। उपवास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूमि पीड़ित परिवार महिलाएं व बच्चे भी पहुंचे। इस मौके पर बल्ली सिंह चीमा, दर्शन गोयल, राजेंद्र बेदी, महेंद्र सिंह, सतनाम सिंह रंधावा, एनबी भट्ट, सिकंदर सिंह, दारा दिलेर रंधावा, दीपक शर्मा, सुनील पाठक, योगेश सैनी, दीनदयाल सिंह, नत्था सिंह, दरबारा सिंह, कारण सिंह, पूरन सिंह, मुकेश दिवाकर, सोनू निगम, दिलीप सिंह, मनोज राठौर आदि भूमि बचाओ मुहिम के सैंकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

### महिलाएं भी पहुंची उपवास कार्यक्रम में

**बाजपुर :** भूमिधारी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में किए गए उपवास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंची व अपने भूमिधरी अधिकारों के लिए सरकार से जोरदार अपील की। समाजसेविका सुनीता टम्टा बाजवा, रेखा सिंह, पूजा सिंह, हीरा देवी, मनजीत कौर ,मीना बिष्ट, लीला देवी, किरण रानी,राजवती, अवंतिका आदि महिलाएं अपने बच्चों के साथ उपवास कार्यक्रम में पहुंची।

## सार-संक्षेप


खटीमा में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाणपत्र देते अतिथि।

### महिलाओं का एक माह का ब्यूटीशियन प्रशिक्षण संपन्न

**खटीमा :** पंखुड़ी थारू संस्कृति समिति के सहयोग से खादी ग्रामोद्योग द्वारा आयोजित महिलाओं के एक माह के ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को विधिवत समापन हुआ। जिसमें 20 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। खादी ग्रामोद्योग के हरीश की उपस्थिति में समिति अध्यक्ष अशोक सिंह खड़का, सचिव पूजा खड़का, मास्टर ट्रेनर ने समापन कार्यक्रम में 20 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जोड़कर रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इस मौके पर सपना खड़का, पूनम, रेखा, मोहन सिंह थापा, काजल, ज्योति, मधुराना, नैन्सी आदि उपस्थित रहे।


दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में छबील लगाकर शरबत बांटते व्यापारी।

### चक्कीमोड़ में छबील लगा राहगीरों को पिलाया शरबत

**दिनेशपुर :** चक्कीमोड़ में व्यापारियों व ग्रामीणों ने छबील लगाकर राहगीर को शरबत वितरण किया। इससे पूर्व दुर्गा मंदिर में भगवान शिव की आराधना कर गर्मी से राहत के लिए वर्षा कराने की प्रार्थना की गई। रविवार को झंडा चौक चक्कीमोड़ पर व्यापारियों व ग्रामीणों ने प्रात : दुर्गा मंदिर में शिव लिंग पर जलाभिषेक करते हुए आराधना कर की। उन्होंने गर्मी से राहत के लिए वर्षा कराने की प्रार्थना की। दोपहर में राहगीरों को छबील लगाकर शरबत वितरण किया। इस मौके पर व्यापारी नेता विजेंद्र सिंह पवार, किसान नेता चंचल सिंह देऊपा, महेश बुधौरी, राम सिंह मेहता, सरजीत सिंह संधू, गुरदयाल सिंह, मनोज कुमार, अमित, नरेश कुमार, चंद्रमणि देवराड़ी, दान सिंह बड़ती, कैलाश शर्मा, ललित खोलिया आदि मौजूद थे।

# 16 कुमाऊं का स्थापना दिवस मनाया

संवाददाता, खटीमा


खटीमा में रविवार को आयोजित 16 कुमाऊं रेजीमेंट के स्थापना दिवस पर उपस्थित पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** 16 कुमाऊं रेजीमेंट का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रेजीमेंट के पूर्व सैनिकों ने कार्यक्रम को आयोजन कर एक दूसरे को बधाई दी।

टनकपुर रोड अमाऊं स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि कैप्टन लक्ष्मण सिंह बोरा ने दीप जलाकर किया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने मां कालिका की आराधना की। इस मौके पर पूर्व सैनिक वक्ताओं ने 16 कुमाऊं रेजीमेंट की स्थापना, बटालियन का इतिहास तथा उसकी उपलब्धियां का विस्तार से बखान किया गया। इस अवसर पर होशियार सिंह, हरिदत्त, प्रेमचंद, ललित चंद ने सेना मेडल द्वारा पूर्व सैनिकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में भवान सिंह, चंद्र सिंह, हरी सिंह, नारायन सिंह, त्रिभुवन सिंह भाटिया, महेन्द्र चंद, सुदेश चंद, कैलाश राय, मनोज कुमार विष्ट, बलवंत सिंह, जमनी बद, आनन्द सिंह बानी, पुष्कर बिष्ट, विरेन्द्र सिंह, पुष्कर दल कापडी, गोवर्धन जोकरी, होशियार सिंह, किशोर सिंह, नन्दन सिंह, प्रेम चन्द, तेज सिंह समेत रेजीमेंट के अन्य पूर्व सैनिक भी मौजूद रहे।

# पर्यावरण जागरुकता को लेकर बैठक आज

संवाददाता, रुद्रपुर

- पांच जून तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय
- डीडीओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून तक पर्यावरण सप्ताह मनाया जाएगा। इसके लिए 5 जून तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यह जानकारी जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने दी। साथ ही बताया कि 5 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का निर्धारण एवं रूपरेखा तय कर ली गयी है।

सीडीओ ने बताया कि पर्यावरण सप्ताह के तहत 1 जून को मनोज सरकार स्पोर्ट स्टेडियम से पर्यावरण जागरूकता साइकिल रैली निकाली गयी। 2 जून को नगर निकाय, ग्राम पंचायतों में पर्यावरण जनजागरुकता बैठक और सफाई अभियान चलाया जाएगा। साथ ही सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यालय परिसरों में सफाई अभियान चलाएंगे। उन्होंने बताया कि 3 जून को कृषि, उद्यान, कृषि विकास केंद्र किसानों के साथ पर्यावरण जागरूकता बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 4 जून को वन, उद्यान, कृषि, ग्राम विकास सहित अन्य सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र परिसरों में पौधरोपण की तैयारिया करेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को जनपद में सभी विभागों, स्वयं सेवी सस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, जन प्रतिनिधियों व जन सहभागिता से वृहद पौधारोपण किया जाएगा


किच्छा में रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाते भाजपाई।

### जयंती पर अहिल्याबाई होलकर को किया गया नमन

**किच्छा, अमृत विचार :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में रानी अहिल्याबाई होलकर के बलिदान को याद कर नमन किया गया। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन सांस्कृतिक योगदान, पूर्ण प्रासंगिक, प्रशासनिक दक्षता एवं सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई की जन्म त्रिशताब्दी के मौके पर देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ताकि देश के युवाओं को उनकी जीवनी के बारे में जानकारी हासिल हो सके। देश के युवा उनके आदर्शों पर चलकर मानव सेवा और देश सेवा के कार्यों में अपनी भागीदारी निभा सकें। उन्होंने कहा कि जीवनपर्यंत धार्मिक, लोक कल्याण व सेवा कार्य में पूर्ण समर्पित रहीं न्याय, त्याग और ममता की प्रमूर्ति अहिल्याबाई होल्कर से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में गीता राठौर, हरीश मौर्य, गुड्डू राठौर, अरविंद कुमार, सुषमा देवी, मोनिका, ज्योति रानी, जमुना देवी, नत्थो देवी, अजय राठौर, पिंटू सिंह, अमित रस्तोगी, मोहित सागर, हरपाल सिंह, मुकेश कुमार, पूरन राठौर, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### लोकतंत्र सेनानी विधेयक पारित करने की मांग

**काशीपुर, अमृत विचार :** धर्मयात्रा महासंघ ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर लोकतंत्र सेनानी विधेयक पारित किये जाने की मांग की है। सीएम पुष्कर सिंह धामी को भेजे पत्र में धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाये गये आपात काल के दौरान देश भक्तों को कारागार में डालकर यातनाएं दी। कहा कि आपात काल में भी लोग मौन थे, यातनाएं सहते रहे। उन्होंने लोकतंत्र में विश्वास रखने वालों की इच्छा की पूर्ति करने की मांग की।

**काव्य गोष्ठी** कवियों ने अपनी रचनाओं से भारतीय सैनिकों की वीर गाथाओं का बखान किया

# मिट्टी में मिल जाएगा, मत छेड़ हमारी सेना को...

संवाददाता, खटीमा


खटीमा में पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कवि गोष्ठी में उपस्थित कवि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज परिसर स्थित अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सभागार में साहित्य अकादमी के बैनर तले कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने भारतीय सैनिकों की वीर गाथाओं का बखान किया।

शिक्षक रामरतन यादव और त्रिलोचन जोशी के आयोजन और संयोजन में कवियों ने भारतीय सैनिकों के शौर्य और बलिदान का अपने-अपने अंदाज में बखान किया। गोष्ठी का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि डॉ. रूपचंद्र शास्त्री 'मयंक' और डॉ. जगदीश 'कुमुद' पंत ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। गोष्ठी में तुलसी बिष्ट ने कहा 'युद्ध न कोई विकल्प और न कोई समाधान होता है, अपनों से ही बिछुड़ना युद्ध का परिणाम होता है।' त्रिलोचन जोशी ने कहा-मिट्टी में मिल जाएगा, मत छेड़ हमारी सेना को, बैठे बैठे पिट जाएगा, मत छेड़ हमारी सेना को। राम रतन यादव ने शत्रुओं को यूं चेताया, देख के अलबेले की टोली, सीमा से हट जाता है। सुनके भारत मां की, जय जय दुश्मन भी थर्राता है।

सुचिता अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह दुआ करो सब मिलकर जिएं वीर सिपाही हमारे, डॉ. महेंद्र प्रताप पांडे ने कहा, मेरा देश है हिंदुस्तान, सत्यपाल सिंह सजग ने कहा, फूलों की घाटी हुई, पहलगांव बे-नूर, धर्म पूछकर मांग से, मिटा दिया सिंदूर, इनके अतिरिक्त आलोक सिंह, दीपक फुलेरा, हेमा जोशी 'परु', बसंती सामंत, कैलाश पांडे, रामचंद्र दद्दा, माया जोशी, रविंद्र पांडे 'पपीहा', प्रकाश चंद्र गोस्वामी ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में राम रतन यादव ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं कवियों का आभार जताया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. महेंद्र प्रताप पांडे 'नंद' द्वारा की गई। गोष्ठी का संचालन राम रतन यादव ने किया।


दिनेशपुर में समाजसेवी परमानंद चौरसिया को श्रद्धांजलि देते जनप्रतिनिधि।

### समाजसेवी परमानंद चौरसिया को दी श्रद्धांजलि

**दिनेशपुर :** पूर्वांचल जन जागरण समिति अध्यक्ष समाजसेवी परमानंद चौरसिया के तेरहवीं पर जनप्रतिनिधियों व लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। रविवार को वार्ड-3 निवासी पूर्वांचल जन जागरण समिति अध्यक्ष समाजसेवी परमानंद चौरसिया की तेरहवीं के अवसर पर नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क ने कहा समाजसेवी परमानंद चौरसिया लोनिवि में सेवारत करते हुए सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा समाजसेवी परमानंद चौरसिया के आकस्मिक निधन का सभी को दु:ख है। उनके द्वारा समाज में किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व ईओ हरिचरन सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, शिव कुमार, दीपक मक्कड़, समाजसेवी अनिल मिश्रा, पूर्व सभासद प्रशांत मालाकार, अशोक कालड़ा, रामविलास गुप्ता, पवन खेड़ा, सुरेश चंद्र, मुकेश कुशवाहा, अखिलेश मिश्रा, अशोक अरोरा, केएन तिवारी, प्रेम कनौजिया, काशीनाथ गुप्ता, नवीन सिंह, दिनेश वर्मा आदि मौजूद थे।

# अधूरे काम इस वर्ष कर देंगे पूरे: पांडेय

## करतारपुर रोड का शिलान्यास किया, राज्य योजना से बनेगी लगभग ढाई किमी सड़क

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने नगर से ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाली ढाई किमी सड़क का शिलान्यास किया।

गदरपुर गुरुद्वारा सिंह सभा मार्किट से लेकर ग्राम करतारपुर रोड जो कि पालिका के वार्ड नं 1 से होती हुई ग्राम करतारपुर तक हॉट मिक्स सड़क के पुनः निर्माण का शिलान्यास विधायक ने करते हुए बताया कि यह सड़क राज्य योजना के अंतर्गत लगभग 18 लाख की लागत से बनेगी। विधायक पांडेय, पूरन सिंह चौहान, विपिन गुप्ता व सभासद प्रतिनिधि चिंतन अरोरा द्वारा विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया गया। वहीं, कार्यदायी संस्था व राजकीय ठेकेदार को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखते हुए अच्छी सड़क के निर्माण की बात कही। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गतिमान बनाए रखने की बात कहते हुए कहा कि गदरपुर विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाने का लक्ष्य पूरा करना है और विधानसभा में होने वाले सभी अधूरे कार्य इस वर्ष में पूर्ण कर दिए जाएंगे। वार्ड वासियों, ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक का आभार प्रकट किया।


करतारपुर रोड का शिलान्यास करते विधायक अरविंद पांडेय और मौजूद लोग।

इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजु भुड्डी, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेश हुड़िया, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष गुम्बर, ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह, जिला मंत्री चंकित हुड़िया, अंकित हुड़िया, सभासद सचिन गुप्ता, रमन छाबड़ा, बृजेश कुमार, मंडल उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, सर्वजीत कौर, चिंतन अरोड़ा, मंडल महामंत्री अनिल जेटली, अजय बाठला, मंडल मंत्री रेनू बिष्ट, मानसी शर्मा, पूरन सिंह चौहान, जोगा सिंह, छोटेलाल, सुखदेव ढींगरा, संजीव डोडा, विजय सडाना, प्रवीण गिल्होत्रा, विशद अरोड़ा, वेद ठुकराल, महेंद्र पुनियानी, जगजीत सिंह, टिम्मी, उमेश, विजय कश्यप, शीशपाल, सूरजभान गुप्ता, पूर्व सभासद आनंद प्रकाश, मुख्तियार सिंह आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष, लेंगे विकसित भारत का संकल्प

- कार्यक्रमों के माध्यम से साझा की जायेगी उल्लेखनीय उपलब्धियों की तस्वीर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** भाजपा, मोदी सरकार के 11 साल 'संकल्प से सिद्धि तक' कार्यक्रम व्यापक जनसहभागिता से मनाने जा रही है, जिसके तहत सभाओं के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प लिया जाएगा।

कार्यक्रम के संचालन के लिए रविवार को प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यशाला आयोजित हुई । कार्यशाला में राष्ट्रीय महामंत्री उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन के विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कुलदीप कुमार के नेतृत्व में 4 सदस्यीय प्रदेश समिति गठित की गई है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि 9 जून को मोदी सरकार के शानदार 11 साल पूर्ण होने जा रहे हैं। देश के यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस कार्यकाल में अनेकों उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। विकास, विरासत और जनकल्याण के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए भारत अब विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है और विकसित भारत बनने जा रहा है। लिहाजा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर केंद्र की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित संकल्प से सिद्धि तक, राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने जा रही है जिसे प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में राज्यभर में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों से जनसभागिता के साथ मनाया जाएगा। इन कार्यक्रमों के संचालन के लिए 4 सदस्यीय जिला समिति तथा 3 सदस्यीय मंडल समिति का गठन किया गया है। तैयारी के क्रम में प्रदेश की वर्चुअल कार्यशाला के बाद 4-6 जून तक जिला स्तर पर प्रत्यक्ष कार्यशालाएं संपन्न की जाएंगी। इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 8 जून को दिल्ली में तथा मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा 9 जून को देहरादून में प्रेस वार्ता को संबोधित किया जायेगा। इसी तरह मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक विषय पर जिला स्तर पर 10, 11 जून को प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। वहीं प्रत्येक जिले में प्रोफेशनल मीट भी आयोजित की जाएगी, जिसमें 3 वक्ता सरकार की उपलब्धियों से संबंधित तीन विषयों पर अपनी बात रखेंगे।



'संकल्प से सिद्धि तक' कार्यक्रम के बारे में बताते भाजपा के पदाधिकारी।

इस अभियान के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रत्येक मंडल में 12 से 14 जून तक 'विकसित भारत संकल्प सभा' आयोजित की जायेगी जिसमें उपस्थित जनसमूह के साथ विकसित भारत के लिए संकल्प लिया जाएगा। वहीं, 15-17 जून शक्तिकेन्द्र अनुसार शहरों में मोहल्ला चौपाल और ग्राम पंचायत केंद्रों में पंचायत चौपाल भी आयोजित की जाएंगी। विधानसभावार केन्द्र प्रायोजित योजनाओं हेतु पंजीकरण शिविर लगाए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना का पंजीकरण 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु घर-घर पहुंचा जाएगा।

इन सभी कार्यक्रमों के संचालन के लिए पार्टी द्वारा प्रदेश समिति का गठन किया गया है जिसमें संयोजक के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, सह संयोजक के तौर पर सरकार में दायित्वधारी विनय रुहेला, रेनू अधिकारी एवं कुंदन परिहार को जिम्मेदारी दी गई है। वर्चुअल कार्यशाला ने समस्त प्रदेश पदाधिकारी , कार्यक्रमों की प्रदेश समिति के सदस्य सभी जिलाध्यक्ष, कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिलों में गठित जिलो की समितियों के सदस्य वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# जरी कारीगर का हत्यारोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गिरफ्तार हत्यारोपी ने कहा, पत्नी से थे अवैध संबंध, मना करने पर भी आता था घर

**अमृत विचार :** जरी कारीगर की चाकू से गोदकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार की देर रात पीलीभीत बाईपास पर हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुठभेड़ में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है। आरोपी से तमंचा और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने रविवार को जरी कारीगर हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि शनिवार दोपहर करीब 2.30 बजे कांकरटोला भटियारों वाली मस्जिद के पास रहने वाले जरी कारीगर अरशद उर्फ गुड्डू की हत्या आमिर ने चाकू से गोदकर कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस को देर रात सूचना मिली कि आमिर पीलीभीत रोड पर 99 बीघा के पास आला कत्ल छिपाने गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में हत्यारोपी आमिर पुलिस गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से अरशद की हत्या में प्रयुक्त चाकू और तमंचा बरामद किया है। प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने आरोपी आमिर को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

### पत्नी से बात करता था अरशद

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपी आमिर ने पूछताछ में बताया कि वह रामपुर जिले के शाहबाद का रहने वाला है। अरशद ने उसके बेटे फरमान को जरी का काम सिखाया था। इसी बहाने अरशद उसके घर आने-जाने लगा और उसकी पत्नी से फोन पर बातें करने लगा। शक होने पर उसने व उसके बच्चों ने अरशद को मना किया, लेकिन नहीं माना। आमिर ने बताया कि उसे शक है कि उसकी पत्नी के अरशद से संबंध थे। इसे लेकर उसके बेटे भी ताने मारते थे। जब वह घर पर नहीं होता था, तब अरशद उसके घर पर आता जाता था। समझाने के बाद भी अरशद नहीं माना। इस पर परेशान होकर उसकी हत्या कर दी।

## बलूटी गांव के मोरा तोक में गुलदार के हमले में महिला की मौत का मामला

# पीड़ित परिवार को 6 लाख दें, पिंजरा लगाएं

- सांसद अजय भट्ट पहुंचे मोरा तोक, संवेदना जतायी
- ग्रामीण क्षेत्र में वन विभाग द्वारा गश्त बढ़ाए जाने के निर्देश भी दिए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने गुलदार द्वारा बलूटी गांव के मोरा तोक में एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर उसकी मृत्यु किए जाने की घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए गहरा दुख जताया है। सांसद ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर परिवार जनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया।

सांसद भट्ट ने कहा कि जैसे ही यह घटना उनके संज्ञान में आई उन्होंने तत्काल संबंधित क्षेत्र के प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी से दूरभाष पर वार्ता करते हुए पिंजरा लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पीड़ित परिवार को वन्य जीवों के हमले पर दी जाने वाली 6 लाख रुपये की अनुमन्य राशि को तत्काल परिजनों को दिए जाने के निर्देश दिए हैं। शाम को सांसद भट्ट पीड़ित परिजनों के बीच पहुंचे जहां उन्होंने परिजनों को ढांढस बधाया। सांसद भट्ट ने बताया कि अधिकारियों द्वारा उनको अवगत कराया गया है कि गांव में पिंजरा लगाने के काम शुरू कर दिया गया है जिस पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में वन विभाग द्वारा गश्त बढ़ाए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

उन्होंने कहा कि, वन्यजीवों के हमले से ग्रामीण प्रभावित न हों, इसका पूरा ध्यान रखा जाए, उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। इसके अलावा मोरा गांव में जाने वाली सड़क को लेकर ग्रामीणों ने सांसद अजय भट्ट से वार्ता की जिस पर मौके पर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से दूरभाष पर वार्ता करते हुए सांसद भट्ट ने गांव में सड़क सहित अन्य समस्याओं को लेकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।


पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते सांसद अजय भट्ट।

### यह है मामला

शनिवार देर रात मोरा गांव निवासी पुष्पा देवी घर से बाहर निकली थीं। इसी बीच पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। गुलदार महिला को जबड़े में दाबकर जंगल की ओर भागने लगा। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग घरों से निकल आए और शोर मचाते हुए पीछा गया। गुलदार महिला को छोड़कर भाग गया। देर रात महिला को एसटीएच लाया गया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

# बस चलाते समय चालक को आई झपकी तो बजेगा अलार्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** परिवहन निगम रोडवेज की बसों में सवारियों की यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने को हर संभव कोशिश कर रहा है। इसी क्रम में रात के समय चालक को झपकी लग जाने से होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने समाधान तलाशा है। रोडवेज की बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाए जाने की बात कही जा रही है। जो झपकी आने पर चालक को सचेत करेगी। इस डिवाइस को एक्सीलेटर से जोड़ा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय स्तर पर लखनऊ रीजन की बसों में ट्रायल पूरा होने के बाद इसका ट्रायल जल्द बरेली रीजन की बसों में भी होगा।

आरएम दीपक चौधरी बताते हैं कि बरेली रीजन के बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो से 800 से अधिक बसें विभिन्न मार्गों पर संचालित हैं। इनमें पचास फीसदी से अधिक बसें लंबे रूट दिल्ली, लखनऊ सहित अन्य शहरों के लिए संचालित होती हैं। रात में संचालित होने वाली बसों में चालकों को झपकी आने की समस्या रहती है। ऐसी दशा में रोडवेज बसों में सेंसर युक्त एंटी स्लीप डिवाइस लगाने की पहल हुई है। बताया कि यह डिवाइस बस के एक्सीलेटर से जुड़ी होगी। यदि चालक एक्सीलेटर को दबाना छोड़ देगा या आवश्यकता से अधिक दबाएगा, तो अलार्म बजने लगेगा। इतना ही नहीं ड्राइवर की सीट के सामने सेंसर युक्त कैमरे भी लगाए जाएंगे, जो चालक की आंखों की हरकत पर नजर रखेंगे, अगर स्टेयरिंग पर कुछ देर मूवमेंट नहीं होती है तो डिवाइस से बीप-बीप की आवाज आएगी। स्टेयरिंग का मूवमेंट न होने पर अलार्म भी बजने लगेगा।

### चालक और परिचालक दोनों को सतर्क करेगा अलार्म

सेंसर युक्त अलार्म डिवाइस चालक और परिचालक दोनों को सतर्क करेगा। अधिकारियों के मुताबिक बस की स्पीड अधिक होने पर भी यह अलार्म काम करेगा। वहीं, सवारियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने में यह डिवाइस सहायक साबित होगी और चालक-परिचालक को हर समय अलर्ट रखेगी।

# नशे की गिरफ्त से बचने को योग को अभ्यास में लाएं विद्यार्थी: प्रो. पांडे

- महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत योग कार्यशाला
- प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार पांडे ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को नशा मुक्ति प्रकोष्ठ, रोवर्स एंड रेंजर्स, कॉलेज यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी और योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।


खटीमा महाविद्यालय में योग करते बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार पांडे ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और योग को अभ्यास में लाना चाहिए। संचालन करते हुए डॉ. धीरज बिनवाल ने छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को योग के विभिन्न आसन कराते हुए इनसे होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी। संयोजिका एवं रोवर्स प्रभारी डॉ. रीना सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्यों पर चर्चा की तथा छात्र-छात्राओं को अपने घर-परिवार तथा समाज में नशा मुक्ति अभियान से संबंधित जागरूकता फैलाने को कहा।

इस अवसर पर डॉ आशुतोष कुमार, डॉ. प्रशांत जोशी, डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. नमिता सामंत, डॉ. पिंकी भट्ट, डॉ. अविनाश मिश्रा, डॉ. मोनिका भैसोड़ा, अंचल वर्मा, लक्ष्मण सिंह बोहरा, मसरूर आलम समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली- 449

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा। 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. खाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।



### वर्ग पहेली -448 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बे | ठ | 5 क |
| | 6 ग | डु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

## सुडोकू -173

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | | 6 | | | | | |
| | 3 | | | | | | 2 | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | 5 | | | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 172 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 20 .37 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 22 .56 तक तत्पश्चात पूर्वा फाल्गुनी।

**मेष:** आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

**वृष:** आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। जॉब इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे।

**मिथुन:** आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। ऑफिस में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**कर्क:** आज इससे आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

**सिंह:** आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वह आपको काफी परेशान करेगा।

**कन्या:** आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। ऑफिस में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**तुला:** आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लेना हितकर होगा। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**वृश्चिक:** आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। पुराने रुके हुए कार्य शुरू हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**धनु:** आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**मकर:** आज आपके खर्चों में कमी आएगी। जॉब में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ:** आज रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। ऑफिस के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**मीन:** आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

# क्वारब के पास घंटों थमी रही वाहनों की रफ्तार

## शनिवार रात सड़क धंसने से आवाजाही पर लगा ब्रेक, सड़क के दोनों ओर रात भर फंसे रहे वाहन

- रविवार को पहाड़ी का हिस्सा काट सुचारू किया गया यातायात
- जाम को देखते हुए प्रशासन को करना पड़ा रूट डायवर्ट

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास दरकती पहाड़ी से मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग में अब सड़क धसना शुरू हो गया है। रविवार को वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। जिसके चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। प्रशासन की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह छोटे वाहनों के लिए यातायात सुचारू कराया।

क्वारब की दरकती पहाड़ी लंबे समय से मुसीबत का सबब बनी हुई है। अब यहां पर खतरा अब और अधिक बढ़ गया है। अब सड़क के नीचे का हिस्सा दरकने से मुसीबत और बढ़ गई है। बीते शनिवार देर रात सड़क का एक हिस्सा भरभराकर नदी में जा गिरा। इससे सड़क काफी संकरी हो गई। मजूबरन प्रशासन को एनएच से आवाजाही बंद करनी पड़ी। लोगों के लिए वैकल्पिक मार्गों खैरना-रानीखेत और शहरफाटक से आवाजाही करना एक मात्र विकल्प बच गया। इसमें लोगों को डेढ़ से दो घंटे का अतिरिक्त समय के साथ सौ रुपये ज्यादा किराया चुकाना पड़ा। इधर, रविवार को प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पहाड़ी का एक हिस्सा काटा गया। जिसके बाद छोटे वाहनों का संचालन सुचारू किया।



अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच पर आवाजाही बंद होने से घंटों वाहन जाम में फंसे रहे।

### प्रशासन ने रूट डायवर्ट किया

अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद की सीमा पर स्थित क्वारब डेंजर जोन बन गया है। यहां पर सड़क का निचला हस्सा दरकने के कारण यातायात ठप हो गया है। जिस कारण प्रशासन को रूट डायवर्ट करना पड़ा है। इस दौरान वाहनों को अल्मोड़ा लमगड़ा-शहर फाटक व खैरना-रानीखेत मार्ग से भेजा गया। वहीं, हल्द्वानी से माल भाड़ा लेकर अल्मोड़ा वाले वाहन भी अतिरिक्त फेरा लगाने को मजबूर है।



अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास मलबा हटाती जेसीबी।

### हर दिन गुरजते है सैकड़ों वाहन

हल्द्वानी एनएच अल्मोड़ा और नैनीताल दो जिलों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। यहां से हर दिन सैकड़ों वाहन आवागमन करते हैं, लेकिन क्वारब मार्ग ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शनिवार दिन में अगले दिन रविवार दिन तक मार्ग में वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा था। लोग स्थायी समाधान की मांग उठा रहे हैं।

> शनिवार देर शाम क्वारब के पास सड़क के नीचे का हिस्सा दरक गया था। जिससे मार्ग की चौड़ाई बेहद कम हो गई थी, एहतियातन रात में ही वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। रविवार को पहाड़ी का हिस्सा काटकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर छोटे वाहनों के लिए यातायात सुचारू किया गया। **-जगदीश पपने**, जेई, एनएच

## सात जगह पर ओपन जिम होंगे स्थापित

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** नगर निगम अब जल्द शहर के तमाम हिस्सों में ओपन जिम स्थापित करेगा। इसको लेकर निगम की ओर से पहल भी शुरू हो गई है। ओपन जिम निर्माण के लिए शासन स्तर से 35.94 लाख भी स्वीकृत हो गए है।

नगर निगम मेयर अजय वर्मा ने बताया कि सरकार को नगर क्षेत्र के सात स्थानों पर ओपन जिम स्थापित करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। सरकार ने प्रस्ताव स्वीकृत कर बजट भी अवमुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए सार्वजनिक स्थल होने चाहिए। जहां जाकर लोग वर्कआउट कर शरीर को तंदुरुस्त बना सके। एनटीडी चिल्ड्रन पार्क, मोहन चंद्र उप्रेती पार्क, दीन दयाल उपाध्याय पार्क, शहीद पार्क पांडे खोला, स्वच्छता समिति पार्क, कर्नाटकखोला और आफिसर्स क्लब पार्क को विकसित कर यहां ओपन जिम इंस्ट्रूमेंट लगाए जाएंगे। जिनका प्रयोग निशुल्क होगा। ओपन जिम का प्रयोग निशुल्क होगा। इस काम के लिए 35.94 लाख और मुक्त हो गया है। कहा कि कई जगहों पर काम शुरू कर दिया गया है। अगले दो महीनों में सभी स्थानों पर जिम स्थापित होने की उम्मीद है।

# स्वास्थ्य बिगड़ने पर हुए पांच ग्रामीण फिर भर्ती

संवाददाता, टनकपुर/लोहाघाट

**अमृत विचार :** गुमदेश क्षेत्र के ग्राम पंचायत धौनी सिलिंग के खीड़ी तोक में शादी समारोह में बना भोजन खाने से बीमार पड़ने वाले अधिकांश ग्रामीणों की सेहत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। रविवार को लोहाघाट उपजिला चिकित्सालय में भर्ती नौ ग्रामीणों को स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद घर भेज दिया गया। लेकिन तबीयत बिगड़ने पर पांच अन्य लोगों को लोहाघाट अस्पताल में भर्ती किया गया है। इधर खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लिए गए भोजन के सैंपल की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। अलबत्ता इस घटना को फूड प्वाइजनिंग से जोड़ा जा रहा है।

उपजिला अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डा. सोनाली मंडल ने बताया कि भोजन खाने के बाद लोगों को पेट दर्द, सिर दर्द, उल्टी-दस्त जैसी शिकायतें हुईं। जिसके बाद सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने गांव पहुंचकर बीमार ग्रामीणों का उपचार किया। शनिवार की रात कलावती देवी (38), माधवी देवी (36), भावना (32), चंचल (19) सभी निवासी खीड़ी और मनोज (41) निवासी धौनी शिलिंग की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, जिन्हें रविवार की सुबह लोहाघाट अस्पताल लाया गया। इन सभी का उपचार चल रहा है। चिकित्साधिकारी ने बताया कि गांव में बीमार पड़े सभी 108 लोगों को निगरानी में रखा गया है।

### लैब भेज गए पकी हुई दाल व चावल के सेंपल

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगिता तिवारी ने बताया कि दाल व चावल के सेंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेज दिए गए हैं। अमूमन जांच रिपोर्ट आने में 15 से 20 दिन का समय लगता है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का पता लगेगा कि मामला फूड प्वाइजनिंग का था या कुछ और।

> खीड़ी पोखरी गांव में डाक्टरों की टीम लगातार लोगों का उपचार कर रही है। अधिकांश लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है। रविवार को हालत बिगड़ने की शिकायत पर पांच ग्रामीणों को लोहाघाट अस्पताल में भर्ती किया गया है। रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है। **-डा. देवेश चौहान**, सीएमओ, चम्पावत

## सार-संक्षेप



शहादत दिवस पर पिथौरागढ़ में लगायी गयी छबील। ● अमृत विचार

### शहादत दिवस पर छबील और लंगर

**पिथौरागढ़ :** सिखों के 5वें गुरु श्री अर्जुन देव जी के शहादत दिवस पर रविवार को पिथौरागढ़ कैंट गुरुद्वारे में मीठे शर्बत और लंगर का आयोजन किया। नगर निगम पार्षद करन सिंह ने बताया कि इस अवसर पर गुरु अर्जुन देव जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। भारी संख्या में संगत ने गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बाबा अर्शीदीप सिंह, हरजीत सिंह, बिंदी सिंह, सीता लाम्बा, जोगेन्दर, हर्षित लम्बा और संगत मौजूद रही।

### नेहा को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**बनबसा :** टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कराटे एसोसिएशन चम्पावत द्वारा कराटे खिलाड़ी नेहा जोशी को सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा देवी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में कोटा कराटे खेल से बीएसएफ में भर्ती हुई बनबसा निवासी नेहा जोशी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, टनकपुर पावर स्टेशन के महाप्रबंधक विद्युत जावेद अंसारी, डी डी जोशी ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक आई टी विभाग, प्रदीप दुबे द्वारा करते खिलाड़ी नेहा जोशी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कराटे प्रशिक्षक विजय रावत भी मौजूद रहे।



रीठा साहिब मोटर मार्ग पर पीरूल हटाती फायर टीम। ● अमृत विचार

### फायर टीम द्वारा हटाया गया पीरूल

**टनकपुर :** जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के निर्देश पर आगामी 9 से 11 जून तक जोड़ मेले की तैयारियों के अंतर्गत देवीधुरा वन क्षेत्र के धुनाघाट अनुभाग के अंतर्गत धुनाघाट बीट में सफाई कार्य किया जा रहा है। फायर टीम द्वारा धुनाघाट-रीठा साहिब मोटरमार्ग पर दोनों ओर 10 मीटर क्षेत्र में पीरूल की सफाई की गई, जिससे आग की संभावनाएं कम हो और मेला क्षेत्र में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले हर यात्री की सुरक्षा व सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अंतर्गत सुरक्षा, सफाई व्यवस्था के साथ-साथ यातायात, चिकित्सा, पानी, शौचालय एवं आपातकालीन सेवाओं को भी बेहतर करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं।



पिथौरागढ़ में समर कैंप के दौरान भ्रमण करते बच्चे। ● अमृत विचार

### समर कैंप का किया आयोजन

**पिथौरागढ़ :** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट त्रिलोक सिंह बसेड़ा राजकीय इंटर कॉलेज देवलथल में समर कैंप का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति, तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास को विकसित करना रहा। पांच दिवसीय समर कैंप में कत्थक नृत्य, ऐपण कला, वर्लि पेंटिंग, फन गेम्स, स्टोरी टेलिंग, योग, वर्ड वॉचिंग, फिल्म प्रदर्शन, तथा गतिविधि आधारित विज्ञान एवं गणित शिक्षण जैसे विषयों पर रोचक सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान प्रधानाचार्य कुंदन सिंह धामी, हेमा धामी, सुभाष वर्मा, जगदीश भट्ट, भूपेंद्र भट्ट, दीपक चंद्र पांडेय, संजय पाटनी तथा प्रज्ञा देवलाल मौजूद रहे।

### आठवें दिन मिला मजदूर का शव

**टनकपुर :** टनकपुर जौलजीबी मोटर मार्ग पर चूका के पास लधिया नदी में बह गए मजदूर का शव आठवें दिन टनकपुर के शारदा बैराज से बरामद कर लिया गया है। मृतक चूका के पास पुल निर्माण में मजदूरी करता था जो 25 मई को लधिया नदी पार करते समय बह गया था। रविवार को शव मिलने की सूचना पर पुलिस और एसडीआरफ़ के जवान मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। शव को उप जिला अस्पताल टनकपुर में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है। स्वजन के पहुंचने पर पोस्टमार्टम किया जाएगा। कोतवाल चेतन सिंह रावत ने बताया कि शव की शिनाख्त मंडल आमिर चांद (55) पुत्र कनल निवासी मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है।

# राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में भविष्य ने स्वर्ण जीता

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** द्वाराहाट के बसेरा गांव निवासी भविष्य अधिकारी ने राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।

बीते दिनों महाराष्ट्र के शिवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में असाधारण प्रदर्शन से डेडलिफ्ट में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे देश में उत्तराखंड व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। भविष्य उत्तराखंड पावरलिफ्टिंग संगठन के माध्यम से भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। भविष्य के पिता सुनील अधिकारी डेयरी विकास विभाग में उप निदेशक और माता प्रीति अधिकारी एक शिक्षिका हैं। इस उपलब्धि पर विधायक मदन सिंह बिष्ट, जिला उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश नेगी, पुष्पेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख दीपक किरौला, नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता अधिकारी, भूपेंद्र कांडपाल, दीपक पांडे, अनिल चौधरी आदि ने खुशी जताई।



पदक के साथ भविष्य अधिकारी।

## पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र की महिला ने सिपाही पति और जेठ पर मारपीट करने और पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के चनहेटी निवासी गीता ने बताया कि उनका विवाह जून 2024 में बरेली पुलिस लाइन में तैनात सिपाही विमल कौशल से हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद कम दहेज मिलने के कारण पति और जेठ राहुल कौशल उसके साथ आए दिन मारपीट करते थे। उसकी मां ने बात की तो दोनों ने कहा कि शादी में उन्हें 25 लाख मिलने थे, लेकिन कम दहेज मिलने के कारण अब वे उनकी लड़की को नहीं रखेंगे। आरोप है कि पति ने पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाया।

# राशन नहीं उठाने का किया ऐलान



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सस्ता गल्ला विक्रेता। ● अमृत विचार

सवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ की रविवार को हुई बैठक में लंबित तीन सूत्रीय मांगों का समाधान न होने तक खाद्य गोदाम से राशन न उठाने का ऐलान किया गया। इस संबंध में सोमवार को संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान गल्ला विक्रेताओं ने मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की।

मालरोड स्थित खाद्य गोदाम परिसर में सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई सरकारी गल्ला विक्रेताओं की बैठक में मांगों पर सरकार द्वारा अब तक निर्णय न लेने पर नाराज़गी व्यक्त की। निर्णय हुआ कि जिला सस्ता गल्ला विक्रेता संघ अध्यक्ष के निर्णय से ही आगे बढ़ा जाएगा। बैठक में सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी गल्ला विक्रेताओं को मानदेय देने, गोदाम से राशन तोलकर गल्ला विक्रेताओं को देने साथ ही छीज देने और पुराने बिलों का भुगतान करने की मांगे शीघ्र पूरी नहीं हुई तो कार्य बहिष्कार जारी रहेगा साथ ही सभी गल्ला विक्रेता सामूहिक त्याग पत्र देने की घोषणा करेंगे। बैठक में पिलखोली, पातली, कुवाली, द्वारसों, तिपोला, बैना, मजखाली, चमड़खान, सौंनी, वलना, कारचूली आदि से करीब दो दर्जन राशन विक्रेता मौजूद रहे।

# पुलिस जवानों ने सीखे योग के गुर

- पुलिस लाइन में सात दिवसीय योग शिविर शुरू
- प्रशिक्षकों ने वृक्षासन, ताड़ासन आदि का कराया अभ्यास

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पुलिस जवानों को शारीरिक रूप से स्वस्थ और तनावमुक्त रखने के लिए कवायद शुरू हो गई है। रविवार को पुलिस लाइन अल्मोड़ा में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में जवानों को योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में पुलिस लाइन में योग शिविर का शुरू हुआ। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को योग आसनों वृक्षासन, ताड़ासन, तितली आसन, सूर्य नमस्कार सहित अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। साथ ही पुलिस बल को शारीरिक रुप से स्वस्थ और मानसिक तनाव से मुक्त रहने के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आयुष विभाग के डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. प्रभा फोनिया, योग अनुदेशक डॉ. मंजु बोरा, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, मोहित कुमार, एसआई आनंद बल्ल कश्मीरा, निर्मला, विवेक सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा पुलिस लाइन में रविवार को योग शिविर में योगाभ्यास करते पुलिस जवान।

## शारदा के डाउनस्ट्रीम में 19 तक चलेगा खनन

**टनकपुर, अमृत विचार :** शारदा नदी के डाउनस्ट्रीम में अब 19 जून तक उप खनिज की निकासी होगी। वन विकास निगम को शासन से 19 जून तक उप खनिज चुगान अवधि विस्तार के आदेश प्राप्त हो गए हैं।

इस वर्ष शारदा नदी से 19 दिसंबर 2024 से खनन कार्य शुरू कर दिया था। लेकिन मां शारदा शक्तिमान ट्रक यूनियन ने नौ जनवरी से खनन कार्य शुरू किया। मानसून काल को देखते हुए खनन निकासी कार्य 31 मई तक निर्धारित रहता था।

मां शारदा शक्तिमान ट्रक यूनियन के अध्यक्ष अमन ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष यूनियन के आग्रह पर शासन ने शारदा नदी के डाउनस्ट्रीम से उप खनिज चुगान अवधि को बढ़ाया है। उन्होंने इसके लिए शासन का आभार जताया है।

# हथकरघा प्रदर्शनी लगाने को नहीं मिली अनुमति

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** नगर के जीआईसी मैदान में प्रस्तावित हथकरघा, हस्तशिल्प एवं मनोरंजन प्रदर्शनी को प्रशासन की अनुमित नहीं मिल पाई। यह प्रदर्शनी 25 मई से 13 जून तक लगनी थी। लोहाघाट की एसडीएम नीतू डांगर ने जन सुनवाई के बाद प्रदर्शनी को अनुमित न देने का निर्णय लिया। जन सुनवाई जिला अदालत के 29 मई को पारित आदेश के क्रम में हुई थी। एसडीएम नीतू डांगर ने शनिवार को स्थानीय व्यापारियों एवं प्रदर्शनी के आयोजकों की दलील सुनने के बाद देर शाम आदेश जारी किए। जिसमें कहा है कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक लाभ की दृष्टि से प्रस्तावित की गई प्रदर्शनी के लिए सुरक्षा संसाधनों का उपयोग व्यापक जन हित में नहीं है। सभी पक्षों और तथ्यों को मद्देनजर रखते हुए एसडीएम ने 22 मई के अपने आदेश को यथावत रखते हुए प्रदर्शनी लगाने से इनकार कर दिया।

सुनवाई के दौरा गहमागहमी के बीच प्रदर्शनी के आयोजक, ग्राम पंचायत पाटन पाटनी की प्रशासक, जन प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों सहित अन्य कई पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें रखीं। निगरानीकर्त्ता के वकील यतीश जोशी ने कहा कि निगरानीकर्त्ता मेले का आयोजक नहीं है, वह सिर्फ फेसिलेटर है। मेले का आयोजन ग्राम पंचायत कर रही है और ऐसा करना पंचायत के क्षेत्राधिकार में आता है।

**अभियान** | जिला खेल विभाग की ओर से आयोजित की गई रैली, 100 से अधिक प्रतिभागियों ने रैली में लिया हिस्सा

# साइकिल रैली निकाल दिया फिट रहने का संदेश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला खेल विभाग की ओर से रविवार को फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान के तहत साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान सौ से अधिक प्रतिभागियों ने रैली प्रतिभाग किया। वहीं, रैली के माध्यम से लोगों को फिट रहने का संदेश दिया।

नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा से साइकिल रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर अजय वर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली चौघानपाटा से शुरू हुई और आरसीएम मॉल में संपन्न हुई। इस मौके पर प्रतिभागियों ने रैली के माध्यम से सभी को फिट रहने का संदेश दिया। यहां उप क्रीड़ाधिकारी अरूण बग्याल, हरीश कनवाल, डॉ. जेसी दुर्गापाल, जीवन प्रकाश, जीवन बोरा, मनमोहन सिंह, हरीश गोस्वामी, कैलाश राम, यशवंत कुमार, प्रेस सिंह रावत, योगेश कुमार, करिश्मा नायक समेत अन्य मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में अतिथियों ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



टनकपुर में साइकिल रैली में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### टनकपुर और छमनिया में साइकिल रैली का किया आयोजन

**टनकपुर :** विश्व साइकिलिंग दिवस पर रविवार को चम्पावत जनपद के टनकपुर और छमनिया में फिट इंडिया मूवमेंट एवं खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे जनमानस में स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ। छमनिया में आयोजित रैली का सफल संचालन कोच मोहन राणा के मार्गदर्शन में हुआ, वहीं, टनकपुर में यह कार्यक्रम अवनेश पाटनी एवं गौरव खोलिया के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं जोश के साथ साइकिलिंग करते हुए 'स्वस्थ भारत-सशक्त भारत' का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और हरित परिवहन के प्रति प्रेरित किया गया, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए मतदान संबंधी जागरूकता का भी प्रसार किया गया।

### पिथौरागढ़ में निकाली गई साइकिल रैली

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** खेल विभाग पिथौरागढ़ की ओर से विश्व साइकिल दिवस के मौके पर फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान के तहत सुरेंद्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम पिथौरागढ़ में साइकिल रैली निकाली गई। रैली विजडम तिराहा से हनुमान मंदिर के नीचे वाली सड़क से रोडवेज स्टेशन से टकाना रोड होते हुए वापस स्टेडियम में समाप्त हुई। इसमें 37 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि डॉ. निर्मल सिंह बसेड़ा जिला बाल विकास अधिकारी पिथौरागढ़ एवं अनूप बिष्ट जिला क्रीड़ा अधिकारी पिथौरागढ़ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर सतीश कुमार, निखिल महर, चंद्र सिंह धामी, भूपेश बिष्ट, जगत सिंह महरा, गौरव चन्द्र जोशी, ललित प्रसाद कापड़ी, किशन सिंह, राजेंद्र राम, केशर राम, दिनेश सिंह बिष्ट, तनूजा कन्याल आदि रहे।

# मुस्लिम तुष्टिकरण को ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले- ऐसा करके माताओं-बहनों का अपमान कर रहीं कर दीदी

कोलकाता, एजेंसी



बंगाल में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अमित शाह।

गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं-बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं। शाह ने कहा, 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। भाजपा नेता ने दावा किया, जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने आरोप लगाया, मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान गृह मंत्रालय बीएसएफ की तैनाती पर जोर देता रहा, लेकिन तृणमूल सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, ताकि हिंसा जारी रहे। अगर बीएसएफ के जवान तैनात होते तो हिंदुओं की सुरक्षा होती। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद ही आखिरकार बीएसएफ को भेजा गया।

## शाह का बारिश प्रभावित पूर्वोत्तर को हरसंभव मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में गुरुवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए।

# सेना के तीनों अंगों ने किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

मुंबई, एजेंसी

- फोर्स वन और मुंबई पुलिस ने भी लिया हिस्सा, रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी
- गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर किया अभ्यास

गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय सेना के तीनों अंगों ने यहां एक उच्चस्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को सेना प्रशिक्षण क्षेत्र, कोलाबा और फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र मुंबई में आयोजित किया गया और इसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर हुआ।

बयान के मुताबिक, दो दिवसीय व्यापक अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समन्वित भागीदारी देखी गई। बयान में कहा गया, इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना, परिचालन तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिदृश्यों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को जांचना था।

सभी संबंधित सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण किया तथा यह सुनिश्चित किया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कठोरता से पालन किया जाए।

### एक नजर

#### हिमाचल प्रदेश: सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से उसमें सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी के कामंद में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था, उस दौरान ही यह दुर्घटना घटी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया था।

#### सोशल मीडिया पोस्ट के लिए व्यक्ति को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोशल मीडिया मंचों का गलत इस्तेमाल कर शांति भंग करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सालियान-सुरनकोट गांव निवासी एजाज अहमद के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, यह कदम पुलिस की सांप्रदायिक सौहार्द, सार्वजनिक व्यवस्था और सभी नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मुठभेड़ में बब्बर खालसा से जुड़े दो सदस्य गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- आतंकवाद-वसूली माड्यूल का भंडाफोड़, मुठभेड़ में एक घायल

पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस की गोली से एक सदस्य घायल भी हुआ है जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था। फौजी के दो साथियों करजप्रीत सिंह और गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। फौजी ने दोनों को एक पिस्तौल मुहैया कराई और अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया। जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम गुरलाल को पिस्तौल की बरामदगी के लिए ले गई।

## गद्दारों ने तेजस्वी व मेरे बीच फूट डालने की कोशिश की: तेजप्रताप

**पटना।** पार्टी से निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। राजद पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

तेजप्रताप ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में 'जयचंद' जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा।

# नासिक-त्र्यंबकेश्वर में अगले साल 31 अक्टूबर से शुरू होगा सिंहस्थ कुंभ मेला

नासिक/मुंबई, एजेंसी

- नासिक में साधुओं और महंतों ने की बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा

नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को दो प्रमुख तीर्थ नगरी में पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा, जबकि गोदावरी नदी में पहला अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। उन्होंने कहा कि इस भव्य समागम के लिए किए जाने वाले प्रबंध के पैमाने को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को तथा तीसरा और अंतिम 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा। ध्वज को 24 जुलाई 2028 को उतार लिया जाएगा, जो सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा। यह 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है। पिछला सिंहस्थ कुंभ मेला वर्ष 2015-16 में नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आयोजित किया गया था। कुंभ पारंपरिक रूप से नासिक-त्र्यंबकेश्वर, प्रयाग, हरिद्वार और उज्जैन में आयोजित किया जाता है।

# समय से पहले मानसून आने से मई में बिजली खपत चार प्रतिशत घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बारिश ने कूलर और एसी जैसे उपकरणों द्वारा होने वाली बिजली खपत की कम

मई में भारत की बिजली खपत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घटकर 148.71 अरब यूनिट रह गई। इसका मुख्य कारण बेमौसम बारिश और मानसून का समय से पहले आना है।

पिछले साल मई में बिजली की खपत 155.15 अरब यूनिट दर्ज की गई। मानसून के समय से पहले आने और मौसमी बारिश ने मई में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग को भी प्रभावित किया। आईएमडी के अनुसार, मानसून अपने सामान्य समय से आठ दिन पहले यानी 24 मई, 2025 को केरल तट पर पहुंच गया। विशेषज्ञों ने कहा कि बेमौसम बारिश ने मई के दौरान विशेष रूप से कूलर और एयर कंडीशनर (एसी) जैसे उपकरणों द्वारा बिजली की खपत को कम कर दिया है। मई में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति पिछले महीने घटकर लगभग 231 गीगावाट रह गई, जो मई 2024 में लगभग 250 गीगावाट थी। मई, 2024 में एक दिन में सबसे ज्यादा मांग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई। पिछली सर्वकालिक उच्च बिजली मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी।

### बचाव अभियान



त्रिपुरा के अगरतला के बाहरी इलाके में बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव कर्मी नाव के माध्यम से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सहायता करते हुए। एजेंसी

## सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने संसद सत्र बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनजर सैन्य एवं विदेश नीति से संबंधित रणनीति पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की रविवार को मांग की। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि सरकार सभी दलों और पूरे देश को विश्वास में ले तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे।

कांग्रेस महासचिव जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को वह बताना चाहिए था कि जो जनरल चौहान ने सिंगापुर में कहा है। उन्होंने कहा, चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर कुछ महत्वपूर्ण बयान सिंगापुर में दिए हैं। बेहतर होता कि सरकार ने पहले सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को इस बारे में जानकारी दी होती। जनरल चौहान के बयानों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद के दौर में व्यापक रणनीतिक विदेश नीति और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद की तत्काल बैठक बुलाने के मामले को बल मिलता है।

## कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### रिकॉर्ड मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना एलआईसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रहा था।

#### केनरा बैंक का बचत खातों में न्यूनतम शेष पर जुर्माना खत्म

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

# भारत को गति देने के लिए काम कर रही सरकार

## प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और कहा कि उनकी सरकार पिछले दशक में भारत के तेजी से हो रहे बदलाव को और गति देने के लिए काम कर रही है।

कांडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनका संगठन भारत की 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है और इसे एक साहसिक दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। कांडा ने कहा कि 1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत इसका मजबूत साझेदार है।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर, हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का समर्थन करने और इसके 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और पर्यावरण अनुकूल विकास प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

मोदी ने कहा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा को और गति देने के लिए काम कर रहे हैं।

## एडीबी ने भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगले पांच साल में मेट्रो विस्तार सहित भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिबद्धता जताई है। एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, शहर वृद्धि के इंजन हैं। एडीबी पूंजी जुटाएगा, वितरण में तेजी लाएगा और ऐसे समाधान को बढ़ावा देगा, जो भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बढ़ने के लिए लोगों की मदद करेंगे। एडीबी ने बयान में कहा कि परिवर्तन योजना में सॉवरेन ऋण, निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है। इस पहल में शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) अग्रणी है, जिसे एडीबी शहरी बुनियादी ढांचे के लिए निजी निवेश आकर्षित करने के लिए समर्थन दे रहा है। भारत के 100 शहरों में विकास केंद्रों, रचनात्मक शहरी पुनर्विकास और पानी तथा स्वच्छता उन्नयन पर विश्लेषणात्मक कार्य यूसीएफ के लिए आधार तैयार कर रहे हैं। एडीबी ने कहा कि उसने पात्र परियोजनाओं को तैयार करने और राज्यों तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता में 30 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। कांडा ने एडीबी समर्थित दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का दौरा किया और उन महिलाओं से बात की जिनकी आजीविका परियोजना से जुड़े प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर हुई है।

## बीते वित्त वर्ष में विनियमित इकाइयों पर आरबीआई ने 353 जुर्माने लगाए

मुंबई, एजेंसी

- सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है।

ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड, अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश, धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश, सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग, और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे। आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए। इसके अलावा, आरबीआई ने 37 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)/परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों पर कुल 7.29 करोड़ रुपये और 13 आवास वित्त कंपनियों पर 83 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 11.11 करोड़ रुपये और 15 निजी बैंकों पर 14.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

# भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, पर प्रति व्यक्ति आय में काई अच्छा सुधार नहीं : गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व वित्त सचिव ने कहा- प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित

पूर्व वित्त सचिव सुभाषचंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी विकसित और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है। गर्ग ने यह भी कहा कि आईएमएफ के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, आईएमएफ देशों के जीडीपी को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है।

वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा।

## सरकार ने पड़ोसी देशों से एफडीआई मंजूरी तेज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीन सहित पड़ोसी देशों के एफडीआई आवेदनों को मंजूरी देने की प्रक्रियाओं को काफी सुव्यवस्थित किया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं और नियमित रूप से अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मंजूरी तय समयसीमा के भीतर मिले। सरकार ने 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से विदेशी निवेश के लिए पूर्व मंजूरी को अनिवार्य कर दिया था। ये देश हैं चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं। इन देशों से लंबित एफडीआई प्रस्तावों की संख्या काफी कम है।

#### सिंगापुर फिर बना भारत का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत

**नई दिल्ली।** सिंगापुर पिछले सात साल से एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। 2024-25 में सिंगापुर से लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सबसे अधिक विदेशी निवेश मिला है।

# ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई

मुंबई, एजेंसी



- मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहना मुख्य कारण

मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, आरबीआई ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। बैंक ऑफ बड़ोदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी।








**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# बारिश से विलंब से शुरू हुआ मैच पूरे 20 ओवर का होगा मुकाबला

## मुंबई इंडियंस का पहला विकेट गिरा, रोहित शर्मा 8 रन बनाकर लौटे पवेलियन

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में पूरे बीस ओवर डाले जायेंगे जबकि बारिश के कारण खेल सवा दो घंटे विलंब से शुरू होगा। बीसीसीआई ने बताया कि मैच नौ बजकर 45 मिनट पर शुरू होगा और कोई ओवर कम नहीं किया जाएगा। इससे पहले बारिश के कारण खेल की शुरूआत में विलंब हुआ । पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था।

खबर लिखे जाने तक मुंबई इंडियंस ने चार ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए थे। ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा महज आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जॉनी बेयरस्टो और तिलक वर्मा बल्लेबाजी कर रहे हैं।



बारिश बंद होने का इंतजार करते कवर मैन। ● एजेंसी



मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा रन पूरा करते हुए। ● एजेंसी

# तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी गई श्रद्धांजलि

**फिट इंडिया संडे**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। आज सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियां, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा, यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ-फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबाइल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएँगे। आपकी गति 'सात से 34 किमी प्रति घंटे तक और आपकी दूरी दर्ज की जाएगी, और आपके कार्बन क्रेडिट जोड़े जाएंगे।

श्री मांडविया ने इस अवसर पर अभिनेत्री शरवरी को 'यंग फिट इंडिया आइकन' की उपाधि से सम्मानित किया। यंग फिट इंडिया आईकन से सम्मानित किये जाने पर शरवरी ने कहायह अभियान बहुत बड़ा है। साइकिल चलाना मुझे स्कूल की गर्मियों की छुट्टियों की याद दिलाता है



जयपुर : पहली तिब्बती पेशेवर मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर तेनजिन पेमा जयपुर में एक वर्कआउट करती हुईं। ● एजेंसी

**खेल डायरी**

### भाटिया आठ ओवर के कार्ड के बाद 23वें स्थान पर खिसके

**डबलिन :** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद 'मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट' में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गए। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमश: 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गए। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। शेफलर का कुल स्कोर आठ अंडर है। उनके पास दूसरे स्थान पर काबिज बेन ग्रिफिन (65-72-72) पर बढ़त है।

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी

**नई दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।

### गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी

**स्टावेंजर :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।

# गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा : सबा करीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं।

उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।



सबा करीम व शुभमन गिल। ● एजेंसी

### मुकेश के तीन विकेट से भारत ए की मैच में वापसी

**कैंटरबरी :** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाये हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए।

## मेरा लक्ष्य विश्व शीर्ष-50 में पहुंचना है : घोरपड़े

**अहमदाबाद :** भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गईं।

वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है। घोरपड़े ने 'पीटीआई' से कहा जब मैंने अंडर-15 में पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं आठवीं कक्षा में थी और फिर मैंने अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। पिछले साल मैंने घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही।

# रिंकू सिंह की आठ जून को सांसद प्रिया सरोज से होगी सगाई

**जौनपुर, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। तूफानी सरोज ने कहा रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की



मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया। पेशे से अधिवक्ता 26 साल की प्रिया सरोज पहली बार सांसद बनी हैं। 27 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए दो एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है।

आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले रिंकू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। सपा विधायक के करीबियों के अनुसार, शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगी। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए पर्याप्त समय लिया और अब एक नयी शुरुआत के लिए तैयार हैं।



फ्रेंच ओपन में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना इटली की जैस्मीन पाओलिनी को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

# स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी**

एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को यहां 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। यूक्रेन की 13वीं वरीयता स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक या 2022 विंबलडन चैंपियन एलिना रयबाकिना की चुनौती होगी। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए टाई ब्रेकर तक चले इस सेट को अपने नाम किया।

**नोवाक जोकोविच चौथे दौर में पहुंचे :** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला जा रहा था जो पेरिस सेंट जर्मेन के घरेलू स्टेडियम स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है।

### बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस :** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद रविवार को यहां हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब सोमवार को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन

**म्यूनिख, एजेंसी**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया।

पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), खिवचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने



चैंपियंस लीग जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते पीएसजी के खिलाड़ी। ● एजेंसी

एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे। यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे। पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी हवा में उड़ रहे थे।

## फ्रांस में चैंपियंस लीग के जश्न में दो प्रशंसकों की मौत

**पेरिस :** पेरिस सेंट जर्मेन की चैंपियंस लीग फुटबॉल में ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर में जश्न में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया है। फ्रेंच अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

म्युनिख में शनिवार की रात हुए मैच के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी में डैक्स में एक 17 वर्ष के युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। वहीं पेरिस में पीएसजी की जीत के जश्न के दौरान स्कूटर कार से टकराने में एक युवक की मौत हो गई। फ्रांस में आतिशबाजी में एक पटाख एक पुलिस अधिकारी को लगा जिससे वह कोमा में चला गया है। पेरिस में 201 लोग घायल हुए हैं।

